रांची एक्सप्रेस
61 साल से लगातार... । जनपक्षीय पत्रकारिता ।
देसी अंदाज नया मिजाज
# रांची एक्सप्रेस
1963 से लगातार आपकी सेवा में
epaper.theranchiexpress.com | वर्ष-02 | अंक-66 | कोलकाता, शुक्रवार 03 मई 2024, संवत् 2079 | पृष्ठ-12 | मूल्य 3 रु.


# कोविशील्ड से कितना खतरा, क्या डरने की जरूरत है?

**10 लाख लोगों में केवल सात...**

**● इसरो के पूर्व वैज्ञानिक ने कहा इस टीके से भारत में खतरा बेहद कम ● कोविशील्ड का मामला पहुंचा सुप्रीम कोर्ट, जांच के लिए पैनल की मांग**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एक बार फिर कोरोना की चर्चा शुरू है लेकिन वायरस नहीं बल्कि कोविड वैक्सीन की। पहले कोरोना से डर लगता था तो वहीं अब कोरोना वैक्सीन के नाम से अचानक लोगों को डर लगने लगा है। इस डर की शुरुआत हुई ब्रिटिश फार्मा कंपनी एस्ट्राजेनेका के एक खुलासे से। इस खुलासे के बाद कोरोना की वैक्सीन लेने वाले लोगों के मन में कई सवाल पैदा हो गए। वैक्सीन निर्माता ने कोर्ट में माना है कि कोविशील्ड दुर्लभ मामलों में थ्रोम्बोसाइटोपेनिया सिंड्रोम के साथ थ्रोम्बोसिस का कारण बन सकता है। इससे खून के थक्के बन सकते हैं और प्लेटलेट काउंट कम हो जाता है। थ्रोम्बोसाइटोपेनिया के कई गंभीर मामलों में यह स्ट्रोक और हार्ट अटैक का कारण भी बन सकता है। इस खुलासे के बाद भारत में भी इसकी चर्चा शुरू हो गई। एस्ट्राजेनेका का जो फॉर्मूला था उसी से भारत में सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया ने कोविशील्ड वैक्सीन बनाई। भारत में बड़े पैमाने पर ये वैक्सीन लगाई गई है। लोगों के मन में कई सवाल हैं और इन सवालों के बीच भारत में अधिकांश हेल्थ एक्सपर्ट यह मान रहे हैं कि यह केवल दुर्लभ मामलों में ही हो सकता है।

भारत में भी यह मामला सुप्रीम कोर्ट में पहुंच गया है। एक वकील की ओर से सुप्रीम कोर्ट में अर्जी दाखिल की गई है कि वैक्सीन के साइड इफेक्ट की जांच के लिए मेडिकल एक्सपर्ट का पैनल बनाया जाए। वैक्सीन के कारण किसी भी रिस्क फैक्टर का परीक्षण करने का निर्देश दिया जाए और यह सब सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज की




निगरानी में किया जाना चाहिए। हालांकि देखा जाए तो सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया ने साल 2021 में इस टीके से होने वाले साइड इफेक्ट के बारे में अपनी साइट पर जानकारी दी है।

सीरम इंस्टीट्यूट ने अपनी वेबसाइट पर अगस्त 2021 में कोविशील्ड टीका लगाने के बाद होने वाले साइड इफेक्ट की जानकारी दी है। कंपनी की ओर से कहा गया है कि थ्रोम्बोसाइटोपेनिया या प्लेट्सलेट की संख्या कम होने की वजह से ब्लड क्लाटिंग की समस्या हो सकती है। कंपनी ने कहा है कि यह एक लाख में से एक से भी कम लोगों में हो सकती है और कंपनी ने इसे बहुत ही दुर्लभ मामला बताया है।

एस्ट्राजेनेका की कोविशील्ड को भारत में सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया द्वारा बनाया गया था। मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक सीरम इंस्टीट्यूट ने बयान दिया कि भारत में टीटीएस का कोई मामला सामने नहीं आया है। घबराने की बात नहीं है, क्योंकि कोर्ट में ऐसे रेयर साइड इफेक्ट के मामले पहली बार नहीं आए हैं।



न्यूजीलैंड की सरकारी रिपोर्ट के मुताबिक थ्रोम्बोसिस के साथ थ्रोम्बोसाइटोपेनिया सिंड्रोम एस्ट्राजेनेका का रेयर साइड इफेक्ट है। इस मेडिकल टर्म को प्लेटलेट्स कम होने से बनने वाले खून के थक्कों के लिए इस्तेमाल किया जाता है। किसी में रक्त वाहिका के अंदर खून के थक्कों बन सकते हैं जिससे ब्लड सर्कुलेशन प्रभावित होता है।

खून के थक्के कई बार जानलेवा साबित हो सकते हैं। अगर यह दिल, दिमाग और फेफड़ों को जाने वाली रक्त वाहिकाओं में जम जाते हैं तो जान भी जा सकती है। इसकी वजह से हार्ट अटैक, स्ट्रोक और पल्मोनरी एम्बोलिज्म की बीमारी हो सकती है।

न्यूजीलैंड की रिपोर्ट में टीटीएस के संभावित खतरे के बारे में बताया गया है। उसमें लिखा है कि इस बीमारी के पीछे का सटीक खतरा नहीं पता है। लेकिन इसके अधिकतर मामले 60 साल से कम उम्र की महिलाएं और वैक्सीन लगवाने के 4 से 42 दिन के भीतर देखे जाते हैं।

केरल में आईएमए कोविड टास्क फोर्स के सह अध्यक्ष डॉ. राजीव जयदेवन ने मीडिया को बताया कि कोविड वैक्सीन ने कई मौतों को रोकने में मदद की है। कुछ टीकों के बाद ऐसा साइड इफेक्ट होना बेहद दुर्लभ है। मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक उन्होंने बताया कि डब्ल्यूएचओ के मुताबिक एडेनोवायरस वेक्टर वैक्सीन शायद ही कभी ऐसे मामले से जुड़ी हो।

## राजस्थान सरकार सुनिश्चित करे कि प्रदेश में कोई बाल विवाह नहीं हो : उच्च न्यायालय

**जयपुर (एजेंसी)।** राजस्थान में अक्षय तृतीया से पहले उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि राज्य में कोई बाल विवाह नहीं हो। इसके साथ ही अदालत ने कहा कि बाल विवाह होने पर सरपंच और पंच को जिम्मेदार ठहराया जाएगा। बाल विवाह की कई घटनाएं मुख्य रूप से अक्षय तृतीया पर होती हैं। अक्षय तृतीया इस बार 10 मई को है।



उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ ने बाल विवाह को रोकने के लिए हस्तक्षेप की मांग वाली जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए बुधवार को अपने आदेश में कहा कि बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 लागू होने के बावजूद, राज्य में बाल विवाह अब भी हो रहे हैं। अदालत ने कहा कि हालांकि अधिकारियों के प्रयासों के कारण बाल विवाह की संख्या में कमी आई है, लेकिन अब भी बहुत कुछ करने की जरूरत है। याचिकाकर्ताओं के वकील आरपी सिंह ने कहा कि अदालत को एक सूची भी उपलब्ध कराई गई जिसमें बाल विवाह और उनकी निर्धारित तिथियों का विवरण था।

**कलकत्ता हाईकोर्ट बोला-**

## संदेशखाली केस में सीबीआई जांच सही दिशा में, ममता सरकार एजेंसी का सहयोग नहीं कर रही

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में जमीन हड़पने और महिलाओं के खिलाफ अपराध (यौन शोषण) मामले में कलकत्ता हाईकोर्ट में गुरुवार (2 मई) को सुनवाई हुई। कोर्ट ने मामले में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) को भी पार्टी बनाने की



परमिशन दे दी है।

कोर्ट ने यह भी कहा कि सीबीआई ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि उसे पश्चिम बंगाल सरकार के अधिकारियों का जांच में सहयोग नहीं मिल रहा है। मामले में एजेंसी की जांच जारी है। ऐसे में कोर्ट एजेंसी की रिपोर्ट का खुलासा करना नहीं करना चाहेगा। क्योंकि इससे जांच पर असर पड़ सकता है।

सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस टीएस शिवगनम और जस्टिस हिरणमय भट्टाचार्य की बेंच सीबीआई की रिपोर्ट को गोपनीय रखने की अपील भी मान ली। मामले की अगली सुनवाई 13 जून को होगी।

**पीएम मोदी का राहुल गांधी पर बड़ा तंज**

## कांग्रेस मर रही है... लेकिन पाकिस्तान शहजादे को पीएम बनाने को उतावला है

● पाकिस्तान के फवाद चौधरी ने की थी कांग्रेस नेता राहुल गांधी की तारीफ

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर अब तक का सबसे बड़ा तंज कसा है। गुजरात के आणंद में एक रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि शहजादे को पीएम बनाने के लिए पाकिस्तान उतावला है। पीएम मोदी ने कहा कि पीएम मोदी ने कहा कि पाकिस्तानी नेता कांग्रेस के लिए दुआ कर रहे हैं और शहजादे को भारत का प्रधानमंत्री बनाने के लिए पाकिस्तान उतावला है। पीएम मोदी ने यह टिप्पणी पीटीआई प्रमुख इमरान खान के करीबी और पाकिस्तान के पूर्व मंत्री



फवाद चौधरी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर की गई पोस्ट के बाद की। चौधरी ने अपने हैंडल पर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी का समर्थन करते हुए एक वीडियो शेयर किया था, जिसमें राहुल गांधी अयोध्या में हुए रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह का जिक्र कर प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा पर निशाना साध रहे हैं।

### फवाद चौधरी की टिप्पणी से वार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पीटीआई के नेता की पोस्ट का जिक्र करते हुए चुनावी रैली में राहुल गांधी को निशाने पर लिया। उन्होंने रैली को संबोधित करते हुए कहा कि संयोग देखिए, आज भारत में कांग्रेस कमजोर हो रही है। यानी सूक्ष्मदर्शी यंत्र लेकर भी कांग्रेस को ढूंढना मुश्किल हो रहा है, लेकिन मजे की बात ये है कि यहां कांग्रेस मर रही है और वहां पाकिस्तान रो रहा है। पीएम मोदी ने एक बार फिर से दोहराया कि जब तक वे जीवित हैं तब तक धर्म के नाम पर आरक्षण नहीं देने देंगे।

**अखिलेश यादव की राह पर मायावती**

## बसपा उम्मीदवारों की 11वीं सूची में तीन सीटों पर बदल दिए उम्मीदवार



**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के चुनावी मैदान में विपक्ष की राजनीति अलग ही अंदाज में चलती दिख रही है। लोकसभा चुनाव 2024 के मैदान में उतरने वाले उम्मीदवारों को लेकर विपक्षी दलों के बीच ऊहापोह दिख रहा है। यही कारण है कि लगातार उन्हें बदला जा रहा है। उम्मीदवारों के बदलने के मामले में सबसे आगे समाजवादी पार्टी दिख रही है। बदले हुए उम्मीदवार के तौर पर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव भी चुनावी मैदान में उतरे हैं। वही, अब बहुजन समाज पार्टी ने भी सपा की तर्ज पर उम्मीदवारों को बदलना शुरू कर दिया है। पिछले दिनों में कई उम्मीदवारों के नाम में बदलाव किया गया। हालांकि, बसपा उम्मीदवारों की 11वीं सूची में शामिल 6 उम्मीदवारों के घोषित नाम में तीन लोकसभा सीटों पर उम्मीदवार बदले गए। वहीं, दो सीटों पर तीसरी बार उम्मीदवार के नाम का बदलाव किया गया।

### दो सीटों पर तीसरा बदलाव

बहुजन समाज पार्टी की ओर से लगातार उम्मीदवार बदलने का क्रम जारी है। पार्टी की ओर से घोषित की गई उम्मीदवारों की 11वीं सूची में दो सीटों पर तीसरी बार उम्मीदवार घोषित किया है। इसमें आजमगढ़ और संत कबीर नगर लोकसभा सीट शामिल हैं।

## ममता बोलीं- भाजपा परिणामों से छेड़छाड़ कर सकती है

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने फरक्का में रैली के दौरान ममता ने आशंका जताई कि भाजपा नतीजों में हेरफेर कर सकती है, क्योंकि कई ईवीएम गायब थीं। साथ ही उन्होंने लोकसभा चुनाव के शुरुआती दो चरणों की वोटिंग के अंतिम आंकड़े जारी करने में देरी के लिए चुनाव आयोग की आलोचना की। उन्होंने आयोग से पूछा कि आखिर डेटा देने में इतनी देरी क्यों हुई है।



ममता ने मतदान प्रतिशत में बढ़ोतरी पर भी चिंता जताते हुए कहा कि अचानक वृद्धि न सिर्फ परेशान करने वाली है, बल्कि ईवीएम की विश्वसनीयता के बारे में शक पैदा करती है।

## सुप्रीम कोर्ट ने 2जी स्पेक्ट्रम मामले में केंद्र की याचिका स्वीकार करने से किया इनकार

**सुप्रीम कोर्ट रजिस्ट्री का फैसला**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** 2जी स्पेक्ट्रम मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले में संशोधन की केंद्र सरकार की मांग को झटका लगा है। दरअसल सुप्रीम कोर्ट रजिस्ट्री ने केंद्र की याचिका को खारिज कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट रजिस्ट्री ने केंद्र की याचिका को गलत धारणा पर आधारित और स्पष्टीकरण की आड़ में सुप्रीम कोर्ट के फैसले की समीक्षा कराने की कोशिश करार दिया। सुप्रीम कोर्ट ने साल 2012 में दिए अपने एक आदेश में कहा था कि देश के प्राकृतिक संसाधन नीलामी के जरिए ही आवंटित किए जा सकते हैं। इसी फैसले में केंद्र ने संशोधन की मांग की थी।



**रजिस्ट्रार के फैसले के खिलाफ अपील कर सकती है केंद्र सरकार-** सुप्रीम कोर्ट के नियम एक्सवी के नियम पांच के मुताबिक सुप्रीम कोर्ट का रजिस्ट्री विभाग याचिका लेने से इनकार कर सकता है। इस नियम के मुताबिक रजिस्ट्रार कोई उचित कारण न होने, या निंदनीय मामला होने के आधार पर याचिका लेने से इनकार कर सकता है। हालांकि याचिकाकर्ता इस तरह के आदेश के खिलाफ 15 दिनों के भीतर अपील कर सकता है।


**यह है पूरा मामला-** सुप्रीम कोर्ट ने 2 फरवरी 2012 को दिए अपने एक आदेश में 2जी स्पेक्ट्रम के विभिन्न कंपनियों को दिए लाइसेंस निरस्त कर दिए थे, जो ए राजा के बतौर टेलीकॉम मंत्री रहते दिए गए थे। साथ ही कोर्ट ने कहा था कि देश के प्राकृतिक संसाधनों का आवंटन नीलामी के जरिए हो सकता है। अब बीती 22 अप्रैल को अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमानी ने मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और जस्टिस जेबी पारदीवाला की पीठ के समक्ष एक अपील की।

**प्रियंका गांधी बोलीं-**

## मोदी भ्रष्टाचार की सबसे बड़ी स्कीम लाए

### चिरमिरी में कहा- अब कोविड सर्टिफिकेट से पीएम की फोटो गायब हो गई

**कोरबा (एजेंसी)।** कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने प्रधानमंत्री मोदी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि, मोदी जी खुद को बड़ा ईमानदार बताते हैं, लेकिन इस देश में भ्रष्टाचार की सबसे बड़ी



स्कीम लेकर आए। यह स्कीम थी, जो चंदा देगा, उसका नाम गुप्त रहेगा। इसके तहत अपने बड़े-बड़े मित्रों से चंदा लिया। पहले उनके ऊपर छापा मारा, फिर चंदा लेकर जांच बंद कर दी। उन्होंने गुजरात में पुल गिरने की घटना का उदाहरण भी दिया।

प्रियंका गुरुवार को कोरबा लोकसभा के चिरमिरी में जनसभा को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कोविड वैक्सीन 'कोवीशील्ड' को लेकर आई रिपोर्ट का भी जिक्र किया। कहा कि, टीका लगवाकर कुछ लोग मर गए, कुछ बीमार हो गए। पहले सर्टिफिकेट मिलता था, तो उसमें मोदी जी की फोटो होती थी, लेकिन अब लगवाओगे तो नहीं मिलेगी।

मोदी जी की सरकार में गरीबों के साथ अन्याय हुआ, खरबपतियों और उद्योगपतियों के साथ नहीं हुआ।

बड़े-बड़े भ्रष्ट नेताओं को अपने पार्टी में डाल रखा है। जो दूसरी पार्टियों के नेता थे। पहले उन पर दबाव डाला, जांच शुरू की। जब उनकी पार्टी में आ गए तो वह दूध के धुले हो गए।

● **मोदी जी ने देश की संपत्ति को अपने मित्रों को सौंप दिया-** भूपेश बघेल जी ने छत्तीसगढ़िया स्वाभिमान की बात की। उन्होंने इसके लिए काम किया, लेकिन कुछ पार्टियों और भाजपा को ये पसंद नहीं आया। आज जो देश में राजनीति है, वो किसानों, श्रमिकों, गरीबों के विरोधी राजनीति चल रही है। आपकी कई बातें हैं, आपकी दिक्कतें हैं, लेकिन उनकी बातें नहीं हो रही हैं। आपके मंचों पर बड़ी-बड़ी बातें होती हैं, जी-20 की बातें होती हैं, लेकिन आपके संघर्षों की बातें नहीं होती हैं। महिलाओं पर अत्याचार हो रहा है, महिलाएं जलाई जा रही हैं, उनका शोषण हो रहा है, जो कर रहा है, सरकार उसे बचाने में लगी है।

जो पहले जवाबदेही होती थी, इंदिरा जी, राजीव जी अपने संसदीय क्षेत्र में जाते थे, तो लोग डांट देते थे। कहते थे बैठो चाय पिओ, लेकिन वोट तभी मिलेगा जब सड़क बनेगी। प्रधानमंत्री को भी डांट देते थे, लेकिन अब ऐसा नहीं है।

**पीएम ने 'मास रेपिस्ट' के लिए वोट मांगकर महिलाओं का अपमान किया : राहुल गांधी**

## भारत से भागने में आरोपी की मदद की, यही मोदी की गारंटी



**बेंगलुरु (एजेंसी)।** राहुल गांधी ने गुरुवार 2 मई को कर्नाटक के शिवमोगा में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मास रेपिस्ट (कइयों के साथ रेप करने वाला) के लिए वोट मांग रहे हैं। उन्होंने रेपिस्ट को भारत से भागने में मदद की। यही मोदी की गारंटी है। कर्नाटक में भाजपा और जेडीएस के बीच गठबंधन है। जेडीएस सांसद और एचडी देवगौड़ा के पोते प्रज्वल रेवन्ना गौड़ा पर रेप और अश्लील वीडियो बनाने का आरोप है।

राहुल ने ये भी कहा कि जैसे ही हम महालक्ष्मी की बात कर रहे हैं, हिंदुस्तान के प्रधानमंत्री को इरीटेशन हो रहा है, उन्हें चिढ़ मच रही है, क्योंकि उनके अरबपति मित्रों को पैसा नहीं मिल पा रहा।

हमारी सरकार युवाओं को अप्रेंटिसशिप का अधिकार देने जा रही है। युवा निधि में आपको यहां अभी 3 हजार रुपए महीना मिलता है।

हम पहली नौकरी पक्की स्कीम लागू करने जा रहे हैं। एक साल की नौकरी मिलेगी, 8500 रुपए हर महीने अकाउंट में जाएंगे, एक साल में एक लाख रुपए होंगे। हिंदुस्तान के सारे ग्रेजुएट्स को बेस्ट क्वालिटी ट्रेनिंग मिलने वाली है।

उन्होंने (भाजपा सरकार) आपको बेरोजगारी दी, हम आपको अप्रेंटिसशिप का अधिकार और दुनिया की सबसे बेहतरीन ट्रेनिंग देने जा रहे हैं।

### राहुल का अमेठी से चुनाव लड़ना तय, राहुल के नाम से ऑनलाइन नामांकन फॉर्म खरीदा; आज नॉमिनेशन की आखिरी तारीख

अमेठी से राहुल गांधी का चुनाव लड़ना लगभग तय है। सूत्रों के हवाले से खबर है कि राहुल गांधी के नाम से अमेठी से ऑनलाइन नामांकन फॉर्म खरीदा गया है। वह कल नामांकन कर सकते हैं। गुरुवार सुबह को अमेठी पहुंचे सोनिया गांधी के प्रतिनिधि किशोरी लाल शर्मा ने कहा- गांधी परिवार का सदस्य ही चुनाव लड़ेगा। जब उनसे पूछा गया कि क्या राहुल लड़ेंगे? उन्होंने कहा- सारी तैयारियां उनके ही लिए है। किसी दूसरे व्यक्ति के लिए नहीं। गुरुवार को गांधी परिवार के नामांकन का काम देखने वाले वकील केसी कौशिक पहले रायबरेली और फिर अमेठी पहुंचे। ऐसे में कयास यह भी है कि प्रियंका रायबरेली से चुनाव लड़ सकती हैं। यूपी कांग्रेस सोशल मीडिया सेल के को-कोऑर्डिनेटर विकास अग्रहरि ने भी बुधवार रात सोशल मीडिया पर 3 मई को राहुल के नामांकन का पोस्टर पोस्ट किया। अमेठी-रायबरेली सीट पर शुक्रवार 3 बजे तक नामांकन की आखिरी तारीख है। यानी, आज के कुछ घंटे और कल का दिन ही बचा है। लेकिन पार्टी चुप्पी साधे है।

# सारदा मठ की अध्यक्ष प्रव्राजिका आनंदप्राणा माताजी का 97 वर्ष आयु में निधन

**कोलकाता,एजेन्सी।** श्री सारदा मठ और रामकृष्ण सारदा मिशन के पांचवें अध्यक्ष प्रव्रजिका आनंदप्राण का उम्र संबंधी बीमारियों के कारण मंगलवार सुबह 9.54 बजे निधन हो गया। वह 97 वर्ष की थीं। उनकी हालत पिछले दो सप्ताह से धीरे-धीरे बिगड़ रही थी क्योंकि कंजेस्टिव कार्डियक फेल्योर और टाइप II श्वसन विफलता से पीड़ित होने के बाद वह लगातार ऑक्सीजन सपोर्ट पर थीं। पीएम नरेंद्र मोदी ने एक्स पर लिखा, श्री सारदा मठ और रामकृष्ण सारदा मिशन की सबसे सम्मानित अध्यक्ष प्रव्राजिका आनंदप्राण माताजी को समाज के लिए उनकी उल्लेखनीय सेवा और लोगों के बीच आध्यात्मिकता के मूल्यों को विकसित करने के लिए याद किया जाएगा। स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा और नारी शक्ति को सशक्त बनाने में उनके प्रयासों को भी याद किया जाएगा। इस दुख की घड़ी में मेरी संवेदनाएं अनगिनत भक्तों के साथ हैं। शांति। सीएम ममता बनर्जी ने एक्स पर पोस्ट किया- यह जानकर दुख हुआ कि श्री सारदा मठ और रामकृष्ण सारदा मिशन के सबसे सम्मानित अध्यक्ष, प्रव्रजिका आनंदप्राण माताजी ने आज सुबह श्री सारदा मठ, दक्षिणेश्वर में महा समाधि में प्रवेश किया। महान आध्यात्मिक नेता की दिवंगत आत्मा को मेरा प्रणाम। दुनिया भर के लाखों भक्तों के प्रति मेरी संवेदनाएँ।



1927 में बिहार के भागलपुर में जन्मी, साधु के रूप में शामिल होने से पहले उनका नाम चमेली सोम था। रामकृष्ण मठ और रामकृष्ण मिशन के 7वें अध्यक्ष, स्वामी शंकरानंद की शिष्या, वह 1957 में संघ में शामिल हुईं। उन्होंने 1962 में ब्रह्मचर्य प्रतिज्ञा प्राप्त की और 1967 में श्री सारदा मठ के पहले अध्यक्ष प्रव्रजिका भारतीप्राण द्वारा उन्हें एक भिक्षु के रूप में नियुक्त किया गया। 1970 में वह दक्षिणेश्वर स्थित मुख्यालय में रहने के लिए आईं जहां से उन्हें 1978 में अरुणाचल प्रदेश के खोंसा केंद्र में भेज दिया गया।

दर्शनशास्त्र में स्नातकोत्तर की डिग्री पूरी करने के बाद वह 1957 में सिस्टर निवेदिता स्कूल में एक शिक्षिका के रूप में शामिल हुईं। सारदा मठ के मुख्यालय दक्षिणेश्वर में श्रद्धांजलि अर्पित करने आईं प्रोमिला दास (62) ने कहा, मुझे अभी भी याद है कि कैसे चमेली दी ने भूगोल की कक्षाओं के दौरान विषय को आसान बनाने के लिए ब्लैकबोर्ड पर नक्शे बनाए थे। बाद में उन्होंने मुख्यालय से सटे रामकृष्ण सारदा मिशन निवेदिता विद्यापीठ का कार्यभार संभाला। उन्हें अप्रैल 2017 में श्री सारदा मठ के ट्रस्टी और रामकृष्ण सारदा मिशन के शासी निकाय के सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया और अगले वर्ष उपाध्यक्ष चुना गया। अंततः 14 जनवरी, 2023 को उन्हें राष्ट्रपति के रूप में चुना गया। प्रव्राजिका आनंदप्राण के अंतिम दर्शन के लिए मंगलवार को भीषण गर्मी के बावजूद हजारों भक्त सारदा मठ में एकत्र हुए।

## मुलिक स्क्वायर के नीचे ईस्ट-वेस्ट मेट्रो आखिरी क्रॉस-पैसेज के निर्माण का महत्वपूर्ण हिस्सा पूरा किया



**कोलकाता,एजेन्सी।** केएमआरसी ने सुबोध मुलिक स्क्वायर के नीचे ईस्ट-वेस्ट मेट्रो के आखिरी क्रॉस-पैसेज के निर्माण का महत्वपूर्ण हिस्सा पूरा कर लिया है, बिना किसी जमीनी स्तर पर समझौता किए या पिछले सोमवार को खाली कराई गई आठ मंजिला इमारत को कोई संरचनात्मक क्षति पहुंचाए बिना। अधिकारियों ने कहा कि इस दर पर, निरंतर ग्राउटिंग गतिविधि के साथ, संपूर्ण क्रॉस-पैसेज कार्य मई के अंत से पहले खत्म हो जाना चाहिए और एस्प्लेनेड-सियालदह खंड पूरा होने की दिशा में एक कदम आगे बढ़ जाएगा। अस्थायी सहायता की मदद से मुख्य माइक्रो-टनलिंग का काम पूरा हो गया है। एक इंजीनियर ने कहा कि छोटी सुरंग के छल्ले को कंक्रीट करना शुरू हो गया है और तीन सप्ताह के भीतर पूरा होने की संभावना है।

18 अप्रैल को, केएमआरसी ने अधिसूचित किया था, सभी...परिसर संख्या 1ए राजा सुबोध मल्लिक स्क्वायर पर... से अनुरोध किया जाता है कि वे निर्मल के नीचे पूर्व और पश्चिम की ओर जाने वाली सुरंगों को जोड़ने वाले क्रॉस-पैसेज 5बी के भूमिगत निर्माण के दौरान अपने परिसर में न रहें। चंदर स्ट्रीट... सुरक्षा उपाय के रूप में 22 अप्रैल, 2024 की सुबह 10 बजे से 30 अप्रैल, 2024 की सुबह 10 बजे तक। उस दिन पानी का रिसाव देखा गया और चल रहे माइक्रो-टनलिंग कार्य को रोक दिया गया। गणेश चंद्र एवेन्यू पर हिंद आईनॉक्स के तिरछे विपरीत ऊंची ऊंची इमारत, क्रॉस-पैसेज 5बी के निर्माण के लिए आवश्यक माइक्रो-टनलिंग कार्य के प्रभाव क्षेत्र में है। इंजीनियरों ने कहा कि आठ मंजिला इमारत के लिए इसकी नींव अपर्याप्त है। इसलिए, एहतियात. अधिकारियों ने कहा कि ऊंची इमारतों पर रहने वालों को बुधवार को लौटने की अनुमति दी जाएगी। क्रॉस-पैसेज़ भूमिगत मेट्रो लाइनों में 250 मीटर के अंतराल पर बनाई गई छोटी सुरंगें हैं ताकि आग जैसी आपात स्थिति के दौरान यात्रियों को मुख्य सुरंगों में से एक से पार किया जा सके। केएमआरसी को 14 अक्टूबर, 2022 को भूस्खलन के बाद एस्प्लेनेड-सियालदह खंड में मूल रूप से नियोजित आठ क्रॉस-मार्गों में से तीन को रद्द करना पड़ा।

## कोलकाता तापमान 43 डिग्री सेल्सियस भीषण गर्मी की स्थिति अस्पतालों में मरीजों का आना शुरू

**कोलकाता,एजेन्सी।** मंगलवार को जब साल्ट लेक का तापमान 43 डिग्री सेल्सियस था और भीषण गर्मी की स्थिति थी, तब 52 वर्षीय एक निवासी घर पर बेहोश हो गया। पास के एक अस्पताल में ले जाया गया, डॉक्टरों ने उसका निदान किया और कहा कि उसे हीटस्ट्रोक हुआ है। मरीज अब मल्टी-ऑर्गन डिसफंक्शन से जूझ रहा है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ चेतावनी दे रहे हैं कि शहर और इसके आसपास के इलाकों में अब जिस तरह की भीषण गर्मी पड़ रही है, उससे घर के अंदर भी लू लग सकती है। इसे गैर-श्रमिक हीटस्ट्रोक के रूप में वर्गीकृत किया गया है, यह भी उतना ही खतरनाक हो सकता है जितना कि बाहर होने वाला परिश्रमी हीटस्ट्रोक, और जान ले सकता है। यह मरीज घर पर था जब उसे अचानक तापमान में वृद्धि महसूस हुई, सांस लेने में तकलीफ महसूस हुई। उन्हें अर्धबेहोशी की हालत में अस्पताल ले जाया गया। हमने पाया कि उनके शरीर का तापमान 107एस्न तक पहुंच गया था, उनका बीपी खतरनाक रूप से कम था और गंभीर सोडियम पोटेशियम असंतुलन था और उनका लीवर और किडनी भी पहले से ही प्रभावित थे। ये सभी हीटस्ट्रोक के लक्षण हैं, साल्ट लेक अस्पताल के आईसीयू प्रभारी, चिकित्सक और गहन विशेषज्ञ शुभंकर चटर्जी ने कहा। मरीज को कुछ महीने पहले फ्रैक्चर हुआ था और इसलिए वह घर पर ही था। उन्हें अन्य बीमारियां भी हैं जिनमें मधुमेह और मोटापा शामिल है। वर्तमान में, अस्पताल में हीटस्ट्रोक के कम से कम 3 मरीज हैं, जिनमें से केवल एक को आउटडोर में इसका सामना करना पड़ा था। दूसरा मरीज़ जिसे घर पर हीटस्ट्रोक का सामना करना पड़ा, वह 77 वर्षीय दम दम निवासी है जिसकी हालत में सुधार हुआ है। मरीज को 21 अप्रैल को भर्ती कराया गया था जब कोलकाता में अधिकतम तापमान 40.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। इस मरीज को हीटस्ट्रोक का सामना करना पड़ा और बहु-अंग शिथिलता - एन्सेफैलोपैथी, हृदय विफलता के साथ मायोकार्डियल डिसफंक्शन, तीव्र श्वसन विफलता और सदमा था। उसे 107एस्न का बुखार भी था। एसएसकेएम में क्रिटिकल केयर मेडिसिन के प्रोफेसर सुगाता दासगुप्ता, जो साल्ट लेक अस्पताल में विजिटिंग कंसल्टेंट हैं, ने कहा, अब, उन्हें सभी प्रकार की सहायता नहीं मिल रही है, लेकिन पेट की समस्याओं का इलाज जारी है। एक अन्य पीड़ित, 65 वर्षीय व्यक्ति का भी उसी अस्पताल की क्रिटिकल केयर यूनिट में इलाज चल रहा है। हालाँकि, इस पुरुष मरीज को बाहर रहने के दौरान तकलीफ हुई थी। उनकी हालत भी गंभीर है. गैर-प्रयोगात्मक हीटस्ट्रोक पर्यावरणीय गर्मी के उच्च अवशोषण और खराब गर्मी अपव्यय क्षमताओं के कारण होता है, विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों, बच्चों और मोटे और लंबे समय से बीमार लोगों में। इसलिए, घर के अंदर की गर्मी में भी इन लोगों के अनुकूलन तंत्र में यह एक समस्या है, दासगुप्ता ने कहा। विशेषज्ञों ने कहा कि खराब हवादार गर्म कमरे, खासकर ऊपरी मंजिल पर स्थित कमरे, खतरनाक हैं। डॉक्टरों का कहना है कि हाइड्रेटेड रहने, पर्याप्त वेंटिलेशन सुनिश्चित करने से घर पर हीट स्ट्रोक से बचा जा सकता है।

## ग्रामीण फ़िल्टर्ड सीवेज का पानी पीने को मजबूरः भाजपा आसनसोल उम्मीदवार एसएस अहलूवालिया

**कोलकाता,एजेन्सी।** आसनसोल लोकसभा से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार सुरेंद्रजीत सिंह अहलूवालिया ने कहा कि उनके निर्वाचन क्षेत्र में सबसे बड़ी चिंता स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता है क्योंकि गांवों में लोग स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता को लेकर चिंतित हैं। सीवेज का फ़िल्टर्ड पानी पीने को मजबूर । यहां सबसे बड़ा मुद्दा पीने योग्य पानी है । पीएम मोदी ने हर घर नल से जल का आह्वान किया और यूपी के लोगों को इस योजना से लाभ हुआ, लेकिन इसे पश्चिम बंगाल में लागू नहीं किया गया। गांवों में लोग फ़िल्टर्ड सीवेज पीने के लिए मजबूर हैं। अहलूवालिया ने मंगलवार को एएनआई से बात करते हुए कहा, राज्य सरकार ने लोगों को साफ पानी उपलब्ध कराने के लिए कुछ नहीं किया। बीजेपी नेता ने कहा कि पीएम आवास योजना के लिए आवंटित पैसा तृणमूल कांग्रेस के एक परिवार ने ले लिया और जो गरीब हैं उन्हें नहीं मिला. पीएम आवास योजना के लिए आवंटित धन को तृणमूल में एक परिवार के सदस्यों ने ले लिया और उन्होंने एक बड़ा महल बनाया। पीएम मोदी ने हर गरीब को पक्का घर देने का वादा किया था। लेकिन किसी को नहीं मिला। पूछताछ के बाद पता चला कि अहलूवालिया ने कहा, जिन लोगों के पास स्कूटर, मोटरसाइकिल और उचित घर हैं, उन्हें इसका लाभ मिला है। पूर्व केंद्रीय मंत्री अहलूवालिया ने पिछले सप्ताह पश्चिम बंगाल के आसनसोल लोकसभा क्षेत्र के लिए भाजपा उम्मीदवार के रूप में अपना नामांकन दाखिल किया ।

अहलूवालिया का नाम भाजपा द्वारा घोषित दसवीं लोकसभा उम्मीदवारों की सूची में नौ में से एक था।

## पहले दो चरणों में मतदान प्रतिशत में गिरावट से भाजपा डरी हुईः ममता बनर्जी

**कोलकाता,एजेन्सी।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को दावा किया कि लोकसभा चुनाव के पहले दो चरणों में मतदान प्रतिशत में गिरावट ने भाजपा को डरा दिया है, जो उसके नेताओं की शारीरिक भाषा से स्पष्ट है। भाजपा को भारत के चुनाव आयोग से जानकारी मिली कि मतदान प्रतिशत में गिरावट आई है। इसलिए वे डरे हुए हैं। उन्हें एहसास हो रहा है कि प्रधानमंत्री के नाम पर सार्वजनिक अपील अब पहले जैसी नहीं रही। इसलिए उनके स्वर नरम हो गए हैं। काफी हद तक, मुख्यमंत्री ने मंगलवार को मालदा में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा। सीएम बनर्जी ने यह भी दावा किया कि चूंकि भाजपा तृणमूल कांग्रेस के नेतृत्व में पश्चिम बंगाल की प्रगति से ईर्ष्या करती है, इसलिए वह राज्य सरकार के खिलाफ नकारात्मक प्रचार का सहारा ले रही है। मुख्यमंत्री ने इस बात पर भी दुख व्यक्त किया कि उनकी पार्टी के उम्मीदवार मालदा जिले के दो लोकसभा क्षेत्रों में से किसी से भी निर्वाचित नहीं हुए।



हम मालदा जिले से कभी निर्वाचित नहीं हुए। क्या आप इस बार ट्रेंड बदल सकते हैं? क्या आप इस बार भी हमें निराश करेंगे, मुख्यमंत्री ने सभा से पूछा।

उन्होंने यह भी दावा किया कि भाजपा के चुने हुए जन प्रतिनिधि चुनाव खत्म होने के बाद पांच साल तक लोगों के साथ खड़े नहीं होते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा, इसलिए बदलाव का और दिल्ली से भाजपा को सत्ता से उखाड़ फेंकने का समय आ गया है।

## मिस्टेकन मुकुल स्मारक कार्यक्रम में सोनार केला कलाकारों के कई सदस्यों के साथ शामिल

**कोलकाता,एजेन्सी।** सत्यजीत रे की सोनार केला में मुकुल की जगह गलती से अगवा किए गए लड़के की भूमिका निभाने वाले शांतनु बागची आज महान की जयंती के लिए एक स्मारक कार्यक्रम में सोनार केला कलाकारों के कई सदस्यों के साथ शामिल होंगे। इसका आयोजन रे सोसायटी द्वारा नंदन में किया जाएगा। यह सोनार केला की रिलीज़ का 50वां वर्ष है। हम फिल्म के कलाकारों के साथ एक शाम का आयोजन कर रहे हैं। शांतनु के अलावा, हमारे पास शाम के अड्डे पर सिद्धार्थ चटर्जी, कुशल चक्रवर्ती और अशोक मुखोपाध्याय होंगे, जिसके बाद नंदन में सोनार केला का पुनर्स्थापित संस्करण प्रदर्शित किया जाएगा, संदीप रे ने कहा। यह पहली बार है कि बागची, जिन्होंने हिंदी फिल्म, मिशन मजनू का निर्देशन किया है, और सोनार केला के अपने गलती-गलती संवाद के लिए प्रसिद्ध हैं, कोलकाता में एक रे कार्यक्रम में भाग लेंगे। उनका उत्साह स्पष्ट है- मुझे माणिक काकू (सत्यजीत रे) की याद आती है और मैं उनके कार्यों में उन्हें खोजने की कोशिश करता हूं। बाबू दा



(संदीप रे) रे के कार्यों को अगली पीढ़ी तक ले जाने के लिए बहुत खुले हैं। इस तरह का कार्यक्रम अगली पीढ़ी को किताब लेने और उसे पढ़ने के लिए प्रेरित करेगा। इतने सालों के बाद सोनार केला के कलाकारों से मिलना रोमांचक होगा।

50 साल पीछे जाते हुए, बागची को याद है कि पाठा भवन के साढ़े चार साल के छात्र के रूप में, वह पहले से ही रे के गोपी गाइन बाघा बाइन के शौकीन प्रशंसक थे। मुझे गूपी और बाघा के ताली बजाने और एक नई जगह पर उतरने का विचार बहुत पसंद आया। मुझे आश्चर्य हुआ कि क्या मैं भी स्कूल में किसी दोस्त के साथ ताली बजा सकता हूँ और घर पहुँच सकता हूँ, उन्होंने कहा। रे के साथ पहली मुलाकात में, युवा बागची ने स्वेच्छा से फिल्म के कुछ हिस्सों का अभिनय करने की पेशकश की थी। लगभग नौ महीने बाद, उन्हें सोनार केला में कास्ट किया गया। शूटिंग मुख्य रूप से इंद्रपुरी स्टूडियो में हुई। बागची को याद आया कि रे ने उनसे कहा था कि उन्हें दो पन्नों के संवाद सीखने के बारे में चिंता करने की ज़रूरत नहीं है क्योंकि वह भागों को छोटे-छोटे हिस्सों में बाँट देंगे। लेकिन बागची ने तुरंत कहा था कि दो-पेजर बिल्कुल भी चिंता का विषय नहीं है। मैंने उनसे कहा, मेरे स्कूल के शिक्षक मेरी दृष्टि के अनुरूप हैं। यदि आप उनसे छाया क्षेत्र में आगे बढ़ने का अनुरोध कर सकते हैं, तो मुझे पंक्तियाँ कहने में कोई समस्या नहीं होगी। टेक के दौरान, हर कोई वापस चला गया था और यह एक बार के लिए ठीक था। उन्होंने शूटिंग के बाद मेरी सराहना की... उन्होंने कहा।

आज के कार्यक्रम का हिस्सा बनने वाले अन्य लोगों में थिएटर व्यक्तित्व अशोक मुखोपाध्याय शामिल हैं, जिन्होंने सोनार केला में एक पत्रकार की भूमिका निभाई थी। उस समय, मेरे पास घर पर लैंडलाइन नहीं था। माणिक दा द्वारा मुझे दो नाटकों में देखने के लगभग चार महीने बाद, उन्होंने मेरे पड़ोसी के नंबर पर फोन किया और अगले दिन उनसे मिलने के लिए कहा। उन्होंने मुझे पत्रकार की भूमिका की पेशकश करते हुए कहा कि मैं नाटकों में बड़ी भूमिकाएं निभाने का आदी हूं, लेकिन वह मुझे छोटी भूमिका की पेशकश कर रहे थे। मैं उनके द्वारा चुने जाने से बहुत ज्यादा खुश था। माणिक दा ने बैठक में मेरा रेखाचित्र बनाया,

## उच्च न्यायालय ने सुवेंदु अधिकारी के भाई कृष्णेंदु को नोटिस रद्द करने के एकल पीठ के आदेश को रद्द किया

**कोलकाता,एजेन्सी।** उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ ने एकल पीठ के उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें एक मामले के संबंध में गवाह के रूप में पेश होने के लिए भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी के भाई कृष्णेंदु अधिकारी को पुलिस द्वारा दिए गए नोटिस को रद्द कर दिया गया था।

मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवगणनम की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने अधिकारी की याचिका को उच्च न्यायालय की दूसरी एकल पीठ के समक्ष बहाल करने का आदेश दिया।

न्यायमूर्ति अभिजीत गंगोपाध्याय की एकल पीठ ने नवंबर, 2023 में पूर्व मेदिनीपुर जिले में एक स्ट्रीट लाइटिंग परियोजना के लिए अधिक खर्च का आरोप लगाने वाली पुलिस शिकायत के संबंध में अधिकारी को पुलिस द्वारा दिए गए नोटिस को रद्द कर दिया था।

रद्द करने के आदेश को चुनौती देने वाली पश्चिम बंगाल सरकार की अपील पर खंडपीठ ने सोमवार को एकल पीठ के आदेश को रद्द कर दिया।खंडपीठ ने नई एकल पीठ के समक्ष अधिकारी की याचिका का निपटारा होने तक उक्त नोटिस पर आगे की सभी कार्यवाही पर भी रोक लगा दी, जो इस पर नए सिरे से सुनवाई करेगी।

खंडपीठ, जिसमें न्यायमूर्ति हिरण्मय भट्टाचार्य भी शामिल थे, ने राज्य को तीन सप्ताह के भीतर विरोध में अपना हलफनामा दायर करने का निर्देश दिया और याचिकाकर्ता द्वारा राज्य के हलफनामे की एक प्रति प्राप्त होने के दो सप्ताह के भीतर जवाब दिया गया।

इसने रजिस्ट्री को 10 जून से शुरू होने वाले सप्ताह में मामले को एकल पीठ के समक्ष सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया।

अपील को आगे बढ़ाते हुए, राज्य ने दावा किया कि उसके पास एकल पीठ के समक्ष अपनी दलीलें रखने का पर्याप्त अवसर नहीं था और उसने पूर्व मेदिनीपुर जिले के एगरा के उप-विभागीय पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) पर 5 लाख रुपये का जुर्माना लगाने को भी चुनौती दी। .

खंडपीठ ने कहा कि इस मामले में राज्य को एकल पीठ द्वारा हलफनामे के रूप में अपनी आपत्तियां रखने का अवसर दिया जाना चाहिए था।

खंडपीठ ने यह भी कहा कि 5 लाख रुपये का जुर्माना लगाना अनावश्यक था।

इसने निर्देश दिया कि पार्टियों द्वारा हलफनामा दाखिल करने के बाद नई एकल पीठ द्वारा याचिका पर नए सिरे से सुनवाई की जाए।

न्यायमूर्ति गंगोपाध्याय ने सीआरपीसी की धारा 160 (एक पुलिस अधिकारी को गवाह की उपस्थिति की आवश्यकता होती है) के तहत पुलिस द्वारा अधिकारी को दिए गए नोटिस को रद्द कर दिया था और एगरा के एसडीपीओ पर 5 लाख रुपये का जुर्माना लगाया था, यह मानते हुए कि इसका उद्देश्य उन्हें परेशान करना था।

## पश्चिम बंगाल राज्य सचिवालय, राजभवन, भारतीय संग्रहालय को धमकी भरे ईमेल मिला

**कोलकाता,एजेन्सी।** पश्चिम बंगाल राज्य सचिवालय, राजभवन और भारतीय संग्रहालय को मंगलवार को विस्फोटकों का उपयोग करके इमारतों को उड़ाने की धमकी वाले ईमेल मिले, राज्य गृह विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा। कोलकाता पुलिस के डिटेक्टिव डिपार्टमेंट ने मामले की जांच शुरू कर दी है. ईमेल उन लोगों द्वारा भेजा गया था जिन्होंने खुद को कथित आतंकवादी संगठन टेरराइजर्स 111 से संबंधित बताया था। ईमेल में कहा गया है, नमस्कार, हम टेरराइजर्स 111 नामक एक आतंकवादी समूह हैं। हमें आपको सूचित करना चाहिए कि हमने आपकी इमारत के अंदर कई विस्फोटक उपकरण रखे हैं...। शहर के हवाईअड्डे पर दो बार इसी तरह का संदेश भेजे जाने के एक सप्ताह से भी कम समय में मंगलवार को धमकी भरा ईमेल प्राप्त हुआ। बाद में एयरपोर्ट को भेजे गए दोनों ईमेल फर्जी निकले। राज्य सचिवालय, राजभवन और भारतीय संग्रहालय में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। अधिकारी के मुताबिक, यह मेल अन्य राज्य सरकारों के वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों और संसद में काम करने वाले लोगों को भी भेजा गया था। अधिकारी ने कहा, हमने सुरक्षा बढ़ा दी है और जांच शुरू कर दी गई है। लेकिन पहले की तरह यह मेल भी फर्जी लगता है। उन्होंने कहा कि वे केंद्र सरकार के साथ-साथ अन्य राज्यों के पुलिस विभागों के भी संपर्क में हैं।

## मेगा पेयजल परियोजना के कार्यान्वयन के लिए जेयू के तकनीकी विशेषज्ञों को नियुक्त किया

**सिलीगुड़ी/कोलकाता,एजेन्सी।** सिलीगुड़ी नगर निगम (एसएमसी) ने अपनी मेगा पेयजल परियोजना के कार्यान्वयन के लिए जादवपुर विश्वविद्यालय के तकनीकी विशेषज्ञों को शामिल किया है और समन्वय के लिए एक टास्क फोर्स का गठन किया है।

हमने जादवपुर विश्वविद्यालय के जल संसाधन विभाग के विशेषज्ञों को शामिल किया है। वे हमें आगामी पेयजल परियोजना के कार्यान्वयन के संबंध में तकनीकी सहायता प्रदान करेंगे। एक टास्क फोर्स का भी गठन किया गया है जो नियमित अपडेट रखते हुए और परियोजना की लगातार निगरानी करते हुए संबंधित विशेषज्ञों और एजेंसियों और इंजीनियरों के साथ संपर्क करेगा,




महापौर गौतम देब ने मंगलवार को कहा।

एसएमसी, जो 47 वार्डों के साथ उत्तर बंगाल में सबसे बड़ा नागरिक निकाय है, केंद्र सरकार की अमृत 2.0 योजना के तहत ?511 करोड़ की पेयजल परियोजना लागू कर रही है।

योजना के पहले चरण की टेंडर प्रक्रिया, जिस पर 211 करोड़ रुपये खर्च होंगे, हो चुकी है और सर्वेक्षण जारी है।

योजना के अनुसार, गाजोलडोबा में तीस्ता से पानी निकाला जाएगा, जो यहां से लगभग 25 किमी दूर है, और शहर के दक्षिणी बाहरी इलाके फुलबारी में जल उपचार संयंत्र में भेजा जाएगा।

एसएमसी ने उन स्थानों की पहचान की है जहां विभिन्न वार्डों में पानी का दबाव बनाए रखने के लिए पांच पंपिंग स्टेशन बनाए जाएंगे।

देब ने कहा, प्रत्येक पंपिंग स्टेशन पर ?90 लाख की राशि खर्च की जाएगी।

बैठक में, एसएमसी में विपक्ष के नेता और भाजपा पार्षद अमित जैन और वाम पार्षद सरदिंदु चक्रवर्ती ने कहा कि पिछले कुछ दिनों में अधिकांश वार्डों में पीने के पानी की आपूर्ति अनियमित हो गई है।

तापमान हर दिन 36 डिग्री सेल्सियस को पार कर रहा है और इसलिए, लोगों को अधिक पानी की आवश्यकता है। ऐसे समय में, पानी की आपूर्ति अनियमित हो गई है और लोगों को असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है, जैन ने कहा।

एसएमसी के जल आपूर्ति विभाग के सूत्रों ने कहा कि फुलबारी में जल उपचार संयंत्र में सेवन कुएं में गाद के कारण आपूर्ति प्रभावित हुई है।

एक सूत्र ने कहा, हम जमा गाद साफ कर रहे हैं और उम्मीद है कि कल (बुधवार) तक आपूर्ति सामान्य हो जाएगी।

मेयर-इन-काउंसिल (जल) के सदस्य दुलाल दत्ता ने कहा कि मौजूदा उपचार संयंत्र सिलीगुड़ी की नियमित मांग को पूरा नहीं कर सकता है।

फिलहाल, शहर में लगभग 100 एमएलडी (प्रति दिन मिलियन लीटर) पानी की आवश्यकता है, लेकिन मौजूदा बुनियादी ढांचे के साथ, हम अधिकतम 50 एमएलडी पानी की आपूर्ति कर सकते हैं। कमी को पूरा करने के लिए, हम लोगों को पीने का पानी उपलब्ध कराने के लिए विभिन्न वार्डों में टैंकर भेज रहे हैं, दत्ता ने कहा।

## समस्तीपुर में 10 घरों में लगी आग,घर से भागकर लोगों ने बचाई जान,मशक्कत के बाद दमकल की टीम ने पाया काबू

**समस्तीपुर, एजेंसी।** समस्तीपुर के वारिसनगर थाने मनियारनपुर गांव में बुधवार रात आग लगने से गांव के 10 लोगों का घर जल कर राख हो गया। लोगों ने घर से भागकर अपनी जान बचाई। आग की लपटें काफी दूर तक देखी गई। इस घटना में लाखों की संपत्ति जल गई। बाद में घटना की सूचना पर पहुंची अग्निशमन की टीम ने आग पर काबू पाया। पीड़ित परिवारों में रामभरोश राय, उत्तम राय, उपेंद्र राय, विदेश राय आदि का घर शामिल हैं।

बुधवार रात राम भरोश राय के यहां खाना बन रहा था। इसी दौरान उठी चिंगारी के कारण आग भड़क उठी। देखते ही देखते आसपास के घरों में भी आग लग गई। आग की लपटों को दूर तक लोगों ने देखा। इस घटना में घर के अंदर रखा अनाज, कपड़ा नकदी आदि सभी जलकर नष्ट हो गए। अगलगी की घटना के बाद स्थानीय लोगों ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया। लेकिन लोगों को सफलता नहीं मिली। लोगों ने दमकल टीम को सूचना दी। बाद में वारिसनगर थाने से दमकल टीम मौके पर पहुंची तब जाकर आग पर काबू पाया जा सका। सूचना पर स्थानीय थाने की पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस पदाधिकारी बचाव व राहत कार्य में सहयोग प्रदान किया। वारिसनगर थानाध्यक्ष ने बताया कि खाना बनाने के दौरान उड़ी चिंगारी के कारण आग लगने की बात बताई है। आग पर काबू पा लिया गया है। इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नही है।

# हर्ष फायरिंग मामले में 6 अरेस्ट, पुलिस ने दौड़कर पकड़ा



### एक देसी कट्टा, दो रायफल और 6 कारतूस बरामद

**गया, एजेंसी।** गया के नीमचक बथानी थाना इलाके में बीते दिनों एक शादी समारोह में ताबड़तोड़ कई राउंड हर्ष फायरिंग करने वाले 6 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए लोगों के पास से एक देसी कट्टा, दो राइफल और छह कारतूस बरामद किए गए हैं। हर्ष फायरिंग करने वालों ने पुलिस के समक्ष अपना अपराध कबूल किया है। खास बात यह भी कि पकड़े गए 6 लोगों में से एक राजू खान के खिलाफ नीमचक बथानी थाना में 15 केस दर्ज हैं। अन्य पांच का आपराधिक इतिहास जानने के लिए नीमचक थाने की पुलिस जुटी हुई है।

इस बात की जानकारी नीमचक बथानी एसडीपीओ प्रकाश कुमार ने दी है। एसडीपीओ ने बताया कि बीते दिनों नीमचक बथानी थानाध्यक्ष जितेंद्र कुमार को हर्ष फायरिंग का वीडियो किसी ने भेजा था। वीडियो में ताबड़तोड़ कई राउंड हर्ष फायरिंग किए जाने की घटना स्पष्ट दिख रही थी। इस पर नीमचक बथानी पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू की तो पता चला कि हर्ष फायरिंग करने वाले लोग नटेसर गांव में शरण लिए हुए हैं।

### पुलिस ने दौड़कर पकड़ा

इस पर पुलिस नटेसर गांव पहुंची तो उसे पता चला कि हर्ष फायरिंग करने वाले सभी लोग दिलशाद नाम के एक व्यक्ति के घर पर छिपे हैं। पुलिस ने दिलशाद के घर की घेराबंदी कर छापेमारी की तो कुछ लोग घर से निकल कर भागने लगे लेकिन पुलिस के जवानों ने उन्हें दौड़ कर पकड़ लिया। पकड़े जाने वालों में दिलशाद, परवेज आलम, नॉलेज, अब्दुल्ला,राजू खान, और आकिब शामिल है। इनके पास से एक देसी कट्टा और तीन कारतूस बरामद हुए। पकड़े गए लोगों से पुलिस ने पूछताछ की तो उनकी निशानदेही पर एक घर से 3.15 बोर की दो राइफल बरामद की गई। साथ में तीन कारतूस भी। सभी आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर नीमचक थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

## संक्षिप्त समाचार

### मुकेश सहनी ने अपने विवादित बयान पर पीएम से मांगी माफी



**पटना, एजेंसी।** विकासशील इंसान पार्टी के नेता और बिहार के पूर्व मंत्री मुकेश सहनी आज पटना एयरपोर्ट पर मीडिया से चर्चा के दौरान कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को लेकर मैंने कोई विवादास्पद बयान नहीं दिया था, लेकिन फिर भी अगर किसी को उस बयान से दुख पहुंचा हो, तो मैं खेद प्रकट करता हूं. उन्होंने कहा कि मेरे बयान को तोड़मरोड़ कर पेश कर दिया गया. उन्होंने कहा कि मेरा कहना साफ है कि बीजेपी पिछले करीब 17 साल सत्ता में रही, अगर उसकी नीयत मंडल कमीशन के 40 सिफारिशों को लागू करने की होती तो कर देती. मुकेश सहनी ने सुरक्षा वापस लेने पर भी भड़कते हुए कहा कि बयान देने के कुछ ही समय के बाद उनकी सुरक्षा वापस ले ली गई. उन्होंने कहा कि सुरक्षा देना या वापस लेने की एक प्रक्रिया होती है, लेकिन जिन्हें संविधान की परवाह नहीं वह सभी संस्थाओं को जेब में रख चुके हैं. इसी की लड़ाई हमलोग लड़ रहे हैं. उन्होंने साफ लहजे में कहा कि मैं निषादों के लिए पिछले कई वर्षो से संघर्ष कर रहा हूं और आगे भी करता रहूंगा. अपने हक, अधिकार की लड़ाई लड़ना गुनाह है, तो फांसी पर लटका दीजिए. मरवा दीजिए. सन ऑफ मल्लाह के नाम से चर्चित मुकेश सहनी ने कहा कि बीजेपी नवंबर में निषाद आरक्षण की बात की थी, लेकिन नीतीश कुमार के एनडीए में आने के बाद वह पीछे हट गई. उन्होंने साफ लहजे में कहा कि मैं गुलाम बनकर नहीं रह सकता, शुरू से संघर्ष करता रहा हूं, आगे भी करता रहूंगा. उनकी अभी सरकार है फांसी दे दे, लेकिन संघर्ष का रास्ता नहीं छोड़ूंगा.

### शराब की जगह घर में मिला देसी कट्टा, युवक गिरफ्तार

**लखीसराय, एजेंसी।** लखीसराय के सूर्यगढ़ा थाना क्षेत्र में अलीनगर गांव से पुलिस ने तूफानी सहनी के घर में छापेमारी कर एक देसी कट्टा और 315 बोर की दो जिंदा कारतूस को बरामद किया है। इसके साथ ही तूफानी सहनी के बेटे लक्ष्मण सहनी को गिरफ्तार किया है। दरअसल पुलिस को सूचना मिली थी कि लक्ष्मण सहनी शराब का अवैध कारोबार कर रहे है। सूचना के बाद घर में सत्यापन के लिए जब पुलिस पहुंची तो शराब की जगह लक्ष्मण सहनी के कमरे से तकिया के नीचे रखा एक देसी कट्टा और दो जिंदा कारतूस बरामद किया। इसके बाद उसे जब्त कर लक्ष्मण सहनी को गिरफ्तार कर लिया गया। मामले को लेकर अपर थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने कहा कि सूर्यगढ़ा थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। इधर आरोपी और उनके परिजनों का कहना है कि हथियार उनके घर कैसे आया इसकी जानकारी उन्हें नहीं है। बिस्तर झाड़ कर सोए थे उस समय तक कोई हथियार नहीं था। घटना की रात घर का दरवाजा खुला था। इधर सूर्यगढ़ा थानांध्यक्ष भगवान राम ने बताया कि आरोपी का आपराधिक इतिहास रहा है। वह पहले भी शराब का कारोबार करने और बाइक चोरी में जेल जा चुका है।

### आरपीएफ ने तीन मोबाइल झपटमार को दबोचा, मोबाइल बरामद

**भागलपुर, एजेंसी।** आरपीएफ की टीम ने भागलपुर स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 4-5 से 3 मोबाइल झपटमार को दबोचने में मंगलवार की शाम सफलता पाई है। बदमाशों के पास से तीन मोबाइल फोन भी बरामद किया गया है। उनकी पहचान बांका जिले के बाराहाट थाना क्षेत्र के बढ़ौना गांव निवासी किशोर दास, बांका जिले के अमरपुर थाना क्षेत्र के कामदेवपुर निवासी बंटी सिंह और तातारपुर थाना क्षेत्र के रामसर चौक निवासी संजय कुमार सिंह के रूप में हुई है। आरपीएफ इंस्पेक्टर रणधीर कुमार ने बताया कि उनकी और इंस्पेक्टर शिव शंकर सिंह की निगरानी में एसआई संतोष कुमार, शरद कुमार सुमन, पार्थ मिश्रा, एचसी उत्तम सरकार, सिटी राजकुमार, अमीश कुमार की टीम ने शाम को विशेष ड्राइव चलाया था। टीम जब प्लेटफार्म नंबर 4-5 पर पहुंची तो तीन लोग पुलिस को देखते ही भागने लगे। वे लोग रेलवे ट्रैक पर कूद कर भागने के प्रयास में थे, लेकिन दूसरी ओर से आरपीएफ की टीम ने उन तीनों को दबोचने में सफलता पाई। तीनों ने पकड़े जाने के बाद पहले पुलिस टीम को बरगलाना चाहा, लेकिन उनके पास बरामद मोबाइल के बारे में जब पूछताछ हुई तो वह लोग गोल मटोल जवाब देने लगे।

## गया में 26 अप्रैल को मिली थी सिर कटी लाश, पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार किया

# नाबालिग ने दो प्रेमियों पर बनाया शादी का दबाव, हत्या

**गया, एजेंसी।** गया में 26 अप्रैल की सुबह एक नाबालिग लड़की की सिर कटी लाश बरामद हुई थी। इस मामले में पुलिस ने खुलासा किया है। नाबालिग की मौत ट्रेन से कट कर नहीं हुई थी, बल्कि उसकी हत्या की गई है। पुलिस ने इस मामले में दो युवकों को गिरफ्तार किया है। शव गया के फतेहपुर थाना क्षेत्र के मिश्रीचक के सामने रेलवे ट्रैक से मिला था। 25 अप्रैल की रात उसकी हत्या गला दबाकर की गई थी। फिर उसे रेलवे ट्रैक पर लाकर रख दिया गया था। हत्या की वजह नाबालिग का गर्भवती होना बताया गया है। नाबालिग टनकुप्पा प्रखण्ड के महा बिगहा की रहने वाली थी।

### दो युवकों के साथ चल रहा था प्रेम-प्रसंग

गांव के ही दो युवकों से उसका एक साथ प्रेम-प्रसंग चल रहा था। शादी के लिए 25 अप्रैल की रात दोनों युवकों पर नाबालिग ने खुद के गर्भवती होने का हवाला देते हुए दबाव बनाया था। इसके बाद दोनों युवकों ने मिल कर उसी रात उसकी हत्या कर दी।

### दोनों आरोपी प्रेमी गिरफ्तार

हत्या गला दबाकर गांव के बधार में की गई। फिर शव को कंधे पर रखकर दोनों युवकों ने डेढ़ किलोमीटर दूर मिश्रीचक रेलवे ट्रैक पर रख दिया और अपने गांव महा बिगहा लौट गए। 26 अप्रैल की अहले सुबह दोनों युवक सबसे पहले मिश्रीचक गए और नाबालिग का सिर कटी लाश देखने के बाद वापस चुपचाप गांव लौट गए। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल किया है। इस बात की जानकारी वजीरगंज एसडीपीओ सुनील कुमार पांडेय ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी है।



### पिता ने दर्ज कराई थी एफआईआर

संबंधित मामले में नाबालिग के पिता ने घटना के 4 दिन बाद फतेहपुर थाना में हत्या की एफआईआर दर्ज कराई थी। वजीरगंज एसडीपीओ सुनील कुमार पांडेय ने बताया कि 26 अप्रैल की सुबह मिश्रीचक के पास रेलवे ट्रैक से 15 साल की नाबालिग प्रतिमा की सिर कटी लाश फतेहपुर पुलिस ने बरामद की थी। घटना के शुरुआती दौर में नाबालिग की शिनाख्त नहीं हो सकी थी।

लेकिन, कुछ देर बाद मृतका की पहचान हो गई। वह महा बिगहा की रहने वाली थी। शव का पोस्टमॉर्टम कराने के बाद डेड बॉडी मृतका के परिजनों को सौंप दिया गया था।

### लवर के नाम पर था मोबाइल

मृतका के पिता रामाशीष यादव कोलकाता में थे। बाद में उनके आवेदन के आधार पर पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर जांच शुरू की थी। हत्या का खुलासा नाबालिग के घर से बरामद एक मोबाइल फोन से हुआ। जांच के दौरान नाबालिग का मोबाइल उसके घर से बरामद हुआ था। मोबाइल की जांच कराई गई तो एक आरोपी ( लवर ) विमलेश कुमार के नाम से निकला। यही नहीं उसमें कई मैसेज और चैट भी मिले। साथ ही दो युवकों से बातचीत की भी डिटेल मिली। इस पर पुलिस ने विमलेश को हिरासत में ले लिया।

### मां घर से बाहर गई थी

उससे पूछताछ की गई तो उसने बताया कि वह और गांव का ही दीपक नाबालिग प्रतिमा से प्रेम करते थे। 25 अप्रैल को उसके घर में कोई नहीं था। उसकी मां किसी रिश्तेदार के यहां चली गई थी। वह घर पर अपनी एक बहन और एक छोटे भाई के साथ थी। रात को वह हमलोगों से मिलने के लिए आई थी।

### सुसाइड करने की दी थी धमकी

मिलने के दौरान प्रतिमा ने कहा कि वह गर्भवती हो गई है। लिहाजा अब तुम दोनों हमसे शादी कर लो, नहीं तो आत्महत्या कर लूंगी। यह बात सुनते ही दोनों डर गए। इस पर हम दोनों उसे बहला फुसला कर गांव के बधार में ले गए। वहां गला दबा कर उसकी हत्या कर दी। हत्या करने बाद उसके शव को मिश्रीचक स्थित रेलवे ट्रैक पर रख कर गांव आ गए। ताकि यह मामला आत्महत्या का साबित हो सके। वजीरगंज एसडीपीओ ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ हत्या से जुड़े तकनीकी साक्ष्य पर्याप्त हैं।

## शादी में आर्केस्ट्रा के दौरान खून-खराबा, युवक को बुरी तरह पीटा; चाकू से गोदकर हत्या

**सीवान, एजेंसी।** बिहार के सीवान जिले में शादी समारोह में आर्केस्ट्रा पर उपजा विवाद खूनी जंग में बदल गया। बारात में आए एक युवक की पहले बुरी तरह से पिटाई की गई। इसके बाद चाकू से गोदकर उसकी बेरहमी से हत्या कर दी गई। वारदात पचरुखी थाना इलाके के मखनूपुर गांव की है। पुलिस ने सुबह युवक का शव बगीचे से बरामद किया है। कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। जानकारी के मुताबिक मखनूपुर गांव स्थित में एक बगीचे से पुलिस ने एक युवक का शव बरामद किया।

पुलिस को संदेह है कि युवक के साथ पहले बर्बरता से मारपीट की गई और फिर चाकू से वारकर उसकी हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान पचरुखी थाना इलाके के शादीपुर गांव निवासी शर्मानंद यादव के बेटे करण कुमार के रूप में हुई है। चर्चा है कि मखनुपूर गांव में बुधवार रात एक शादी थी। इस दौरान आर्केस्ट्रा का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। करण



भी इस शादी समारोह में शामिल होने बाराती बनकर आया था। आर्केस्ट्रा में कुछ लोगों से उसका विवाद हो गया। भीड़ ने पहले उसकी पिटाई कर दी और कई बार चाकू से वारकर उसे मौत के घाट उतार दिया। बाद में उसका शव एक बगीचे में फेंक दिया गया। पुलिस ने संदेह के आधार पर कुछ लोगों को हिरासत में लिया है। उनसे पूछताछ जारी है। अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। पुलिस जांच के बाद ही मामले का खुलासा हो पाएगा।

### पांच सौ रुपये के साथ पकड़े गए खगड़िया के जनसेवक 42 साल बाद रिहा

**भागलपुर, एजेंसी।** पांच सौ रुपये के साथ पकड़े गए थे। निगरानी की टीम ने दबोचा था। 42 साल केस चला। फिर हो गए रिहा। खगड़िया जिले के बछौता ग्राम पंचायत के जनसेवक महेंद्र कुमार मंडल को उक्त कांड में मंगलवार को निगरानी की विशेष अदालत ने रिहा कर दिया। निगरानी की टीम ने जनसेवक के आवास से एसडीओ के हस्ताक्षर वाले पचास-पचास के दस नोट बरामद किया था। घटना 13 अक्टूबर 1982 को हुई थी।

## बिहार में भीषण गर्मी और हीटवेव के बीच बदलेगा मौसम

**पटना , एजेंसी।** झबिहार में भीषण गर्मी और लू के प्रकोप के बीच राहत देने वाली खबर आई है। राज्य में हीटवेव से लोगों को जल्द ही राहत मिलने वाली है। अगले 24 घंटे में मौसम में बदलाव होने वाला है। मौसम विभाग ने 4 और 5 मई को कोसी, सीमांचल और उत्तर बिहार के कई जिलों में बारिश का अनुमान जताया है। शनिवार से राज्यभर में अधिकतम तापमान में गिरावट होने की भी संभावना है। दूसरी ओर, गुरुवार को पटना समेत पूरे बिहार में हीटवेव और हॉट डे की स्थिति जारी रहेगी। पटना मौसम केंद्र के मुताबिक 4 मई को कोसी और सीमांचल में कुछ जगहों पर हल्की बारिश हो सकती है। सुपौल, अररिया, किशनगंज, कटिहार, मधेपुरा, सहरसा और पूर्णिया जिले में मौसम बदलने की संभावना है। इसके बाद रविवार 5 मई को 14 जिलों में बूंदाबांदी के आसार हैं। इनमें सीतामढ़ी, शिवहर, मुजफ्फरपुर, वैशाली, समस्तीपुर, दरभंगा, मधुबनी, सुपौल, सहरसा, अररिया, मधेपुरा, पूर्णिया, कटिहार और किशनगंज शामिल हैं। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार दक्षिण बिहार के कुछ हिस्से को छोड़कर राज्य के अन्य सभी इलाकों में शुक्रवार से हीटवेव से राहत मिलने के आसार हैं। हालांकि, बक्सर, कैमूर,रोहतास, औरंगाबाद अरवल, जहानाबाद और गया जिले में अगले कुछ दिन भीषण गर्मी का सितम जारी रहेगा। इन जिलों में 5 मई तक लू की चेतावनी जारी की गई है।

**बिहार के 9 जिलों में लू का अलर्ट :** बिहार में पिछले एक हफ्ते से लू का दौर चल रहा है। मौसम विभाग की ओर से आज गुरुवार को भी



जमुई, भागलपुर और बांका में लू को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। औरंगाबाद, गया, नवादा, जहानाबाद, नालंदा, सीतामढ़ी और मधुबनी में लू को लेकर यलो अलर्ट जारी किया है। बुधवार को प्रदेश के 9 जिले लू की चपेट में रहे जबकि आधा दर्जन जिलों में खतरनाक श्रेणी (सीवियर हीट वेव) वाली लू चलती रही। शेखपुरा एक बार फिर से सबसे ज्यादा गर्म रहा। यहां का अधिकतम तापमान 42.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### आने वाले दिनों में कैसा रहेगा मौसम

मौसम विभाग के अनुसार अगले 3 दिनों के दौरान राज्य के अधिकतम तापमान मे 2-3 डिग्री की कमी होने का पूर्वानुमान है। हालांकि लू जैसी स्थिति बनी रहेगी और भीषण गर्मी का भी एहसास होते रहेगा।

### अस्पतालों को अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश

बिहार में लगातार पिछले एक हफ्ते से लू चलने के बाद स्वास्थ्य विभाग की ओर से लगातार अलर्ट जारी किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से सभी अस्पतालों को अलर्ट मोड पर रहने के लिए कहा गया है। सभी सिविल सर्जन व चिकित्सा पदाधिकारियों को विशेष निर्देश जारी है। वहीं मौसम विभाग ने भी किसानों के लिए विशेष चेतावनी जारी की है। कहा है कि गर्म दिन और लू चलने की आशंका के मद्देनजर किसानों को वह अपने कृषि कार्य सुबह दस से शाम चार बजे तक स्थगित रखें।

## 17 माह में 5 लाख नौकरी दी, 5 साल रह जाते तो 20 लाख युवाओं को रोजगार देते: तेजस्वी यादव

**अररिया, एजेंसी।** आरजेडी नेता और बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव इन दिनों अपने चुनावी सभाओं के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जमकर हमला बोल रहे हैं। इसी कड़ी में बुधवार को तेजस्वी ने आरोप लगाते हुए कहा कि दुनिया के सबसे झूठे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं। प्रधानमंत्री झूठ बोलकर लोगों को ठग रहे हैं। उनके झांसे में नहीं आना है। तेजस्वी यादव बुधवार को अररिया लोकसभा क्षेत्र के पैकटोला व बीरनगर विषहरिया में महागठबंधन समर्थित राजद प्रत्याशी शाहनवाज के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। तेजस्वी ने अपने भाषण के दौरान कहा कि आप लोगों ने देख लिया है कि 17 माह के दौरान ही हमने पांच लाख लोगों को नौकरी दी। पांच साल रहते तो 20 लाख युवाओं को रोजगार देते। इस दौरान तेजस्वी ने मंच से मोदी के भाषण की ऑडियो रिकॉर्डिंग सुनाते हुए




लोगों से कहा देखिए कैसे झूठ बोला जा रहा है। मोदी के 2014 और 2019 के भाषणों में जनता से किये वायदों का अंश सुनते हुए तेजस्वी ने कहा कि क्या हुआ उनके वायदों का, न बिहार को स्पेशल पैकेज मिला, न ही चीनी मिल खुला,ना ही उद्योग लगे, गैस सिलेंडर के दाम कम नहीं हुए। इसलिए मोदी के झांसे में नहीं आना है। सरकार बदलने का समय आ गया है। हम नौकरी, शिक्षा व बेरोजगारी की बात करते हैं तो वह हिंदू-मुस्लिम की बात करने लगते हैं। प्रधानमंत्री मोदी काम की बात नहीं कर सकते हैं। तेजस्वी ने कहा कि भाजपा ने झूठ बोलने के अलावा कुछ भी

### इंडिया की सरकार बनी तो पांच सौ रुपये में मिलेगा गैस सिलेंडर

तेजस्वी यादव राजद प्रत्याशी शाहनवाज के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि महागठबंधन की सरकार बनी तो पांच सौ रुपये में गैस सिलेंडर मिलेगा। बिहार को 200 यूनिट बिजली फ्री मिलेगी। किसानों की फसल की सब्सिडी बढ़ाई जाएगी और बिहार को विशेष दर्जा दिलाएंगे। उन्होंने कहा कि हर साल गरीब महिलाओं को एक लाख रुपये, युवाओं को एक करोड़ नौकरी दी जाएगी। देश के संविधान, भाईचारा, लोकतंत्र व आरक्षण को बचाने के लिए यह लड़ाई लड़ी जा रही है। यह लड़ाई गरीबों के हक व अधिकार की लड़ाई है। उन्होंने कहा कि सब लोग एकजुट रहिए और नरेंद्र मोदी की सरकार को उखाड़ फेंकिए।



## ससुराल से बेटी हुई गायब, मां ने कराया मामला दर्ज

**किशनगंज, एजेंसी।** किशनगंज थाना क्षेत्र की निवासी समीजा खातुन ने अनगढ़ थाना में आवेदन देकर बेटी महफिजा खातून के गायब होने का मामला दर्ज कराया है। उन्होंने बताया कि उसकी उम्र 22 साल है और दो साल पहले उसका निकाह अनगढ़ थाना निवासी मनसूर आलम पिता स्व मो इलयास गांव चन्दवार के साथ हुआ था। 28 अप्रैल को शाम 5 बजे उसने फोन करके बोला कि पति मनसूर आलम, सास अमीन खातुन, ननद रुकया खान, जेठ जमीन अख्तर और देवर नशीरुददीन सभी लोग मिलकर मारपीट करते है। वहीं 29 अप्रैल को उसने बताया कि वह लोग उसको लेकर कहीं जा रहे है। इसके बाद से बेटी की खोज के लिए भटक रहे है। रिश्तेदारों के साथ उसके ससुराल में आए उसके बाद भी कुछ पता नहीं चला है। इन लोगों ने उसको कहीं गायब कर दिया है।

# कोडरमा लोकसभा से भाजपा उम्मीदवार अन्नपूर्णा देवी ने किया नामांकन दाखिल

**रांची एक्सप्रेस संवाददाता**







नामांकन के समय उमड़ा जन सैलाब से भाजपा कार्यकर्तृता उत्साहित, जीत को लेकर मनोबल बढ़ा। कोडरमा लोकसभा से भाजपा उम्मीदवार वह केन्द्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने गुरुवार को गिरिडीह के उपायुक्त सह कोडरमा लेकसभा क्षेत्र के निर्वाची पदाधिकारी के समक्ष अपना नामांकन दाखिल किया इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, कोडरमा विधानसभा की विधायक डॉ नीरा यादव, अर्पणा सेन गुप्ता, लुईस मरांडी, अमित यादव, रंधीर सिंह विधायक सहित, गिरिडीह के पूर्व सांसद रविन्द्र पाण्डेय, पूर्व विधायक मनोज यादव, प्रणव वर्मा कोडरमा के भाजपा जिला अध्यक्ष अनूप जोशी कोडरमा संसदीय क्षेत्र के प्रभारी रामचंद्र सिंह, रवि मोदी सहित भारी संख्या में लोग नामांकन कक्ष के बहार खड़े थे। नामांकन के बाद गिरिडीह के झंडा मैदान में हजारों की संख्या में जन-समूह के समक्ष एक जन सभा का आयोजन किया गया मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा की उमड़े जन सैलाब को देखकर यह साफ पता चलता है की कोडरमा से अन्नपूर्णा देवी की जीत सुनिश्चित है साथ ही उन्होंने बड़े विश्वास के साथ कहा की झारखण्ड की सभी सीटों पर भाजपा और आजसू की जीत सुनिश्चित है साथ ही पुरे देश में नरेन्द्र मोदी की लहर चल रही है और लगातार तीसरी बार भारत के प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी ही बनेंगे। इस अवसर पर भाजपा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी ने कहा की उन्होंने क्षेत्र के विकास के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ी है और एक बार वो फिर जनता की अदालत में खड़ी हैं और उन्हें पूर्ण विश्वास है की पुन॰ जनता एक बार फिर उन्हें क्षेत्र का विकास करने के लिए भारी मतों से उन्हें विजयी बनायेंगी 7 साथ ही भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कथन पर मोहर लगाकर इस बार 400 के पार की बात को सिद्ध करेंगी।कार्यकर्ताओं में उत्साह, जीत के प्रति मनोबल बढ़ा। नामांकन के समय उमड़े जन सैलाब को देखकर भाजपा कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह है और जीत के प्रति उनके मनोबल में वृद्धि हुई है। कोडरमा जिला भाजपा अध्यक्ष अनूप जोशी ने कहा की पिछली बार से ज्यादा इस बार भाजपा को ज्यदा मत मिलेंगे और अन्नपूर्णा देवी की जीत सुनिश्चित है। इस अवसर पर अभिमन्यु प्रसाद, रमेश सिंह, रामचंद्र सिंह, विकाश प्रीतम, नितेश चन्द्रवंशी, राजकुमार यादव, चन्द्रशेखर जोशी,मनोज कुमार झुन्नू, देवनारायण मोदी, शिवेंद्र नारायण सिंह, डॉ नरेश पंडित, बालमुकुन्द सिंह, जगदीश सलूजा, प्रकाश राम, वीरेंदर सिंह, अधिवक्ता गौरख नाथ सिंह, रवि मोदी, शशिभूषण प्रसाद सहित कई लोगों ने कहा की कोडरमा संसदीय क्षेत्र से अन्नपूर्णा देवी की जीत सुनिश्चित है।

# बोकारो, चंदनकियारी सहित 8 विस क्षेत्र के सेक्टर मजिस्ट्रेट व पुलिस पदाधिकारियों को दिया प्रशिक्षण




**धनबाद** /लोकसभा चुनाव के सफल तथा त्रुटि रहित क्रियान्वयन के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में न्यू टाउन हॉल में बोकारो, चंदनकियारी, सिंदरी, निरसा, धनबाद, झरिया, बाघमारा व टुंडी के सेक्टर मजिस्ट्रेट व पुलिस पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि लोकसभा चुनाव को स्वतंत्र एवं निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने मुकम्मल तैयारी और सुदृढ़ व्यवस्था की है।

उन्होंने कहा कि बोकारो एवं चंदनकियारी में चुनाव संपन्न होने के बाद मतदान पदाधिकारियों को ईवीएम के साथ सीधे कृषि बाजार समिति में बने स्ट्रांग रूम आना है। बोकारो और चंदनकियारी के एआरओ बाजार समिति का भ्रमण कर बोकारो व चंदनकियारी के लिए चिह्नित हॉल का निरीक्षण करे। ईवीएम व चुनाव सामग्री लेकर निर्धारित रूट व निर्धारित वाहन से, रास्ते में बिना रुके, बाजार समिति पहुंचे। इस दौरान सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारी पोलिंग पार्टी के साथ रहेंगे।

महिला एवं दिव्यांग बूथ के कर्मियों को प्राथमिकता देकर चुनाव सामग्री जमा कराई जाएगी।

न्यू टाउन हॉल में सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों को प्रीसाइडिंग ऑफिसर की डायरी, फॉर्म 17 ए, 17 डी, ईवीएम पर हैंड्स ऑन, ईवीएम कमिश्निंग, ईवीएम एरर का निराकरण, मतदान प्रक्रिया पूरी होने के बाद बैलेट यूनिट में क्लोज बटन अनिवार्य रूप से दबाने सहित अन्य विषय पर प्रशिक्षण दिया गया।

इस अवसर पर वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन ने कहा कि सेक्टर पुलिस पदाधिकारी पोलिंग पार्टी के साथ ही रहेंगे और अपने जिम्मेदारी का पालन करेंगे। उन्होंने सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारी को इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम, मतदान केंद्र से स्ट्रांग रूम पहुंचने के लिए रूट की जानकारी रखने, वैकल्पिक रूट की खोज रखने तथा एक बार ट्रायल रन करने का निर्देश दिया। वहीं डीसीएलआर सह प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी संतोष गुप्ता ने सभी से अपने दायित्व का निर्वाहन कर, संवैधानिक जिम्मेदारी का पालन करते हुए सुचारू रूप से निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न कराने का आह्वान किया। मौके पर उपायुक्त माधवी मिश्रा, वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन, डीसीएलआर संतोष गुप्ता, बोकारो के एआरओ ओम प्रकाश गुप्ता, चंदनकियारी के एआरओ प्रभात दत्ता, मुख्य प्रशिक्षक दिलीप कुमार कर्ण, संजय कुमार, राज कुमार वर्मा, कुमार वंदन, पुष्कर झा, कुलदीप सहित बोकारो, चंदनकियारी, सिंदरी, निरसा, धनबाद, झरिया, बाघमारा व टुंडी के एआरओ, एईआरओ, सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

# आईएसओ 50001ः 2018 ऊर्जा प्रबंधन प्रणाली का सर्वेलेंस ऑडिट



**बोकारो।** 02 अप्रैल को तीन दिवसीय ऊर्जा प्रबंधन प्रणाली के सर्वेलेंस ऑडिट आईएसओ 50001ः2018 कार्यक्रम का आयोजन गुलशन कुमार , मुख्य महा प्रबंधक (ऊर्जा प्रबंधन विभाग) की अध्यक्षता में आयोजित किया गया. मेसर्स टीयूवी के बाहरी लेखा परीक्षक कौशिक चक्रवर्ती (टीम लीडर) और विकास गुप्ता (सदस्य) के द्वारा सर्वेलेंस ऑडिट किया जा रहा है. अनुपमा तिवारी, महा प्रबंधक (बिज़नेस एक्सीलेंस) ने लेखा परीक्षकों का स्वागत किया. गुलशन कुमार, मुख्य महा प्रबंधक (ऊर्जा प्रबंधन विभाग) ने ऊर्जा प्रबंधन प्रणाली तथा सर्वेलेंस ऑडिट के महत्व के बारे में बताया.ढ्ढस्ह्र 50001ः2018 ऊर्जा प्रबंधन प्रणाली के अंतर्गत बोकारो स्टील प्लांट के सी ओ × सी सी, सिंटर प्लांट, ब्लास्ट फर्नेस, हॉट स्ट्रिप मिल, ऊर्जा प्रबंधन विभाग, डी एन डब्ल्यू, आई × ए, ई टी एल, सामग्री प्रबंधन और मानव संसाधन विभाग का सर्वेलेंस ऑडिट किया जा रहा है. ऑडिट कार्यक्रम, ऊर्जा प्रबंधन विभाग और बिज़नेस एक्सीलेंस विभाग के द्वारा संयुक्त रूप से संचालित और समन्वित किया जा रहा है.

# पुलिस ऑब्जर्वर का मरकच्चो व कोडरमा प्रखंड का दौरा



PHOTO BY AKS AKASH

**रांची एक्सप्रेस संवाददाता** कोडरमा लोकसभा आम चुनाव 2024 के निमित्त कोडरमा लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत पुलिस ऑब्जर्वर नीली कुमार सुब्रमण्यम का मरकच्चो व कोडरमा प्रखंड का दौरा किया गया। इस क्रम में उन्होंने मरकच्चो प्रखंड अंतर्गत डुमरगढ चेकपोस्ट का निरीक्षण किया और कहा कि चेकपोस्ट पर पर्याप्त मात्रा में फोर्स की तैनाती रहे। सभी प्रकार के वाहनों की गहनता से जांच करने की बात कहा। इसके अलावा उन्होंने कोडरमा प्रखंड अंतर्गत पथलडीहा व नगरखारा के विभिन्न मतदान केंद्रों का जायजा लिये। इस मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज, पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रिंस गोडविन कुजुर व अन्य मौजूद रहे?।

# ढिबरा स्क्रैप मजदूर संघ ने मनाया मजदूर दिवस

## ढिबरा मजदूरों को अधिकारों की रक्षा के लिए संगठित होकर संघर्ष करने की जरूरत– कृष्णा घटवार

**रांची एक्सप्रेस संवाददाता** कोडरमा ढिबरा स्क्रैप मजदूर संघ ने झुमरी तिलैया के झलपो में 1 मई को मजदूर दिवस मनाया। शिकागो के शहीदों के याद में और 8 घंटे काम का अधिकार पाने की लड़ाई में शहीदों के सम्मान में शहीद वेदी पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के जिलाध्यक्ष कृष्णा सिंह घटवार ने किया,जबकि संचालन राजकिशोर सिंह ने किया। मजदूर दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कृष्णा घटवार ने कहा कि पूंजीवाद के प्रभाव के कारण श्रमिको पर शोषण बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि दुनियां भर में मजदूर आंदोलन हो रहें है। मजदूरों के हित मे अधिकारों को कमजोर किया जा रहा है। उन्होंने कहा भारत मे विभिन्न सेक्टर में मजदूरों के साथ अन्याय बढ़ गया है। मजदूरों की स्थायी नौकरी नही है और ठेकेदारी प्रथा हावी है। उन्होंने कहा कि ढिबरा मजदूरों की हालत काफी दयनीय है, सरकार ने ढिबरा मजदूरों के हितों की रक्षा और योजनाओ में समाहित करने के लिए कोई पहल नही की। उन्होंने कहा कि ढिबरा मजदूरों को अधिकारों की रक्षा के लिए संगठित होकर संघर्ष ही एकमात्र रास्ता है। कार्यक्रम को ढिबरा स्क्रैप मजदूर संघ के कई नेताओं ने संबोधित किया। मौके पर इस्लाम खान,संजय यादव,श्याम मोदी, बिनोद साव, हरि यादव, बालेश्वर रजक,कृष्णा साव, निरसु मांझी,सुरेंद्र मांझी,विकास कुमार, जवाहर पासवान, बालेश्वर यादव, सहदेव यादव, सुरेश यादव, रंजन कुमार,पंकज कुमार, सज्जन कुमार,प्रदीप कुमार, सुरेश तुरी,कमलेश कुमार समेत दर्जनों ढिबरा मजदूर मौजूद थे।







# देश के विकास में मजदूरों का अहम योगदान- सचिव

**रांची एक्सप्रेस संवाददाता**






**कोडरमा-** झारखंड राज्य विधायक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा के तत्वाधान में बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस पर साई आयरन फैक्ट्री झुमरी तिलैया में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख अतिथि के रूप में जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा के सचिव गौतम कुमार ने कहा कि किसी भी देश के विकास में श्रमिकों का अहम योगदान होता है। उन्होंने कहा कि श्रम करने वाला ही देश का सच्चा सिपाही है । आज लाखों करोड़ों मजदूरों के परिश्रम, डिढ निश्चय, प्रतिबद्धता और निष्ठा का दिवस है। श्रमिकों के बिना किसी भी औद्योगिक ढांचे की खड़े होने की कल्पना नहीं की जा सकती। किसी भी कल कारखाने उद्योग धंधे के रीढ होते हैं श्रमिक। अधिवक्ता किरण कुमारी ने श्रमिक मुआवजा अधिनियम,समान वेतन अधिनियम, न्यूनतम मजदूरी अधिनियम सहित अन्य कानूनों की जानकारी दी। वही अधिवक्ता अरुण कुमार ओझा ने कहा कि आज भी भारत में छोटे-छोटे कम उम्र के गरीब बच्चे स्कूल छोड़कर बाल श्रम करने के लिए मजबूर है। जो बच्चे बाल मजदूरी करते हैं । उनका मानसिक, शारीरिक व बौद्धिक विकास नहीं हो पता। बाल श्रम बच्चों को उनके मौलिक अधिकारों से वंचित करती है । जो कि संविधान के विरुद्ध है । प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि बाल मजदूरी का विरोध करें और बाल श्रम खत्म करने में सहयोग करें । उन्होंने कहा कि देश में बाल मजदूरी रुकेगी तभी सही मायने में मजदूर दिवस मनाना सार्थक होगा । आजादी के 75 वर्षों में हमारे श्रमिकों ने अपने कठोर परिश्रम, संकल्प एवं समर्पण के साथ राष्ट्र निर्माण में अपना बहुमूल्य योगदान दिया है । नवभारत निर्माण में आपका योगदान अभिनंदनीय व वंदनीय है। भैया अनूप कुमार ने भी कई कानूनी पहलुओं की जानकारी दी। मकार्यक्रम का संचालन न्यायालय कमी रंजीत कुमार सिंह ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन फैक्ट्री के मालिक कवि याग्निक ने किया। मौके पर फाइनेंस मैनेजर कुमार विवेक, डीके शर्मा , बलिराम सिंह, नरेंद्र प्रसाद, उदय प्रसाद सिंह, राधेश्याम सिंह यादव, मुन्ना कुमार, नरेश प्रसाद, जितेंद्र कुमार सिंह, जयप्रकाश सिंह, न्यायालय कर्मी संतोष कुमार सिंह पारा लीगल वालंटियर्स मनोज कुमार सहीत सैकड़ों श्रमिक उपस्थित थे ।

# मजदूर वर्ग के संघर्ष की विरासत को आगे ले जाएगा सीटू : संजय पासवान



**रांची एक्सप्रेस संवाददाता**

**झुमरी तिलैया –** मजदूर यूनियन का अगुवा संगठन सीटू के बैनर तले वीर कुंवर सिंह पार्क में अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस मनाया और सभा का आयोजन किया. सर्व प्रथम निर्माण यूनियन के नेता रविन्द्र भारती ने मजदूरों के संघर्ष का प्रतीक लाल झंडा फहराया। जहां शिकागो के शहीदों को लाल सलाम, दुनिया के मजदूरों एक हो, मजदूर विरोधी लेबर कोड वापस लो, साम्राज्यवाद हो बर्बाद आदि गगनभेदी नारों के साथ शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। सीटू के जिलाध्यक्ष प्रेम प्रकाश की अध्यक्षता में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान ने कहा कि अमेरिका के शिकागो शहर में 3 मई 1886 को लगभग 40 हजार मजदूर 8 घंटे की काम के लिए सड़कों पर उतर आए और पुलिस ने भुखे-प्?यासे मजदूरों पर गोलियां बरसाना शुरू कर दिया। जिसमें 6 मजदूरों की शहादत हो गई, उसी समय खून से सने उन मजदूरों के कपड़ो को परचम बना कर आसमान की तरफ लहरा दिया और तब से ही लाल झण्डा मजदूरों का प्रतीक बन गया। सीटू के जिलाध्यक्ष प्रेम प्रकाश ने आठ घंटे काम करने, जीवन यापन और सामाजिक सुरक्षा पर उनके लम्बे संघर्षों से हासिल अधिकारों को खत्म करने के बर्बर साजिश को वोट की चोट से नाकाम करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में जनता पर महंगाई बेरोजगारी का बुलडोजर चलाने वाली, हिन्दू मुस्लिम के नाम पर नफरत का माहौल बनाने वाली मोदी सरकार के खिलाफ वोट करने और कार्यक्रम में माइका वर्कर्स यूनियन के महेन्द्र तुरी, बीएसएसआर यूनियन के अध्यक्ष सुनील कुमार गुप्ता, सचिव दिलीप कुमार सिन्हा, बबलू कुमार मोदी, निर्माण यूनियन के राजेन्द्र पासवान, नागेश्वर दास, सहदेव दास, परिवहन यूनियन के चंदन सिहं, कर्मचारी संघ के दिनेश रविदास, सुरेश कुमार, मनोज वर्णवाल, आशिष कुमार, ओमप्रकाश चौरसिया, द्वारिका पासी, बोधी साव, जीवनलाल महतो, अशोक वर्मा, उजैर खान, फारूक खान, मो सुलतान, राजकुमार साव, उमेश यादव, मुन्नीलाल पासवान, मनोज पासवान, असगर अली, महेन्द्र तुरीया, सहित दर्जनों लोग शामिल थे।

# मतदान की उम्र सीमा पर वाद-विवाद कार्यक्रम का आयोजन




**रांची एक्सप्रेस संवाददाता ,कोडरमा।** रमेश प्रसाद यादव शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में 02.05.2024 दिन गुरुवार को मतदान की उम्र सीमा पर वाद-विवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन महाविद्यालय के बहुउद्देशीय सभागार में आयोजित की गई। इस कार्यक्रम में सत्र॰ 2022-24 व 2023-25 सत्र के प्रशिक्षुओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य व सहायक प्राध्यापक द्वारा संयुक्त रूप से मां सरस्वती की छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर व द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. लक्ष्मी सरकार ने प्रशिक्षुओं को मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि मतदान हमारा अधिकार है। इससे हम भारत के लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मौके पर सहायक प्राध्यापक डॉ. संजीव कुमार, राजेश पांडेय, मो. सेराज, विनोद यादव, रविभूषण सिंह, अनिल कुमार, डॉ. मैनोज विश्वकर्मा, सैयद खुर्शीद अली, शिक्षकेत्तर कर्मचारी मिथलेश कुमार, शाहिद खान, सेंटु कुमार, गौरव कुमार कुंदन कुमार, सहित प्रशिक्षुगण मौजूद रहे।

# विनोद सिंह के नामांकन सभा में झारखंड के मुख्यमंत्री और कल्पना सोरेन एवं दीपांकर भट्टाचार्य शामिल हुए




**रांची एक्सप्रेस संवाददाता ,कोडरमा** 01-05-2024 को अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर कोडरमा लोकसभा के इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार विनोद सिंह के नामांकन सभा में झारखंड के माननीय मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन और इंडिया गठबंधन के गांडेय विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव की लोकप्रिय प्रत्याशी कल्पना सोरेन के साथ बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के माननीय पूर्व विधायक सह झामुमो नेता जानकी प्रसाद यादव मुख्य रूप से सम्मिलित हुए। नामांकन सभा में शामिल होने कोडरमा लोकसभा क्षेत्र के बरकट्ठा विधानसभा, कोडरमा विधानसभा, बागोदर विधानसभा, राजधनवार विधानसभा, जमुआ विधानसभा और गांडेय विधानसभा क्षेत्र से लाखों की संख्या में कार्यकर्ताओं व आमजन पैतालीस डिग्री सेल्शियस तापमान में पहुँचे। इस बात को स्पष्ट करने की केंद्र की तानाशाही मोदी सरकार को उखाड़ फेंकना है। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, कल्पना सोरेन, माले के राष्ट्रीय महासचिव कॉमरेड दीपांकर भट्टाचार्य, श्रम मंत्री झारखंड सत्यानन्द भोक्ता, कोडरमा लोकसभा माले इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी सह बागोदर विधायक कॉमरेड विनोद सिंह, पूर्व विधायक बरकट्ठा सह झामुमो नेता जानकी प्रसाद यादव, पूर्व विधायक, राजधनवार राजकुमार यादव, पूर्व विधायक सह राजद नेता गौतम सागर राणा सहित दर्जनों नेताओं ने नामांकन सभा को संबोधित करते हुए कोडरमा लोकसभा क्षेत्र से विनोद सिंह को भारी मतों से विजयी बनाने का संकल्प लिया।

## संक्षिप्त समाचार

### ग्रीन बेल्ट में अतिक्रमण पर जिलाधिकारी समेत तीन सदस्यीय कमेटी करेगी जांच

**वसुंधरा।** सेक्टर-15 के ग्रीन बेल्ट में नगर निगम द्वारा लोहे के खोखे रखकर वेंडिंग जोन बनाने के मामले में एनजीटी कोर्ट ने जिलाधिकारी, नगरायुक्त और आवास विकास के सुपरिटेंडेंट इंजीनियर की तीन सदस्यीय कमेटी जांच करेगी। जिसमें ग्रीन बेल्ट सहित अन्य पहलुओं की जांच कर एनजीटी को रिपोर्ट सौंपी जाएगी। एनजीटी की अगली तारीख 16 जलाई को है। शिकायतकर्ता अमित किशोर ने बताया कि वर्ष 2022 में वसुंधरा में कई स्थान पर नगर निगम द्वारा ग्रीन बेल्ट व फुटपाथ पर लोहे के खोखे रखकर अतिक्रमण किया गया। इसका तत्कालीन नगरायुक्त और महापौर ने आवंटियों को चाभी सौंपा था। उन्होंने बताया कि जानकारी लेने के लिए कई विभाग को चिट्ठी लिखा, जिलाधिकारी कार्यालय से मिले सभी पत्र में नगर निगम ने यह कहा कि आवंटन डूडा ने किया है। जबकि डूडा ने जिलाधिकारी को लिखे पत्र में यह कहा कि इस तरह की कोई योजना डूडा की नहीं है। बार-बार शिकायत करने के बावजूद जब नगर निगम ग्रीन बेल्ट खाली नहीं करा पाया तो वर्ष 2022 में एनजीटी कोर्ट का सहारा लिया। इसके बाद नगर निगम ने सभी खोखे को हटवा दिया था। अब तीन सदस्यीय कमेटी इस पूरे मामले की जांच करेगी और यहां ग्रीन बेल्ट होने और ग्रीन बेल्ट को क्यों और किसके सह पर उजाड़ा गया इसकी रिपोर्ट तैयार करेगी।

### पंचायत चुनाव में खर्च किए गए बजट में घोटाले की दोबारा होगी जांच

**गाजियाबाद , एजेंसी।** पंचायत चुनाव के दौरान नियुक्त प्रशासकों के खिलाफ निधि को खर्च करने में हुए घोटाले के मामले में प्रदेश भर के सभी जिलों में जांच के आदेश एक बार फिर से जारी कर दिए गए हैं। जांच के लिए स्थानीय स्तर पर कमेटी का गठन किया जाएगा उसके बाद जांच शुरू होगी।

पंचायत चुनाव 2021 दिसंबर में प्रधानों का कार्यकाल पूरा हो गया था, इसके बाद जिले के चारों ब्लॉक पर में एक-एक प्रशासक नियुक्त हुए। उस दौरान विकास कार्य के लिए जो भी निधि जारी हुई थी, उसको खर्च करने का अधिकार प्रशासकों को ही था। प्रदेश के कई जिलों में इस निधि को खर्च करने में अनियमितता और घोटालों की शिकायतें मिली थी, डीपीआरओ प्रदीप द्विवेदी ने बताया कि चुनाव खत्म होने के बाद एक बार कमेटी ने जांच की थी, जिसमें जिले में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं पाई गई थी। शासन से दोबारा जांच के आदेश आए हैं। जांच के लिए कमेटी गठित की जाएगी और शासन के निर्देशानुसार दोबारा जांच होगी।

### छात्रा का राज्यपाल के नाम पत्र- हाथ जोड़-पैर पकड़कर विनती है

**आगरा, एजेंसी।** परीक्षा परिणाम नहीं निकलने से छात्रा एमकॉम में प्रवेश नहीं ले पा रही है। विश्विद्यालय में सुनवाई नहीं होने पर उसने अंतिम उम्मीद के तौर पर राज्यपाल को मार्मिक पत्र लिखा है। छात्रा ने लिखा कि हाथ जोड़कर, पैर पकड़कर विनती है कि मेरा परीक्षा परिणाम घोषित करा दें, वरना भविष्य बर्बाद हो जाएगा।

नॉर्थ विजय नगर कॉलोनी निवासी अनुराधा सिंह का कहना है कि विश्वविद्यालय के दाऊदयाल वोकेशनल संस्थान से बीकॉम वोकेशनल सेमेस्टर-6 की परीक्षा मई 2023 में दी थी। इसका परिणाम दिसंबर 2023 में जारी हुआ। मेरा परिणाम जारी नहीं हुआ, विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्लीज इंटर करेक्ट इनफार्मेशन और रिकॉर्ड नॉट फाउंड लिखा आ रहा है। ऐसा कई छात्रों के साथ है। इससे बीते सत्र एमकॉम में प्रवेश नहीं ले पाई हूं। घर की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने से प्राइवेट नौकरी करनी पड़ रही है। छुट्टी लेकर कई बार विश्वविद्यालय के चक्कर काट चुकी हूं, अधिकारियों से भी मिली, लेकिन परीक्षा परिणाम नहीं घोषित हुआ। एमकॉम में प्रवेश के फॉर्म निकले हैं, ऐसे में परिणाम नहीं निकला तो ये साल भी खराब हो जाएगा। जनसुनवाई पोर्टल पर भी शिकायत की है।

# कारों का काफिला नहीं...मुलायम के गढ़ में 14 बुलडोजर के साथ सीएम योगी का रोड शो



**मैनपुरी, एजेंसी।** माफियाओं की संपत्ति पर बुलडोजर चलाने से सख्त राजनेता की छवि बनाने वाले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मुलायम सिंह यादव के गढ़ मैनपुरी में रोड़ शो भी अलग ढंग से कर रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के रोड़ शो में बुलडोजर भी नजर आएंगे। सपा के इस अभेद किले को फतह करने की जुगत में जुटी भाजपा ने मुख्यमंत्री योगी के लिए लग्जरी गाड़ियों की जगह 14 बुलडोजरों की व्यवस्था की है। जिन पर सवार होकर वह भाजपा प्रत्याशी जयवीर सिंह के लिए वोट मांगेंगे।

रोड शो के माध्यम से वे प्रदेश भर में अपराधियों के सफाये के संकल्प संदेश देने का प्रयास करेंगे। अवैध कब्जाधारियों और माफियाओं के आसियानों और संपत्ति को प्रदेश भर में जिस तरह ढहाया गया है। इसी प्रकार मैनपुरी पर बने सपा के अभेद किले को ध्वस्त कर कमल खिलाएंगे। मैनपुरी लोकसभा सीट पर सपा संरक्षक मुलायम सिंह की परंपरागत सीट है। इस पर मुलायम सिंह की पुत्रवधू डिंपल यादव चुनावी मैदान में हैं, जिन्हें सपा के पूर्व सिपहसलाकर भाजपा प्रत्याशी जयवीर सिंह चुनौती दे रहे हैं। जयवीर सिंह योगी सरकार में मंत्री हैं। भाजपा इस सीट को जीतने के लिए प्रयास में कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाहती है। उनके समर्थन में आज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मैनपुरी में रोड शो के लिए आ रहे हैं। जिसकी तैयारी भाजपा कार्यकर्ताओं ने कर ली है और रोड़ शो के लिए करहल चौराहा महाराणा प्रताप चौक पर 14 बुलडोजर भी मंगा लिए हैं।



## स्विट्जरलैंड के इंजीनियरों की देखरेख में होगा रोपवे इंस्टॉल

**वाराणसी, एजेंसी।** रोपवे के निर्माण में सुरक्षा के अंतरराष्ट्रीय मानकों का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। स्विट्जरलैंड से उपकरणों के साथ ही वहां के इंजीनियर भी वाराणसी आएंगे। रोपवे के उपकरणों का इंस्टालेशन स्विट्जरलैंड के एक्सपर्ट इंजीनियरों की निगरानी में होगा। रोपवे का निर्माण स्विट्जरलैंड आधारित कंपनी बर्थोलेट कर रही है।

रोपवे के निर्माण में यात्रियों की सुरक्षा और सुगमता का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। काशी में हो रहे देश के पहले अर्बन पब्लिक ट्रांसपोर्ट रोपवे के उपकरणों के इंस्टालेशन के लिए मई में सभी इंजीनियर वाराणसी पहुंच जाएंगे। नेशनल हाईवे लॉजिस्टिक मैनेजमेंट लिमिटेड (एनएचएलएमएल) के अधिकारियों के मुताबिक रोपवे में लगने वाले सभी छोटे-बड़े उपकरण सीधे स्विट्जरलैंड से इंपोर्ट हो रहे है। रोपवे के निर्माण में लगने वाले सभी इलेक्ट्रो मैकेनिकल उपकरण स्विट्जरलैंड से आ रहे हैं। कंपनी के इंजीनियर पूरे रोपवे के निर्माण के दौरान वाराणसी में ही रहेंगे और उनके ही देख-रेख में सभी उपकरणों को इंस्टॉल किया जाएगा। कैंट स्टेशन से शुरू होकर गोदौलिया चौराहे तक कुल पांच स्टेशन होंगे। जिसमे कैंट रेलवे स्टेशन, काशी विद्यापीठ, रथयात्रा, गिरजाघर और गोदौलिया चौराहे पर स्टेशन बनाया जाएगा।

## हवाला नहीं, पत्नी के गहने बेच और व्यापारियों से उधार लिए थे 50 लाख- अभी भी फंसा है पेंच

**गोरखपुर , एजेंसी।** गोरखपुर में चेकिंग के दौरान व्यापारी से 50 लाख रुपये छीनने के मामले में आयकर जांच भी तेज हो गई है। व्यापारी नवीन श्रीवास्तव ने बीते 26 अप्रैल को आयकर विभाग में प्रस्तुत होकर बताया है कि ये रुपये हवाला के नहीं, बल्कि उनके ही थे।

यह रकम उन्हहोंने पत्नी के गहने बेचकर और व्यापारियों से उधार लेकर जुटाई थी। रकम पत्नी के इलाज के लिए जुटाई गई थी। अब आयकर विभाग इस बयान के प्रमाणों की सत्यता जांचेगा, तभी यह तय होगा कि रकम जब्त की जाएगी या छोड़ दी जाएगी।

इस मामले में आरोपी दरोगा आलोक सिंह जेल में हैं। उसके तीन साथी फरार हैं। वादी नवीन श्रीवास्तव केस दर्ज कराने के बाद अचानक से लापता हो गए थे। बीते तीन अप्रैल को घटना के बाद से ही रकम को लेकर कई तरह की चर्चा हो रही थी।

पुलिस ने दरोगा और साथी प्रिंस को जेल भिजवाने के बाद अन्य साथियों की तलाश शुरू कर दी थी। इस बीच रकम को हवाला का बताया जाने लगा। ऐसे में आयकर विभाग भी सक्रिय हो गया। वादी के घर पर जाकर शमन चस्पा करने के साथ उनसे संपर्क का प्रयास किया जा रहा था। आयकर विभाग के सूत्रों ने बताया कि नवीन श्रीवास्तव ने इन रुपयों को अपना तो बता दिया, लेकिन उलझा भी दिया। जैसे, खुद के व्यापार के कितने रुपये थे, कितने उधार लिए, पत्नी के गहने कहां बेचे, इसका सीधा जवाब नहीं दिया।

## एम्स थानेदार ने कोर्ट में कर दी जज पर टिप्पड़ी, कारण बताओ नोटिस- अब देना होगा स्पष्टीकरण

**गोरखपुर , एजेंसी।** एम्स के थाना प्रभारी ने बुधवार को एक मामले में कोर्ट में सुनवाई के दौरान मजिस्ट्रेट पर व्यक्तिगत टिप्पणी कर दी। इसके बाद अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम (प्रभारी मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट) अरुण यादव ने एम्स थाने के प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने उनसे तीन दिन में स्पष्टीकरण देने को कहा है।

साथ ही पूछा है कि क्यों न उनके विरुद्ध अवमानना की कार्यवाही चलाने के लिए हाईकोर्ट को संदर्भित कर दिया जाए। वहीं, रिमांड की अगली सुनवाई अब एसीजीएम द्वितीय में होगी। सूचना पाकर भारी संख्या में अधिवक्ता जुट गए और एसओ का विरोध करने लगे। मौके की नजाकत देख एसओ वहां से चले गए।

जानकारी के मुताबिक, थाना एम्स में पंजीकृत केस अपराध संख्या 193 सन 2023 धारा 447 व 506 भारतीय दंड संहिता में जेल में पहले से निरुद्ध कमलेश यादव और दीनानाथ प्रजापति का 14 दिन का रिमांड प्राप्त करने के लिए विवेचक रमेश चंद्र कुशवाहा ने प्रार्थना पत्र दिया था।

रिमांड पर सुनवाई के लिए प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह व अभियोजन अधिकारी उपस्थित थे। दोनों अभियुक्त जेल से तलब थे। अभियुक्त के अधिवक्ता की ओर से रिमांड का विरोध किया जा रहा था। कोर्ट ने विवेचक रमेश चंद्र कुशवाहा से पूछा कि किस प्रकार धारा 447 गठित हो रहा है और धारा 506 के अपराध के किए जाने की तिथि समय और स्थान क्या है?

इसी बात पर प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने कहा कि अभियुक्त इसी न्यायालय में सुनवाई चाहता है। आपको सुनवाई नही करनी चाहिए। कोर्ट ने उन्हें शांत रहने के लिए कहा तो वह और व्यक्तिगत टिप्पणी करने लगे। इसे कोर्ट ने न्यायिक कार्य में अनावश्यक हस्तक्षेप मानते हुए उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

## फोम के गोदाम में लगी भीषण आग, मचा हड़कंप, ट्रैफिक डायवर्ट, फायर ब्रिगेड ने दो घंटे में पाया काबू



**मेरठ , एजेंसी।** मेरठ में दिल्ली रोड पर महावीर के पास बजाज फोम हाउस के गोदाम में गुरुवार दोपहर शॉर्ट सर्किट से भीषण आग लग गई। चंद मिनटों में आग ने भीषण रुप धारण कर लिया। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की आठ गाड़ियों ने दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग से लाखों के अनुमान की सूचना है।

बताया गया कि आग बुझाने के दौरान दमकल विभाग का एक कर्मचारी बेहोश भी हो गया था। उसे उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। आग लगने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई।

बजाज फार्महाउस के मालिक विजय गेरा ने बताया कि पिछले सोमवार को उनके भाई अश्वनी गेहरा की मौत हो गई थी, जिसके चलते चार दिन से दुकान बंद थी। गुरुवार सुबह अचानक फॉर्म के गोदाम में आग लग गई। उधर, संतोष कुमार राय का कहना है कि आग काबू पा लिया गया है। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

बता दें कि दिल्ली रोड मेरठ के सबसे व्यस्ततम रोड है। जहां दिन भर ट्रैफिक चलता है। वहीं इस रोड पर स्थित फोम हाउसे में आग लगने की सूचना से क्षेत्र में दहशत फैल गई। व्यापारियों ने दुकानों को बंद करना शुरू कर दिया। वहीं कुछ देर के लिए ट्रैफिक डायवर्ट कर दिया गया।

## इतनी रकम कि थैला भी पड़ गया छोटा: चोरों को गठरी में बांधकर ले जाने पड़े नोट, सीसीटीवी में वारदात हुई कैद

**आगरा , एजेंसी।** आगरा के बिजलीघर स्थित शिवाजी मार्केट में कपड़ा कारोबारी सोभराज के शोरूम में 70 लाख रुपये चोरी हुए थे। चोर एक थैला लेकर आए, रकम ज्यादा मिलने पर पोटली में नोटों के बंडल बांधकर सिर पर रखकर ले गए।

सीसीटीवी कैमरों की फुटेज से पुलिस को सुराग मिला। नौकर बादल ने वीडियो कॉल से गैंगस्टर विशाल को रेकी कराई और वारदात की साजिश रची। बुधवार को पुलिस ने 6 चोरों को गिरफ्तार किया और 57 लाख रुपये बरामद किए। डीसीपी सिटी सूरज राय ने बताया कि शुक्रवार रात को वारदात हुई थी। कारोबारी ने बताया था कि 18-20 लाख रुपये रखे थे। बाजार में चर्चा थी कि रकम 1 करोड़ से अधिक है। थाना पुलिस, एसओजी के साथ ही सर्विलांस टीम को लगाया। पुलिस को दुकान के बाहर के सीसीटीवी की फुटेज मिली। इसमें चार चोर थैले और पोटली सिर पर लेकर जाते नजर आए। बालूगंज तक 125 कैमरों के फुटेज देखे। इससे सुराग मिल गया।

**जेल से छूटते ही वारदात:** डीसीपी ने बताया कि नई बस्ती, बालूगंज निवासी विशाल, अनुराग, औलेया रोड निवासी शेखर, विशाल, बादल और दयालबाग निवासी आशीष को गिरफ्तार किया। बादल कपड़ा शोरूम में नौकरी करता है। उसे पता था कि दुकान में रोजाना कैश आता है। इकट्ठा होने के बाद बैंक जाता है। नई बस्ती का गैंगस्टर विशाल उसका दोस्त है। उस पर इनाम घोषित था। पुलिस ने जेल भेजा था। वह हाल ही में छूटा है। 1 महीने पहले बादल ने विशाल को वीडियो कॉल कर शोरूम में रखा कैश दिखाया। कहा कि 20 से 25 लाख रुपये मिल जाएंगे। गैंगस्टर ने योजना बनाई।

**रकम का अंदाजा नहीं था:** गैंगस्टर विशाल अपने 3 साथियों के साथ आया। वह एक थैला लेकर आए थे। उन्हें अंदाजा नहीं था कि कैश अधिक होगा। शोरूम में 500 और 100 के नोटों की गड्डियां रखी मिलीं। उन्होंने थैले में नोटों की गड्डियां रखनी शुरू की तो वह कुछ ही देर में भर गया। जेबें भी भर गईं। इस पर उन्होंने बाकी गड्डियां और बंडल भरने के लिए कपड़ों की पोटली बनाई। मगर, उसका वजन अधिक था। इस कारण शोरूम में दूसरी जगह रखा कैश नहीं ले जा सके। वह थैला और पोटली को सिर पर रखने के बाद बाहर निकल गए।

**दोस्तों को बांटी, गहने खरीदे:** मामूली चोरी करने वाले चोरों को 70 लाख से अधिक कैश मिला था। वह रकम देखकर चकरा गए थे। उन्हें लगा कि घर में छिपाएंगे तो पकड़े जाएंगे। इसलिए आगरा के अलावा मथुरा और फिरोजाबाद में अपने दोस्तों को बांटने लगे। दोस्तों के पूछने पर कहा कि कहीं से आए हैं। बाद में दे देना। अभी उधार लेकर काम चला लो। पुलिस ने इन सभी से रकम बरामद की। 10 लाख के गहने भी खरीद लिए। रकम ज्यादा मिलने पर पुलिस ने कारोबारी से पूछताछ की। उन्होंने बताया कि कई दिन का कैश जमा नहीं कर पाए थे। बिल जुटा रहे थे। कारोबारियों को भी कैश देना था। मगर, चुनाव आचार संहिता के कारण कारोबारी नहीं आ रहे थे।

### दी समारोह में पैसों से भरा बैग लूटने वाले बदमाश गिरफ्तार

**लोनी।** पुलिस ने चेकिंग के दौरान लोनी तिराहा से एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। बदमाश के कब्जे से पुलिस ने 12550 रुपये, बाइक, तमंचा और कारतूस बरामद किया है। एसीपी लोनी सूर्यबली मोर्य ने बताया कि गिरफ्तार बदमाश ने अपना नाम मोनू निवासी मंगोलपुरी दिल्ली बताया है। पूछताछ में बदमाश ने बताया कि उसने 13 मार्च को एक शादी समारोह में एक व्यक्ति से पैसों और जेवरातों से भरा बैग लुटा था।

## पेट में चाकू लगने से जिम ट्रेनर की मौत, पिता पर हत्या का आरोप

### मां ने बेटे की मौत पर कही ये बात

**मेरठ , एजेंसी।** मेरठ के गंगानगर की ईशापुरम कॉलोनी में गुरुवार शाम घरेलू विवाद में दीपक तेवतिया(30) को पेट में चाकू लग गया। अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं, युवक के ससुराल पक्ष ने पिता पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने पत्नी के बयान दर्ज किए हैं।

बुलंदशहर जिले के बीबीनगर निवासी हवा सिंह तेवतिया गंगानगर क्षेत्र के 108-ईशापुरम में परिवार सहित रहते हैं। वह 11 जाट रेजीमेंट में हवलदार पद से सेवानिवृत्त हैं। अब दौराला चीनी मिल में नौकरी करते हैं। उनका बेटा दीपक गढ़ रोड पर जिम ट्रेनर था।

गुरुवार शाम परिवार में किसी बात पर विवाद हुआ। इस दौरान दीपक के पेट में चाकू लग गया। परिजन और आसपास के लोगों ने रक्षापुरम स्थित एप्पसनोवा अस्पताल ले गए। यहां उसे मृत बताया गया। एसपी देहात कमलेश बहादुर ने पत्नी से पूछताछ के आधार पर बताया कि पहले पति काफी समय से कोई काम नहीं कर रहा था। इसे लेकर ससुर ताने मारते थे। मामले में फोरेंसिक रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। दीपक तेवतिया की मौत के मामले में पुलिस ने अब तक जो पूछताछ की है, उसमें मां संता तेवतिया ने बताया कि दीपक काफी समय से परेशान चल रहा था। वही चार दिन पहले चाकू लेकर आया था। उसे नहीं पता था कि घर में ऐसा भी हो जाएगा। वहीं, पिता हवा सिंह घटना के बारे में कुछ भी बताने से बचते रहे। इस मामले में पत्नी शीतल ने अब तक यही बताया कि काफी समय से पति के पास कुछ काम नहीं था। इसे लेकर अक्सर विवाद रहता था।

स्थानीय लोगों ने बताया कि हवा सिंह का छोटा बेटा पंकज तेवतिया सेना में सिपाही है। वह कश्मीर के कुपवाड़ा क्षेत्र में तैनात है। बेटी ज्योति की शादी हो चुकी है।

दीपक की शादी दो वर्ष पहले बुलंदशहर के स्याना तहसील के गांव बुकलाना निवासी शीतल से हुई थी। शीतल की नौ माह की बेटी मान्या है। घटना की जानकारी मिलने पर गाजियाबाद में नौकरी कर रहे शीतल का छोटा भाई गगन भी पहुंच गया। उसके बाद अन्य परिजन पहुंचे।

दीपक के साले गगन के मुताबिक वह और शीतल दो भाई-बहन हैं। बहन घर पर बैंकिंग की तैयारी में लगी है। उनके पिता की कुछ समय पहले मौत हो गई थी। उसके बाद से दीपक और शीतल को परेशान किया जा रहा था। इस बारे में बहन शीतल ने घर पर भी बताया था। इस घटना को लेकर पड़ोसी से लेकर कॉलोनी के अन्य लोग भी हैरत में हैं। लोगों के मुताबिक दीपक शांत और मिलनसार स्वाभाव का लड़का था। सभी से बातचीत कर था।

### नाबालिग से पड़ोसी एक युवक ने किया प्रयास तो दूसरे ने दुष्कम

**साहिबाबाद।** लिंकरोड थानाक्षेत्र की एक बिल्डिंग में युवक ने 16 साल की नाबालिग को सुबह में अकेला पाकर उससे दुष्कर्म का प्रयास किया। फिर शाम को दूसरे युवक ने उससे दुष्कर्म कर दिया। घटना मंगलवार की है। उसके माता पिता घर पर नहीं थे। पुलिस ने शिकायत पर मुकदमा दर्ज करके दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। यहां कॉलोनी की एक बिल्डिंग में गाजीपुर का युवक अपनी 16 साल की बेटी और पत्नी के साथ रहते हैं। दंपती साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र की निजी कंपनी में काम करते हैं। उन्होंने पुलिस को शिकायत दी कि मंगलवार सुबह 8 बजे वह कंपनी में काम करने चले गए थे जबकि कुछ देर बाद उनकी पत्नी भी ड्यूटी पर चली गई थीं। इस दौरान घर में बेटी अकेली थी। पड़ोस के कमरे में रहने वाले युवक ने बेटी को अकेला देखकर उससे दुष्कर्म का प्रयास किया। वह आरोपी के चंगुल से छूटकर बाहर भाग गई। शाम को किशोरी घर पहुंची तो बराबर कमरे में रहने वाला युवक जबरन उसके कमरे में घुस गया। उसने किशोरी को पकड़कर उससे दुष्कर्म की घटना की। वह मदद के लिए चिल्लाती रही लेकिन पड़ोस के लोग ड्यूटी पर जाने की वजह से मदद नहीं कर पाए। रात 8 बजे किशोरी की मां घर पहुंची तो उसने दोनों युवकों की गंदी हरकत के बारे में बताया। इसे सुनकर उनके पैरों तले जमीन निकल गई। महिला ने तुरंत अपने पति को फोन करके घर बुलाया और बेटी के साथ हुए दुष्कर्म की घटना को बताया। दंपती रोते हुए बेटी को साथ लेकर लिंक रोड थाना पहुंचे और दोनों आरोपियों के खिलाफ लिखित शिकायत देकर दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट का मुकदमा दर्ज कराया। एसीपी साहिबाबाद रजनीश उपाध्याय का कहना है कि पिता की शिकायत पर तत्काल टीम में दोनों आरोपियों को घर के पास से दबोच लिया।

## सांसद रवि किशन 10 जून को करेंगे नामांकन, अन्य प्रत्याशियों की तारीखें भी घोषित

**गोरखपुर , एजेंसी।** भाजपा प्रत्याशियों के नामांकन की तिथि तय कर दी गई है गोरखपुर, बांसगांव, महराजगंज लोकसभा क्षेत्र में 10 मई को नामांकन होगा। इस दौरान भोजपुरी सुपरस्टार और भाजपा के सांसद रवि किशन, कमलेश पासवाल और केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी अपना नामांकन करेंगे।

वहीं, कुशीनगर सांसद पद प्रत्याशी विजय दूबे और सलेमपुर से प्रत्याशी रविंद्र कुशवाहा 7 मई को नामांकन करेंगे। जबकि, देवरिया की सीट पर भाजपा प्रत्याशी शशांक मणि त्रिपाठी अपना नामांकन 9 मई को करेंगे।



## संपादकीय

# इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन सौ फीसद सुरक्षित

एक बार फिर सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट कर दिया कि इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन यानी ईवीएम पर नाहक सवाल उठाना उचित नहीं है। इससे शक ही पैदा होता है। अदालत ने ईवीएम संबंधी सभी याचिकाओं को खारिज कर दिया। दरअसल, ईवीएम को लेकर आशंका जाहिर की जा रही थी कि उसे बाहर से नियंत्रित किया और मतों में गड़बड़ी की जा सकती है। अदालत के सामने इस पर रोक लगाने की गुहार लगाई गई थी।इसके पक्ष में कई ऐसे प्रमाण भी दिए गए थे कि कहां-कहां कुल पड़े मतों और मशीनों में पड़े मतों की संख्या में अंतर पाया गया। विपक्षी दल इसे लेकर काफी आक्रामक थे और लगातार आशंका जाहिर कर रहे थे कि सत्तापक्ष मशीनों के जरिए मतदान प्रक्रिया को प्रभावित कर सकता है। इसमें कई स्वयंसेवी संगठन और विशेषज्ञ भी शामिल थे, जिनका दावा था कि ईवीएम को बाहर से संचालित किया जा सकता है।हालांकि भारत निर्वाचन आयोग लगातार तर्क दे रहा था कि ईवीएम सौ फीसद सुरक्षित हैं और उनमें किसी प्रकार की गड़बड़ी की गुंजाइश नहीं है। इस मामले ने इतना तूल पकड़ लिया था कि आम मतदाता के भीतर भी यह भ्रम पैदा हो गया कि ईवीएम में गड़बड़ी करके कोई पार्टी अपने पक्ष में मतों की संख्या बढ़ा सकती है।ईवीएम पर संदेह जाहिर करते हुए अदालत में गुहार लगाने वालों की मांग थी कि मतदान के बाद जो पर्ची कट कर बक्से में गिरती है उसे मतदाता के हाथ में दिया जाए और वह उसे खुद अलग बक्से में डाले। फिर मशीन के साथ ही उन पर्चियों का मिलान कर अंतिम रूप से मतों की गणना की जाए। मगर सर्वोच्च न्यायालय ने उस मांग को खारिज कर दिया। दरअसल, इस तरह मतदान की गोपनीयता का उल्लंघन होने का खतरा था।मगर इसमें अदालत ने निर्वाचन आयोग को निर्देश दिया है कि वह मशीनों में चुनाव चिह्न निर्धारित हो जाने के बाद उन्हें सीलबंद कर दे। उसने एक और रास्ता खोल दिया है कि अगर कोई प्रत्याशी किन्हीं मशीनों के बारे में शिकायत दर्ज कराता है।

# भारत को कठघरे में खड़ा करना नाहक दख़लंदाज़ी

भातीय समाज में इतनी विविधता और कई मायनों में जटिलता है कि उसमें अक्सर टकराव जैसे हालात बन जाते हैं। मगर सरकार बिगड़े हालात को संभालने, शांति कायम करने का हर प्रयास करती है। कभी ऐसा हो सकता है कि कहीं स्थितियां इतनी खराब हो जाएं कि उन्हें ठीक करने में वक्त लगे। भारत सरकार अपनी जवाबदेही को समझती है।अपने संप्रभु क्षेत्र में अराजकता पर काबू पाने और लोगों के अधिकार को सुनिश्चित करने की कोशिश करती है। मगर कुछ खास मामलों को आधार बना कर अगर किसी अन्य देश का कोई समूह मानवाधिकार हनन के लिए भारत को कठघरे में खड़ा करता है, तो इसे उचित नहीं कहा जा सकता।गौरतलब है कि अमेरिकी विदेश विभाग की एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि भारत में मणिपुर सहित अन्य इलाकों में मानवाधिकार हनन के मामले बढ़े हैं।कुछ गिने-चुने मामलों को आधार बना कर किसी देश की मंशा पर सवाल नहीं उठाया जा सकता। वह भी तब, जब भारत सरकार हिंसा से प्रभावित तबकों की सुरक्षा के लिए हर जरूरी कदम उठाती है। इस तरह नाहक दखलअंदाजी की वजह से अगर भारत की छवि पर असर पड़ता है तो उसकी भरपाई कौन करेगा? यह बेवजह नहीं है कि गुरुवार को भारत के विदेश मंत्रालय ने अमेरिकी रिपोर्ट को 'बेहद पक्षपातपूर्ण' करार दिया और कहा कि इसके जरिए देश की नकारात्मक छवि पेश की जा रही है और यह भारत के प्रति खराब समझ को दर्शाता है।विचित्र है कि दुनिया भर में इस तरह की आवाजें उठती रही हैं कि अमेरिकी नीतियों की वजह से कई देशों में मानवाधिकारों को काफी नुकसान पहुंचा है। मगर आए दिन किसी अमेरिकी समूह की ओर से मानवाधिकारों का सवाल उठा कर विकासशील देशों को कठघरे में खड़ा किया जाता है। जहां तक भारत का सवाल है, कुछ जटिल स्थितियां पैदा होती हैं।

# देश के अधिकांश हिस्सों पर मंडराता लू का खतरा

**(जयसिंह रावत)**

भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) द्वारा इस साल की ग्रीष्म ऋतु के बारे में जारी पूर्वानुमान के अनुसार अप्रैल से जून के बीच देश के अधिकांश हिस्सों में अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना है। मौसम विज्ञानियों द्वारा वर्ष 2023 को पिछले 174 सालों का सबसे गर्म साल घोषित किए जाने के बाद अब भारतीय मौसम विभाग ने भी चालू वर्ष की ग्रीष्म ऋतु को सामान्य से अधिक गर्म होने की चेतावनी दे दी है। जाहिर है कि हमारे सामने एक नहीं बल्कि दो खतरे मुंह बाए खड़े हैं। इनमें एक खतरा लू का और दूसरा खतरा अतिवृष्टि से बाढ़ आदि का है, इसलिए आशा की जानी चाहिए कि हमारी सरकारें और खासकर आपदा प्रबंधन तंत्र इन खतरों से निपटने के लिए तैयार हो चुका होगा। सामान्य से अधिक गर्मी का पूर्वानुमान इस साल कोलकाता में अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस पार कर चुका है जबकि अभी ग्रीष्म ऋतु की शुरुआत ही हुई है। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) द्वारा इस साल की ग्रीष्म ऋतु के बारे में जारी पूर्वानुमान के अनुसार अप्रैल से जून के बीच देश के अधिकांश हिस्सों में अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना है। केवल उत्तर पूर्व और उत्तर पश्चिम भारत के इक्का दुक्का क्षेत्रों में तापमान सामान्य से कम रहने की संभावना व्यक्त की गई है। देश के अधिकांश हिस्सों में मासिक न्यूनतम तापमान भी सामान्य से अधिक रहने की संभावना है। विभाग द्वारा मैदानी इलाकों में हीट वेव यानी कि लू चलने की चेतावनी दी गई है। इसके साथ ही उत्तर पश्चिम भारत के अधिकांश हिस्सों और मध्य भारत के कई हिस्सों, उत्तरी प्रायद्वीपीय भारत, पूर्व और उत्तर पूर्व के कुछ हिस्सों में सामान्य से अधिक वर्षा होने का पूर्वानुमान मौसम विभाग ने जारी किया हुआ है। गंभीर घतकता के कारण लू अब आपदा में शामिल भारतीय मौसम विभाग के पूर्वानुमान भारत के हीटवेव संकट की भयावहता के चिंताजनक आंकड़े रेखांकित कर रहे हैं। विभाग के अनुसार पिछले एक दशक में लू की आवृत्ति और तीव्रता में वृद्धि हो रही है। हीटवेव संकट सिर्फ मौसम संबंधी या कृषि संबंधी मुद्दा नहीं बल्कि यह एक महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौती भी है। भारत में राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) ने हीटवेव्स की गंभीरता को पहचानते हुए इन्हें 2021 में आपदा के रूप में वर्गीकृत किया है। विभाग की रिपोर्टें गर्मी से संबंधित मृत्यु दर में बढ़ती प्रवृत्ति का संकेत देती हैं। हाल के वर्षों में हजारों मौतें हीटवेव के कारण हुई हैं। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के पूर्व सचिव एम राजीवन एवं कमलजीत रे, एस एस रे, आर के गिरि और ए पी डिमरी आदि वैज्ञानिकों द्वारा 2021 में प्रकाशित एक शोध पत्र के अनुसार भारत में 50 वर्षों में हीटवेव ने 17,000 से अधिक लोगों की जान ले ली है। इस शोध पत्र में कहा गया है कि 1971-2019 तक देश में 706 हीटवेव घटनाएं हुईं। एक अन्य शोध के अनुसार 2015 की घातक हीटवेव में 2,500 से अधिक लोगों की जान चली गई थी। इससे श्रम उत्पादकता, स्वास्थ्य देखभाल लागत और कृषि उत्पादन में नुकसान के साथ आर्थिक प्रभाव भी महत्वपूर्ण है। ग्रामीण क्षेत्र, जो पहले से ही आर्थिक चुनौतियों से जूझ रहे हैं, इन प्रभावों का खामियाजा भुगत रहे हैं, जिससे गरीबी और स्वास्थ्य असमानताएं और बदतर हो रही हैं। इस बार भयंकर लू चलने की आशंका अभी अधिकतम तापमान कहां तक उछलेगा, इसका पूर्वानुमान तो नहीं आया मगर 19 मई 2016 को राजस्थान के फलोड़ी में अधिकतम तापमान 51 डिग्री सेल्सियस तक उछल चुका है। भारत हाल के वर्षों में भीषण गर्म हवाओं का सामना कर रहा है। देश में अत्यधिक उच्च तापमान अक्सर 50 डिग्री सेल्सियस के करीब चला जाता है, जिससे गर्मी की लहरें या लू पैदा होती है। ये गर्मी की लहरें आम तौर पर अप्रैल और जुलाई के बीच होती हैं, जो लाखों लोगों के जीवन और आजीविका को गंभीर रूप से प्रभावित करती हैं। इन लू के थपेड़ों से कृषि प्रधान ग्रामीण क्षेत्र विशेष रूप से अधिक प्रभावित होते हैं। इस विकट मौसम के कारण फसल की पैदावार प्रभावित होती है और किसानों पर काम का बोझ बढ़ जाता है। गर्म हवाओं से शहरी क्षेत्र भी अछूते नहीं हैं। क्योंकि कंक्रीट और डामर की गर्मी से तापमान में वृद्धि होती है। एक अनुमान के अनुसार वर्ष 2020 में हीटवेव के दिनों की संख्या चार थी। इसी प्रकार 2021 में गर्म लहरों के दिनों की संख्या तीन और 2022 में 17 थी। इस साल अप्रैल और जून के बीच गर्मी की लहरों के पूर्वानुमान से पता चलता है कि गर्मी की लहर वाले दिनों की संख्या सामान्य से ऊपर होगी, खासकर गुजरात, मध्य महाराष्ट्र और उत्तरी कर्नाटक जैसे क्षेत्रों में, इसके बाद राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तरी छत्तीसगढ़, ओडिशा और आंध्र प्रदेश में हीटवेव्स दिनों की संख्या अधिक रहेगह। शोधों से पता चला कि देश के विभिन्न हिस्सों में चार से आठ दिनों की सामान्य गर्मी की तुलना में इस बार दस से 20 दिनों तक गर्म लहरें चलने की आशंका है। हीट वेव्स (लू) जनित तकलीफें इन लू के थपेड़ों से बुजुर्ग, बच्चे और बाहर काम करने वाले लोग निर्जलीकरण जैसी गर्मी से संबंधित बीमारियों के प्रति संवेदनशील होते हैं। हीटवेव के दौरान लोगों में बेहोशी, त्वचा संबंधी समस्याएं, सांस फूलना, शरीर में दर्द, आंखों में संक्रमण, पीठ दर्द और चोट जैसी स्थितियों से पीड़ित होने की शिकायतें रहती हैं। विशेष रूप से, हीटवेव से थकावट और हीट स्ट्रोक, श्वसन संबंधी समस्याएं, त्वचा रोग और यहां तक कि मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं जैसी गंभीर स्थितियां भी पैदा हो सकती हैं। लू लगने से एडर्ना (सूजन) और सिंकोप (बेहोशी) हो सकती है और आमतौर पर 39 डिग्री सेल्सियस यानी 102 डिग्री फारेनहाइट से नीचे बुखार आ सकता है। लू लगने से थकान, कमजोरी, चक्कर आना, सिरदर्द, मतली, उल्टी, मांसपेशियों में ऐंठन और पसीना आ सकता है। इससे दौरे या कोमा के साथ शरीर का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस यानी 104 डिग्री फारेनहाइट इससे अधिक हो सकता है जो कि एक संभावित घातक स्थिति है। यदि आपको लगता है कि कोई हीटवेव से पीड़ित है तो उस व्यक्ति को छाया के नीचे किसी ठंडी जगह पर ले जाएं। पीड़ित को पानी या पुनर्जलीकरण पेय दें (यदि व्यक्ति अभी भी होश में है) और उस व्यक्ति को पंखे से हवा दें। यदि लक्षण बदतर हो जाएं या लंबे समय तक बने रहें।

> *आपदा से निपटने के लिये बहुआयामी राणनीति जरूरी*
>
> *देश में हीटवेव संकट से निपटने के लिए बहुआयामी रणनीति की आवश्यकता है। मुख्य रणनीतियों में ताप कार्ययोजनाओं को विकसित करना और लागू करना, सार्वजनिक जागरूकता बढ़ाना और अत्यधिक तापमान का सामना करने के लिए बुनियादी ढांचे में सुधार करना शामिल है। सरकारें और स्थानीय अधिकारी लोगों की सुरक्षा के लिए प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली और हीटवेव अलर्ट स्थापित कर सकते हैं।*

# बिहारी राजनीति की पहेली

**(शशि शेखर)**

ये पंक्तियां बिहार से, क्योंकि हिन्दुस्तान की सियासी बारीकियां समझनी हैं, तो यहां आना ही होगा। बिहार के राजनीतिक थियेटर में इतना उतार-चढ़ाव है कि पता नहीं चलता, कब कौन किरदार कहां से प्रकट हो, कब नेपथ्य में चला जाएगा। यहां के नेता वायदों और दावों के मामले में उत्साही और सामाजिक परिवर्तन के अगुवा मालूम पड़ते हैं, लेकिन वक्त आने पर वे सत्ता के लिए कुछ भी कर गुजरते हैं। कमाल यह कि इससे उनके 'वोटबैंक' पर कोई खास असर नहीं पड़ता। यही वजह है कि महागठबंधन तोड़कर भारतीय जनता पार्टी के साथ सरकार बनाने वाले नीतीश कुमार को वर्ष 2020 के विधानसभा चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी ने अपनाने में संकोच नहीं किया था। इस पुनर्जन्म पाए गठबंधन ने 2020 का चुनाव साथ लड़ा और जीता, लेकिन नीतीश कुमार 24 महीने में ही एक बार फिर लालू यादव के साथ चले गए। यह 'स्वाभाविक साझीदारी' से मुक्त होकर 'पुराने परिवार' में वापसी जैसा कोई करतब था। सब जानते थे कि इस वापसी की भी वापसी होनी है। पहले भारतीय जनता पार्टी के साथ 'घुटन' महसूस कर चुके नीतीश कुमार लोकसभा चुनाव से कुछ महीने पहले फिर भाजपा के साथ सरकार बनाने को राजी हो गए। इन दिनों वह राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) का हिस्सा हैं और कहते हैं- 'अब हम कहीं नहीं जाएंगे, यहीं रहेंगे।' उनके पुराने गठबंधन के साझीदार, यानी राष्ट्रीय जनता दल के लोग जवाब में वीडियो जारी करते हैं, जिसमें दूसरे गठबंधन के लिए भी वह लगभग ऐसा ही कहते दिखाए जाते हैं। भाजपा और राजद भी नीतीश कुमार के साथ सुर बदलते रहे हैं। वे जब उनके साथ होते हैं, तो उनकी सी बोलते हैं और जब 'पाला बदल' आकार ले लेता है, तो उनके बयान पुनः पुरानी खाल ओढ़ लेते हैं। बिहार इस मामले में अकेला ऐसा राज्य है, जहां पिछले दस सालों में मुख्यमंत्री ने चार बार अपने साझीदारों की अदला-बदली की। सवाल उठता है कि भाजपा और राजद पुराने अनुभवों से सबक लिए बिना उनसे जब-तब हाथ क्यों मिला लेते हैं? जवाब आसान है। बिहार के लगभग 7.64 करोड़ वोटरों में आठ से दस फीसदी ऐसे लोग हैं, जो उनका साथ हर हाल में पसंद करते हैं। ऐसा क्यों है? उत्तर के लिए पीछे लौटना होगा। सन् 2005 में दूसरी बार मुख्यमंत्री बनने के बाद उन्होंने कई क्रांतिकारी काम किए थे। जिस बिहार में महिलाएं शाम को घर से बाहर निकलने में झिझकती थीं, वहां उन्होंने शहर से गांव तक की लड़कियों को सरकार की ओर से साइकिलें मुहैया कराई थीं। इससे पढ़ाई-लिखाई के लिए लड़कियों ने बाहर निकलना शुरू किया, जिससे समाज के निचले तबके में बदलाव की शुरुआत हुई। पिछले दो दशकों में ऐसी हजारों बालिकाएं आगे आईं, जिन्होंने पढ़-लिखकर नौकरियां हासिल कीं या अपना रोजगार स्थापित किया। जो इन सबसे वंचित रहीं, वे भी साक्षरता की पूंजी लेकर ससुराल गईं। बताने की जरूरत नहीं कि हमारे देश की लड़कियां एक नहीं, दो घरों को संवारती हैं। यही नहीं, वर्ष 2016 में शराबबंदी के जरिये उन्होंने गांव की गरीब महिलाओं का दिल हमेशा के लिए जीत लिया। हालांकि, इस प्रयोग की आलोचना भी होती है। इसके बाद यहां जहरीली शराब पीकर मरने वालों की संख्या में वृद्धि हुई। इससे मदिरा की तस्करी को भी बढ़ावा मिला और सरकार को राजस्व की भयंकर हानि हुई। यह कानून इतनी कठोरता से बनाया गया था कि लोग उसे 'दानवी' बताने लगे। विरोध पनपता देखकर इसकी धाराओं में कुछ ढील दी गई, पर अभी भी वे कछुए के कवच की भांति कठोर हैं। घर-घर बिजली और हर घर नल-जल जैसी योजनाएं मूलतः नीतीश कुमार के दिमाग की उपज थीं। बिहार की कानून-व्यवस्था और सड़कों के सुधार में भी उनका अनूठा योगदान रहा है। उनके विपक्षी दावा करते हैं कि पिछली बार के पाला बदल ने उनकी छवि को सांघातिक चोट पहुंचाई है। उनके कुछ बयानों पर पिछले दिनों जमकर बवंडर भी हुआ।

# आज का राशिफल

### मेष
आज राजनीतिक प्रतिद्वंदी आज आपको आगे निकलने का प्रयास करेंगे। धीरे-धीरे सफलता की ओर कदम बढ़ाए जा सकते हैं। लेकिन कोई नया कार्य शुरू करने के लिए समय अनुकूल नहीं है। दिन का काम जल्दी खत्म करके सायंकाल कुछ समय परिवार के साथ बिताएं।

### वृष
आज चुनौतीपूर्ण दिन रहेगा। मकर राशि का चन्द्रमा आपके सामने ढ़ेर सारी जिम्मेदारियां खड़ी करेगा। मंगल क्रियाशील और पुरुषार्थ ग्रह है इसलिए सुव्यवस्था करने में आपका कोई मुकाबला नहीं होगा। सभी की उम्मीदों पर खरा उतरने की आपकी विशेषता आज भी आपको यश देगी।

### मिथुन
आज का दिन आपके लिए सामान्य है। राशि का स्वामी बुध एकादश विजय विभूति भाव में सूर्य के साथ बैठकर बौद्धिक तथा व्यावसायिक क्षेत्र में सफलता कारक है। संतान पक्ष की ओर से हर्षदायक समाचार से मनोबल बढ़ेगा। भाग्योदय का दिन है, कोशिश करते रहें।

### तुला
आज आपकी दिलचस्पी बढ़ेगी। आप द्वारा लिया गया निर्णय आगे लाभप्रद रहेगा। संतान पक्ष के विवाह में आ रही अड़चनें समाप्त होंगी। जन संपर्क में वृद्धि होने से आप प्रफुल्लित रहेंगे, इससे आगे आने वाले अवसरों में वृद्धि होगी। राशि का स्वामी चन्द्रमा मकर राशिगत होने से जाति व श्रेणी में हीन कोई व्यक्ति आपके लिए समस्या उत्पन्न कर सकता है।

### वृश्चिक
आज अत्यधिक श्रम करने पर भी आय कम और व्यय अधिक होगा। गुप्त शत्रु सक्रिय रहेंगे, व्यर्थ की भागदौड़ पारिवारिक अशान्ति विशेष रूप से रहेगी। सूर्यास्त होते समय कुछ राहत मिल जाएगी।

### धनु
आज राशि का स्वामी बुध अपने के घर सप्तम प्रमुख केन्द्र जाया भाव घर में संचार कर रहे हैं। वृद्धजनों की सेवा तथा पुण्य कार्यों पर धन व्यय होने से मन में हर्ष रहेगा। प्रतिद्वंद्वियों के लिए आप सिरदर्द बने रहेंगे। दाम्पत्य जीवन में सुखद स्थिति रहेगी।

### कर्क
आज कहीं से कमाया हुआ धन मिलने का योग है। किसी वृद्ध महिला का आशीर्वाद मिलने से उन्नति के विशेष अवसर प्राप्त होंगे। बहुत समय से भाई बंधुओं से चला आ रहा विवाद सुलझ जाएगा।

### सिंह
आज पूरे दिन आय के नये स्रोत सामने आएंगे। विरोधी पक्ष पराजित होगा। आपके भाग्य का सितारा फिर से चमकने लगेगा। व्यवसाय में अधिक धन लगाना लाभकारी रहेगा।

### कन्या
आज सांसारिक सुख भोग के साधनों पर शुभ व्यय होने से मन में हर्ष होगा। बहुत समय से चली आ रही कटुता आपसी समझौते से समाप्त हो जाएगी। नया परिचय मित्रता में परिवर्तित हो सकता है।

### मकर
आज राज्य कार्यों में सफलता, घर में धन-धान्य की वृद्धि। करीबी मित्रों से धन का लाभ, निरोगता शत्रुओं पर विजय और मनोरथ सिद्धि होगी। रात्रि में शुभ व्यय मंगलमय समारोह में सम्मिलित होने का अवसर प्राप्त होगा।

### कुंभ
आज सत्पुरुषों के मिलने से मन में प्रसन्नता होगी। उच्चाधिकारियों की कृपा से भूमि-जायदाद संबंधी विवाद का समाधान भी हो जाएगा। सायंकाल के समय स्वास्थ्य कुछ ढीला हो सकता है, ध्यान रखें।

### मीन
आज कोई महत्वपूर्ण बिजनेस डील आपके पक्ष में फाइनल हो सकती है। यदि आप आज अपनी बात दूसरों तक पहुंचाने में कामयाब हो जाए, तो आने वाले दिनों में आपसे वरिष्ठ व्यक्ति भी आपकी प्रशंसा करेंगे।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5358


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 3 | 6 | 9 | | | 4 |
| | | 9 | | | | | 5 | |
| | 2 | | | | 4 | 7 | 1 | |
| 4 | 9 | 8 | | | | | | 7 |
| | | | 1 | | 7 | | | |
| 1 | | | | | | 4 | 3 | 5 |
| | 8 | 1 | 6 | | | | 4 | |
| | 5 | | | | | 3 | | |
| 9 | | | 2 | 7 | 1 | | | |

**नियम :** प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5357

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 2 | 8 | 1 | 3 | 6 | 7 | 9 |
| 8 | 7 | 9 | 2 | 6 | 4 | 1 | 5 | 3 |
| 1 | 6 | 3 | 9 | 5 | 7 | 4 | 2 | 8 |
| 7 | 3 | 1 | 5 | 9 | 6 | 2 | 8 | 4 |
| 4 | 5 | 8 | 7 | 3 | 2 | 9 | 1 | 6 |
| 2 | 9 | 6 | 1 | 4 | 8 | 5 | 3 | 7 |
| 6 | 1 | 4 | 3 | 7 | 5 | 8 | 9 | 2 |
| 3 | 8 | 5 | 4 | 2 | 9 | 7 | 6 | 1 |
| 9 | 2 | 7 | 6 | 8 | 1 | 3 | 4 | 5 |

## वर्ग पहेली 5358



**संकेतः बाएं से दाएं**

1. इस देश में फूल, रूमाल घड़ी आदि तोहफे देना गलत माना जाता है (2)
3. तमसा के तट पर इस महर्षि का आश्रम था, प्रख्यात ग्रंथ रामायण इन्हीं की कृति है (3)
6. विवाह तय होने के बाद वर को फल, रूपए देने आदि की रस्म (4)
8. शोध करने वाला (3)
10. मात्रा, तौल (4)
11. दौड़ने वाले को अंग्रेजी में यह कहत है (3)
12. कोन, रेखिक, मापी, खूंटा (2)
13. अध्ययन करने की क्रिया (2)
15. जयशंकर प्रसाद की प्रबंध काव्य (4)
18. दौड़पथ, धावनपथ (3)
20. कर या टैक्स देने वाला (4)
21. कार्यपूर्ति का माध्यम, उपकरण, जरिया (3)
22. भू पटल पर निचले और समतल क्षेत्र यह कहलाते है (3)

**ऊपर से नीचे**

1. मुख्यमंत्री को अंग्रेजी में यह कहत है (6)
2. शरीर की लंबी हड्डी को यह कहते हे (3)
3. कपि, वानर (3)
4. इस प्रसिद्ध पार्श्व गायक की बतौर संगीतकार पहली फिल्म झुमरू 1961 थी (6)
5. राजस्थान का एक शहर जो लोकसभा के पूर्व अध्यक्ष (दिवंगत) बलराम जाखड़ का संसदीय क्षेत्र रहा है (3)
7. पिता का पिता, बाबा (2)
9. गणित के जोड़ का चिन्ह, रूपया-पैसा (2)
12. शंका करने वाला, शंकालु (4)
14. विश्वविद्यालय या महाविद्यालय का संकायध्यक्ष का मुख्य आचार्य (2)
16. जब-तब, कभी-कभी (4)
17. आनीत, नीत (2)
19. पगार, तनख्वाह (3)

### वर्ग पहेली 5357 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ब्रि | टे | न | | अ | मे | ज | न |
| ज | ल | ज | | ट | ह | ल | |
| | र | फ | बु | क | | वा | क |
| सा | | | नि | ल | य | | मा |
| ह | म | सा | या | | म | ह | ल |
| सि | ल | | द | | द्वि | ज | |
| क | मा | ई | | य | ती | म | |
| | स | | न | दि | या | | |







हेयरकट करवाना है तुम्हें, पर समझ नहीं आ रहा कि कौन-सा करवाएं। घर पर कोई बताने वाला भी नहीं है। हम है न! हम बताते हैं कि इस साल कौन-सा हेयरकट हिट रहेगा?

# हेयरकट हिट जलवा फिट

**मम्मा** की पसंद का हेयरकट बहुत करवा लिया। कैटरीना, करीना और प्रियंका चोपड़ा जैसा हेयरकट करवाना है तुम्हें, पर मम्मा है कि समझती नहीं हैं। उन्हें लगता है कि तुम पढ़ाई में कम और फैशन में ज्यादा ध्यान देने लगी हो। अब ये बात उन्हें कौन समझाए कि हेयरकट करवाने से तुम कितनी स्मार्ट दिखोगी। सब तारीफ करेंगे तुम्हारी और ये सब मम्मा को अच्छा लगेगा ही। जल्दी से मम्मा को मनाओ कि तुम अपना हेयरकट करवाना चाहती हो, ताकि सब उनसे तुम्हारी तारीफ कर सकें। लेकिन, 2010 के ट्रेंड को ध्यान में रखकर ही हेयरकट करवाना।

**एक्स्ट्रा शॉर्ट ब्लॉन्ड:** तुम्हारे बाल पतले और हल्के हैं, तो तुम पर ये हेयरकट सूट करेगा, क्योंकि घने बालों पर ही थोड़े लंबे हेयरकट अच्छे लगते हैं, लेकिन इस तरह का हेयरकट हार्ट शेप या ओवल शेप वाले चेहरे पर ही अच्छा लगता है। ये हेयरकट आसानी से कैरी हो जाते हैं। इन्हें आप रोज शैंपू कर सकते हैं। अब मौसम बदल रहा है। एकाध महीने में गर्मियां भी आ जाएंगी। उसके बाद तो मन करेगा कि रोज बाल धोएं। तुम्हारे बालों की क्वालिटी कुछ ऐसी ही है, तो फटाफट अपना हेयरकट करवा डालो।

**बॉब कट:** प्रियंका चोपड़ा तो तुम्हें जरूर पसंद होगी। उसका फिगर और हेयरकट है ही बड़ा कमाल का। प्रियंका ने प्यार इंपॉसिबल के लिए जो हेयरकट करवाया है, वो यही तो है। छोटे-छोटे बाल कानों तक। अगर तुम्हारा फिगर भी कुछ ऐसा ही है, तो यकीनन तुम पर ये हेयरकट सूट करेगा। कर्ली और वेवी बालों पर भी बॉब कट सूट करता है। इस हेयरकट की सबसे अच्छी बात यह है कि सब तरह के फेसकट पर सूट करता है।

**बैंग्स:** बैंग्स सुनने में बड़ा अटपटा लगता है, पर है वही पुराना साधना कट जैसा। कुछ-कुछ वैसा ही दिखता है। आगे की तरफ गिरे हुए बाल। कैटरीना कैफ आजकल बैंग्स हेयरकट में दिखती है। पता है, इस हेयरकट में तुम बार्बी डॉल जैसी दिखोगी। लेकिन किसी ऐरू-गेरू पॉर्लर से ये हेयरकट मत करवाना। किसी ढंग के पार्लर में जाकर ही हेयरकट करवाना। उन्हें पता रहता है कि बाल कैसे काटने हैं। थोड़ा खर्च होगा पर तुम्हारे दोस्त कम से कम तुम्हारी हंसी नहीं उड़ाएंगे।

**पिक्सी:** शॉर्ट हेयरस्टाइल में पिक्सी सबसे ट्रेंडी हेयरकट है, लेकिन ये पतले चेहरे पर ही अच्छा लगते हैं। इसे मैंटेन करना भी आसान है। पिक्सी में चॉपी और शैगी दो ऑप्शन हैं। पिक्सी हेयरकट पीछे से छोटे और आगे से थोड़े गिरे हुए होते हैं। ये हेयरकट सबसे ज्यादा ट्रेंडी और मॉडर्न लुक देता है। तुम्हारे बाल अगर बढ़ते नहीं हैं, तो आंख मूंदकर ये हेयरकट करवा लो। इसी बहाने थोड़ी स्टाइलिश दिखोगी।

**बन हेयरस्टाइल:** बन बनाने के लिए टाइम चाहिए होता है। दीपिका पादुकोण अक्सर साड़ी में इसी हेयर स्टाइल के साथ दिख चुकी है। बन थोड़े लंबे बालों में ही बन पाता है। बाल कम से कम कंधों तक तो हों, वरना बन बनाने में असुविधा होती है। अगर तुम हेयरकट नहीं करवाना चाहती और फैमिली की शादी में तुम्हें स्टाइलिश भी दिखना है, तो इसी हेयरस्टाइल में वहां जाना।

**सेडू हेयरस्टाइल:** सेडू यानी सिडक्टिव हेयरकट। थोड़े लंबे और चमकदार बालों में ही सेडू हेयरकट बनता है। सेडू हेयरस्टाइल में हर तरह के कर्ली और वेवी बालों पर सूट करते हैं। तुम्हारे बाल लंबे, चमकदार और स्ट्रेट हैं, तो तुम इस हेयरस्टाइल में स्मार्ट दिखोगी। फ्रिंज हेयरकट तुम अपने चौड़े माथे से परेशान हो और कुछ करवाना चाहती हो, ताकि तुम्हारा माथा छिप सके। फिर हम तुम्हें यह हेयरकट रखने की सलाह देंगे, क्योंकि इससे तुम्हारा चौड़ा माथा छुप जाएगा। हॉलीवुड अभिनेत्री कैट मॉस यही हेयरकट रखती हैं।





# घर संभालने की कला

**दोस्तों** घर का हिसाब-किताब करना हो या रिश्तेदारी निभाना, घरेलू मोर्चा संभालने की जिम्मेदारी तो महिलाओं पर ही रहती है। अक्सर पुरुषों को इन मामलों में फिसड्डी ही समझा जाता है, लेकिन कुछ समय पहले हुए एक शोध के मुताबिक कहानी कुछ और ही है। कैलिफोर्निया में हुए इस शोध का कहना है कि अगर पुरुषों को मौका दिया जाए तो वे एक अच्छे होम मेकर साबित हो सकते हैं। तकरीबन 350 महिलाओं और पुरुषों पर किए गए इस अध्ययन के दौरान यह पाया गया कि अगर एक बार उन्हें घर संभालने की जिम्मेदारी दे दी जाए तो वे उसे काफी अच्छे तरीके से निभाना पंसद करते हैं।

इस रिसर्च के मुख्य शोधकर्ता जेड विडसन आंकड़ों को आधार बनाकर बताते हैं कि करीब 71 फीसदी पुरुष अपनी तनख्वाह के मुताबिक ही खर्च करते हैं, जबकि 53 प्रतिशत महिलाएं क्षमता से ज्यादा। लगभग 73 प्रतिशत पुरुष अपने आमदनी के हिसाब से शेयर बाजार, म्यूचुअल फंड्स, जीवन बीमा व अन्य बचत योजनाओं आदि पर निवेश करने पर प्राथमिकता देते हैं, जबकि केवल 4 फीसदी महिलाएं ही निवेश के बारे में गहरी जानकारी रखती हैं। अब आप कहेंगे कि केवल बचत करने से क्या, उन्हें खाना बनाना भी तो आना चाहिए, लेकिन हम आपको बताते चलें कि अमूमन पुरुष 'मुझे तो खाना बनाना आता ही नहीं' कहकर काम से बचकर निकल जाते हैं। लेकिन अगर एक बार पुरुष पाक कला सीख जाएं तो वह उसमें भी एक्सपर्ट हो जाते हैं। यकीन नहीं आया न, जरा आस-पास नजर दौड़ाइए, आपको सबसे बेहतरीन शेफ पुरुष ही मिलेंगे।

हैंडबैग महिलाओं के लुक को न केवल विशेष बनाता है, बल्कि व्यक्तित्व को उभारता भी है। मौजूदा दौर में हैंडबैग महिलाओं का आवश्यक साथी बन चुका है। हैंडबैग व पर्स का रंग व आकार यदि जूतों, कद काठी व वस्त्रों से मेल खाता हुआ हो तो बात कुछ खास हो जाती है।



# पर्सनैलिटी के अनुसार हो हैंडबैग

**आम** तौर पर सफेद, काल, मैरून, भूरे, सिल्वर व सुनहरी हैंडबैंग लगभग सभी पोषकों से मैच कर जाते हैं। अवसर के मुताबिक औपचारिक समारोह में जाते समय या खरीदारी करते समय और नौकरी पर जाते समय आवश्यकतानुसार चीजें भरकर अलग-अलग हैंडबैंग का प्रयोग करना चाहिए।

- कॉलेज व ऑफिस जाने वाली युवतियों को खुशनुमा आधुनिक डिजाइन के जूट, कपड़े, रेक्सिन या चमड़े के कमर तक लटकने वाले हैंडबैंग काम में लाने चाहिए।
- अध्यापन व प्रशासनिक दायित्वों से जुड़ी महिलाओं को सिम्पल डिजाइन का एकरंगा हैंडबैग व पर्स लेना चाहिए।
- दुबली, पतली छोटे कद की महिलाओं को चौड़े स्टैप वाले बड़े आकार के चपटे हैंडबैग का प्रयोग नहीं करना चाहिए। इन पर हल्के-फुल्के स्टेप वाले गोलाकार या पंचकोणनुमा शेप के हैंडबैग खूब फबते हैं।
- नाटी व मोटी महिलाओं को भी बहुत बड़े या छोटे हैंडबैग का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। इन्हें कमर से लटकने वाले हैंडबैंग की बजाय हैण्डिल वाले मध्यम आकार के हैंडबैग काम में लेने चाहिए।
- लम्बे कद की महिलाओं पर थोड़े बड़े लटकने वाले हैंडबैंग फबते हैं। शादी व स्वागत समारोह जैसे मांगलिक अवसरों पर पोशाक से मेल खाते मखमल या शनील के पर्स बहुत अच्छे लगते हैं।

## इन बातों का रखें ध्यान

चमचमाते साफ-सुथरे हैंडबैग जहां सुरुचिपूर्ण व्यक्तित्व के परिचायक हैं, वहीं बेडौल शेप के उखड़ी जिप वाले, बेकार सामान से भरे हैंडबैग फूहड़ व्यक्तित्व की चुगली खाते नजर आते हैं।

- इससे बचने हेतु अनावश्यक चीजें हैंडबैग में न रखें। इससे जिप व तनियों, स्ट्रेपसद्ध पर अनावश्यक बोझ पड़ता है और वे जल्दी खराब हो जाते हैं। फालतू चीजें भरी रहने से चीजें भी तुरंत मिल नहीं पातीं।
- बरसात के दिनों में चमड़े व हैंडबैग व पर्स का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए, क्योंकि पानी की नमी से ये बेडौल हो जाते हैं और इनमें फफूंद लग जाती है। हैंडबैग व पर्स का इस्तेमाल करने के बाद उन्हें सुरक्षित स्थान पर रख देना चाहिए।
- अधिक समय तक जब पर्स का प्रयोग न करना हो तो उसमें कागज भर कर रखें, ताकि आकार ठीक बना रहे। इन्हें बच्चों व फालतू जानवरों को खेलने के लिये देना नहीं चाहिए, क्योंकि इससे इनके खराब होने का डर बना रहता है।



प्रारंभ में जब महिलाएं गर्वभती होती थी तब उनका एक ही काम था, अपना व अपने बच्चे का ख्याल रखना और उनका करियर का वही खत्म हो जाना, पर अब महिलाओं ने ऐसा तरीका खोज निकाला है जिससे वे अपना व करियर दोनो को संभाल सकती है।

### समझे अपने आपको

कामकाजी महिलाओं को दिन में ऑफिस और रात को घर का काम ये दोनो के मध्य अपना भी ध्यान रखना काफी मुश्किल भरा होता है। आम तौर पर महिलाओं को कुछ ऐसे तकलीफें से गुजरती है जो एक गर्वभती महिला ही समझ सकती है, तो ऐसे मे वे स्वंय अपना ख्याल रखें।

### सही समय पर सही काम

कामकाजी गर्वभती महिलाओं को अपने कामो का शेड्यूल बनना चाहिऐ ताकि उनके सारे काम सही समय पर हो सके। घर व ऑफिस का टाइम दोनो को ऐसा संतुलन को बनाए रखना चाहिएं की जिससे किसी भी काम को देरी न हो।

### न लें टेंशन

प्रेग्नेंसी के दौरान महिलाओं को अपने आपको कूल रखना होता है, इससे डिलिवरी होते समय किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं आती, इसके साथ आपको योगा, मसाज, वॉक आदि को अपनाते रहना चाहिए ताकि आपका आने वाला बच्चा स्वस्थ हो।

### ऐसा भी करें

- हेल्दी फूड समय-समय पर लेते रहे।
- हमेशा खुश रहने की कोशिश करती रहे।
- समय-समय पर चेकअप कराते रहना चाहिए।
- एक्सपर्ट की सलाह लें।
- आराम दिलाने वाले तरीकों को अपनाएं

हर महिला को सबसे ज्यादा खुशी तब होती है जब वो मां बनती है, पर कामकाजी महिलाओं के लिए ये खुशी कुछ हद तक मायने रखती है क्यों कि उन्हे इसके लिए अपना करियर को छोड़ना पड़ सकता है।



# दिख रही आगे निकलने की चाहत?

**परंपरागत** माहौल में पली-बढ़ी स्त्री अपने दर्शन में स्पष्ट होती है कि उसका जीवन सिर्फ पर-सेवा और सबकी आंखों को भली लगने के लिए हुआ है। छोटी बच्चियां घर-घर, रसोई-रसोई, पार्लर-पार्लर खेलकर इसी सूत्र को अपनी जिंदगी का हिस्सा बना लेने की ट्रेनिंग लेते देखी जा सकती हैं। ठीक उसी समय जब उसकी उम्र के लड़के गन या पिस्तौल से मर्दानगी के पाठ पढ़ रहे होते हैं या कारों की रेस या बेमतलब की कूद-फांद, लड़ाई-झगड़े के खेल, खेल रहे होते हैं। इसे देखकर क्या कोई कह सकता है कि यही है गहरे संतुलित समाज की नींव? इस पर हमारा जवाब होगा, बिल्कुल नहीं।

आपने कॉलेज की बच्चियों को भी कभी कभी अपने बुजुर्गों से डांट खाते देखा होगा। कारण है कि ज्यादातर निम्न या मध्य वर्गीय परिवारों से आई हुई ये छात्राएं अपने लिए बेहद असुविधाजनक पहनावे को चुनने में पीछे नहीं हटती। गर्मी व उमस में सिंथेटिक कपड़े, बेहद ऊंची हील के सैंडल बार-बार फिसलते दुपट्टे में जड़ी तरह-तरह की लटकनें आदी। रास्तों में बाजारों में काम की जगहों में चमकीले तंग कपड़ों में फंसी, पल्ला और उसकी जगह-जगह उलझती लटकनें संभालती रंगी-पुती स्त्रियां, अपने आप संभलकर चल पाने में असमर्थ पति की बांह का सहारा लिए कभी-कभी लुढ़कने को होती स्त्रियां। अजीब-अजीब प्लेटफार्म वाले सैंडलों की हीक को मेट्रो और उसके प्लेटफार्म की दरार से निकाल कर हड़बड़ाती स्त्रियां। भले ही आज यह सभी की मजबूरी बन गया हो, लेकिन इतना तो साफ है कि समय बदल गया है और कल जो हाथ चूड़ियां पहनते थे वे अब लेपटॉप संथाले हुए हैं। मतलब साफ है कि अब दिख रही है आगे निकलने की चाहत!



## ...इन फिल्मों ने बदलकर रख दिया कैटरीना का करियर

वर्ष 2003 में कैटरीना कैफ ने फिल्म बूम से बॉलीवुड में कदम रखे। इसके बाद वह कई चर्चित फिल्मों का हिस्सा रही हैं। कैटरीना ने हाल ही में अपनी उन फिल्मों का जिक्र किया, जिन्होंने उनके करियर की दिशा बदल दी। कैटरीना कैफ ने बॉलीवुड में अच्छी पहचान अर्जित की है। अपने दो दशक से अधिक के करियर में कैटरीना ने एक लंबी पारी खेली है और यह जारी है। उन्होंने फिल्म बूम से अभिनय का सफर शुरू किया था। इस साल वह श्रीराम राघवन की फिल्म मैरी क्रिसमस में नजर आईं। कई फिल्मों में काम कर चुकीं अभिनेत्री का मानना है कि कुछ फिल्में ऐसी रही हैं, जिन्होंने उनके करियर को एक नई दिशा दी है।

कैटरीना कैफ हाल ही में अपनी इस साल आई फिल्म मैरी क्रिसमस का जिक्र करती दिखीं। इस दौरान उन्होंने निर्देशक श्रीराम राघवन की जमकर तारीफ की। श्रीराम राघवन की तारीफ करते हुए उन्होंने कहा कि उनकी फिल्मों के किरदारों को जब आप स्क्रीन पर देखते हैं, तो उनमें एक वास्तविकता होती है। कैटरीना का कहना है कि उन्हें सिर्फ फिल्म मैरी क्रिसमस पर ही गर्व नहीं है, बल्कि ऐसी और भी कई फिल्में हैं, जिन्होंने उनके करियर की दिशा बदल दी।

### जिंदगी का हिस्सा बन गईं फिल्में

कैटरीना ने कहा कि नमस्ते लंदन, वेलकम, सिंह इज किंग, न्यूयॉर्क, अजब प्रेम की गजब कहानी, राजनीति, जिंदगी ना मिले दोबारा जैसी कई फिल्में हैं, जिन्होंने उनका करियर बदल दिया। अभिनेत्री ने आगे कहा, मैं इन्हें सिर्फ फिल्म नहीं कहूंगी। ये मेरी जिंदगी के कुछ पल हैं। ये भावनाओं और अहसासों से पूरी तरह लबरेज हैं। कैटरीना ने कहा कि एक कलाकार के रूप में इन फिल्मों में काम करते हुए मेरे लिए वे अनोखे पल थे। कैटरीना का कहना है कि दर्शक उनके लिए हमेशा प्राथमिकता रहे हैं। उन्होंने कहा, मैं हमेशा दर्शकों को पहले रखती हूं। अपने पूरे करियर में अपनी पसंद के हिसाब से रहने की पूरी कोशिश की है। अब मुझे लगता है कि मैं संतुलन बनाने की कोशिश करती हूं। कौन सी स्टोरी मुझे खुद से जुड़ी लगती है और कौन सी स्टोरी दर्शकों से कनेक्ट करेगी। क्या चीज मुझे संतुष्टि देगी और किस चीज से मैं आगे बढ़ूंगी, फिलहाल ये सब मैं करना चाहती हूं।



## सबसे ज्यादा टैक्स भरती हैं बॉलीवुड की ये अभिनेत्रियां

**बॉलीवुड की कई अभिनेत्रियां कमाई के मामले में हीरो से कम नहीं हैं। फिल्मों के अलावा वे विज्ञापन के जरिए भी अच्छी-खासी कमाई करती हैं। हिंदी फिल्म इंडस्ट्री की ये अभिनेत्रियां टैक्स भरने के मामले में हीरो से कम नहीं हैं। आइए आज आपको बॉलीवुड की कुछ ऐसी ही अभिनेत्रिओं के बारे में बताते हैं -**

इस लिस्ट में दीपिका पादुकोण का नाम सबसे पहले आता है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें दीपिका बॉलीवुड में सबसे ज्यादा टैक्स भरती हैं। वहीं अगर अभिनेत्री की कमाई की बात करें तो विज्ञापन और फिल्मों के जरिए करोड़ों में कमाई करती हैं। सोशल मीडिया पर भी उन्हें काफी संख्या में फॉलो करते हैं। रिपोर्ट की मानें तो दीपिका टैक्स भरने के मामले में कई स्टार्स से आगे हैं।

### कियारा आडवाणी



इस लिस्ट में बॉलीवुड की खूबसूरत अदाकारा कियारा आडवाणी का भी नाम शामिल है। कियारा बॉलीवुड को कई हिट फ़िल्में दे चुकी हैं। फिल्मों के साथ-साथ वे कई बड़े ब्रांड्स के लिए भी काम करती हैं। कियारा की जितनी आमदनी है उस हिसाब से वे करोड़ों रुपये का टैक्स भरती हैं।


### आलिया



बॉलीवुड की खूबसूरत अभिनेत्री आलिया भट्ट इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर आती हैं। आलिया कई हिट फिल्मों का हिस्सा रह चुकी हैं। फिल्मों के अलावा वे कई बड़े ब्रांड्स के लिए भी काम करती हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक आलिया पांच से छह करोड़ रुपये हर साल का आयकर भरती हैं।

### कटरीना कैफ

कटरीना कैफ की गिनती बॉलीवुड की टॉप अभिनेत्रियों में होती है। सोशल मीडिया पर उन्हें करोड़ों लोग उन्हें फॉलो करते हैं। फिल्मों के अलावा विज्ञापनों के जरिए भी वे करोड़ों रुपए कमाती हैं। वहीं टैक्स भरने में भी वे कई हसीनाओं से आगे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मानें तो साल 2013-14 में वे सबसे अधिक टैक्स भरने वाली अभिनेत्रियों में से एक थीं।




## विक्की विद्या का वो वाला वीडियो की शूटिंग हुई पूरी, राजकुमार राव ने साझा की जानकारी

राजकुमार राव की गिनती बॉलीवुड के सबसे प्रतिभाशाली अभिनेताओं में होती है। वे अब तक अपनी कई फिल्मों से दर्शकों का मनोरंजन कर चुके हैं। जल्द ही वे एक नई फिल्म के साथ फैंस को खास तोहफा देने वाले हैं। इस फिल्म का नाम विक्की विद्या का वो वाला वीडियो है। फिल्म में उनके साथ तृप्ति डिमरी भी नजर आएंगी। इसका निर्देशन ड्रीम गर्ल और ड्रीम गर्ल 2 बना चुके राज शांडिल्य ने किया है। हाल ही में इस फिल्म को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है। इस फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली गई है। फिल्म में दर्शकों को 90 के दशक की कहानी देखने को मिलेगी। यह फिल्म टी-सीरीज फिल्म्स, बालाजी टेलीफिल्म्स और वकाओ फिल्म्स के साथ थिंकिंग पिक्चर्ज के सहयोग से बनी है। शूटिंग खत्म होने के बाद इससे जुड़ीं तस्वीरें भी अब सामने आ गई हैं। तस्वीरों में फिल्म की पूरी कास्ट नजर आ रही है। एक तस्वीर में राज के साथ राजकुमार राव और तृप्ति डिमरी दिख रही हैं। शूटिंग खत्म होने की जानकारी राजकुमार राव ने भी अपने सोशल मीडिया अकाउंट से दी है। वर्क फ्रंट की बात करें तो राजकुमार राव इस समय अपनी आगामी फिल्म श्रीकांत को लेकर चर्चा में हैं। हाल ही में इसका ट्रेलर जारी किया गया था, जिसे देखकर फैंस हैरान रह गए थे। इस फिल्म को 10 मई को रिलीज करने की तैयारी है। वहीं, तृप्ति डिमरी की बात करें तो वे भूल भुलैया 3 और बैड न्यूज जैसी फिल्मों में नजर आने वाली हैं।




## वरुण और जान्हवी की सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी में सान्या मल्होत्रा की हुई एंट्री



निर्देशक शशांक खेतान की फिल्म सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी में एक नया अपडेट सामने आया है। इस फिल्म में वरुण धवन और जान्हवी कपूर के बाद दो नए कलाकारों की एंट्री हो गई है।

वरुण धवन और जान्हवी कपूर की आगामी फिल्म सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी रोमांस और भरपूर मनोरंजन से भरी होगी। निर्देशक शशांक खेतान की फिल्म में जान्हवी कपूर और वरुण धवन अहम किरदार में नजर आएंगे। यह एक रोमांटिक फिल्म होगी, जिसमें भरपूर मनोरंजन के साथ प्यार, तकरार और खूब सारी मस्ती देखने को मिलेगी। अब इस फिल्म में दो नए चेहरे जुड़ गए हैं। मीडिया सूत्रों की माने तो इस फिल्म में रोहित सराफ और सान्या मल्होत्रा की एंट्री हो गई है। इस फिल्म में सान्या मल्होत्रा और रोहित सराफ का काफी मजेदार रोल होगा। इस फिल्म की शूटिंग राजस्थान और मुंबई में होगी। यह फिल्म इस साल के आखिर तक रिलीज हो जाएगी। इस फिल्म की घोषणा एक सोशल मीडिया पोस्ट के साथ 22 फरवरी 2024 को की गई थी। इस पोस्ट में लिखा था, आपका सनी संस्कारी अपनी तुलसी कुमारी को लेने के लिए रास्ते में है। इस फिल्म में वरुण धवन सनी संस्कारी की भूमिका में नजर आएंगे, जबकि जान्हवी कपूर तुलसी कुमारी की भूमिका निभाएंगी। इस फिल्म से पहले भी वरुण और जान्हवी एक साथ फिल्म बवाल में काम कर चुके हैं। इस फिल्म में दोनों की जोड़ी फैंस को बेहद पसंद भी आई थी। दोनों की लाजवाब केमेस्ट्री ने लोगों का दिल जीत लिया था। एक बार फिर से जान्हवी कपूर और वरुण धवन की जोड़ी को देखने के लिए फैंस बेकरार हैं।

### रोहित और सान्या की आगामी फिल्म

रोहित जल्द ही ओटीटी रिलीज मिसमैच्ड 3 के अलावा एक रोमांटिक कॉमेडी इश्क विश्क रिबाउंड की थिएट्रिकल रिलीज के लिए भी तैयारी कर रहे हैं। फिल्म में उन्हें जिबरान खान, पश्मीना रोशन और नैना ग्रेवाल के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करते हुए देखा जाएगा। निपुण अधिकारी द्वारा निर्देशित यह फिल्म 28 जून 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। सान्या मिसेज में नजर आएंगी, जिसे हवाई इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल 2024, पाम स्प्रिंग्स इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल 2024 और टालिन ब्लैक नाइट्स फिल्म फेस्टिवल में प्रदर्शित किया गया था।

## इस फिल्म से डेब्यू करेंगे इब्राहिम अली खान



इब्राहिम अली खान अपनी सोशल लाइफ को लेकर अक्सर सुर्खियों में बने रहते हैं। उनका नाम अक्सर किसी ना किसी अभिनेत्री से जुड़ता आया है। हाल ही में इब्राहिम को सिटी में सपॉट किया गया। इस मौके पर पैपराजी ने इब्राहिम से उनके इंस्टाग्राम अकाउंट के बारे में पूछा। तब इब्राहिम ने खुलासा करते हुए कहा कि वह सोशल मीडिया पर अपनी डेब्यू फिल्म को लेकर एक बड़ा खुलासा करने वाले हैं। मीडिया रिपोर्ट्स की माने तो इब्राहिम ने कुछ फिल्मों को साइन भी कर लिया है। अब इंट्राग्राम पर इब्राहिम अपनी फिल्मों को लेकर चर्चा करेंगे। इब्राहिम की इन बातों को सुनने के बाद उनके फैंस इस उलझन में फंस हुए हैं कि आखिर इब्राहिम किस तरह का एलान करने वाले हैं। क्योंकि वह तो पहले ही फिल्म सरजमीन में काम कर रहे हैं। तो फिर वह किस डेब्यू फिल्म के बारे में बात करना चाहते हैं।

मीडिया रिपोर्ट्स की माने तो इब्राहिम के पास करण जौहर की धर्मा प्रोडक्शन की फिल्म सरजमीन है। इब्राहिम की फिल्म सरजमीन की शूटिंग चल रही है। यह फिल्म साल 2025 तक सिनेमाघरों में आ सकती है। इस फिल्म में इब्राहिम के अलावा काजोल भी नजर आ सकती हैं। अब देखना यह है कि कल सुबह इब्राहिम अपनी किस डेब्यू फिल्म के बारे में बात करते हैं। इस फिल्म से बोमन ईरानी के बेटे कायोज ईरानी भी बतौर डायरेक्टर अपनी शुरुआत करने वाले हैं। इब्राहिम की इस फिल्म के लिए अभीतक किसी अभिनेत्री को अप्रोच नहीं किया गया है। इब्राहिम का अंदाज अपने पिता से बहुत मेल खाता है। इससे पहले इब्राहिम की बहन और एक्ट्रेस सारा अली खान ने ही यह कंफर्म किया था कि उनका भाई फिल्मों में डेब्यू करने वाला है। सारा ने यह भी बताया था कि इब्राहिम ने हाल ही अपनी पहली फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है। हो सकता है कि सारा उनकी फिल्म सरजमीन के बारे में ही बात कर रही हो।



## नौ साल बाद पर्दे पर वापसी करने वाले हैं इमरान? वीर दास के साथ इस फिल्म में दिखेगी जुगलबंदी

**अभिनेता इमरान खान अपनी पहली फिल्म से ही रातों-रात बॉलीवुड के चॉकेलेटी ब्वॉय बन गए थे। फिलहाल वह लंबे समय से फिल्मों में नजर नहीं आए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इमरान एक बार फिर से फिल्मी पर्दे पर वापसी करने को तैयार हैं। लंबे वक्त तक फिल्मी पर्दे से दूर रहे अभिनेता इमरान खान एक बार फिर अपने अभिनय का जलवा बिखेरते नजर आ सकते हैं।**

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, वह एक बार फिर से पर्दे पर वापसी कर रहे हैं। बता दें कि इमरान खान एक समय पर बॉलीवुड के आगामी सुपरस्टार के तौर पर देखे जा रहे थे। वह पहली बार मुख्य भूमिका में फिल्म जाने तू या जाने ना में नजर आए थे। फिल्म में इमरान खान को काफी पसंद भी किया गया था। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अभिनेता इमरान खान फिल्मों में वापसी करने का मन बना लिया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक वह इस प्रोजेक्ट में काफी दिलचस्पी ले रहे हैं। यह एक कॉमेडी फिल्म होगी। इस फिल्म का निर्माण उनके मामा आमिर खान कर रहे हैं। वहीं, कॉमेडियन सह अभिनेता वीर दास इस फिल्म से अपने निर्देशन करियर की शुरुआत करेंगे। कहा जा रहा है कि इससे पहले वह एक वेब सीरीज में नजर आने वाले थे, लेकिन वह सीरीज फिलहाल ठंडे बस्ते में चली गई है।

### हैप्पी पटेल की भूमिका में दिखेंगे

अभिनेता की फिल्मी पर्दे पर वापसी की खबरों से उनके फैंस में काफी उत्साह है। लंबे समय से उनके फैंस इस दिन का इंतजार कर रहे थे। एक रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म की शूटिंग गोवा में शुरू भी हो चुकी है। फिल्म का नाम हैप्पी पटेल बताया जा रहा है। फिल्म में वह हैप्पी पटेल नाम के व्यक्ति का किरदार करेंगे। यह फिल्म इमरान की पुरानी फिल्मों के जैसी ही होगी, जिसमें कॉमेडी का तड़का नया होगा।फिल्म को कॉमेडियन सह अभिनेता वीर दास निर्देशित करेंगे। यह उनकी बतौर निर्देशक पहली फिल्म होगी। वीर और इमरान इससे पहले फिल्म डेल्ही बेली में नजर आ चुके हैं। इस फिल्म में भी उनके मामा आमिर खान निर्माता थे। इमरान खान ने बतौर मुख्य अभिनेता फिल्म जाने तू या जाने ना से डेब्यू किया था। इस फिल्म में उनके साथ अभिनेत्री जेनेलिया डिसूजा भी नजर आई थीं। फिल्म के रिलीज के साथ ही वह बॉलीवुड के नए चॉकलेटी ब्वॉय बन गए थे। हालांकि, फिल्मों को लेकर अपने चयन और लगातार फ्लॉप फिल्में देने की वजह से उनका करियर लंबा नहीं चल सका। वह आखिरी बार फिल्म कट्टी बट्टी में नजर आए थे। यह फिल्म साल 2015 में रिलीज हुई थी। इसमें उनके साथ चर्चित अदाकारा कंगना रनौत भी नजर आई थीं।



# हर शेयर पर मुनाफा बांट रही अडानी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक



**नई दिल्ली, एजेंसी।** गौतम अडानी समूह की कंपनी-अडानी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड (एपीएसईजेड) का जनवरी-मार्च तिमाही में नेट प्रॉफिट 76.87 प्रतिशत बढ़ गया है। इस तिमाही में प्रॉफिट 2,014.77 करोड़ रुपये रहा। कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में 1,139.07 करोड़ रुपये का लाभ कमाया था।

अडानी पोर्ट्स ने बीएसई को दी सूचना में बताया कि इस लॉजिस्टिक्स कंपनी की वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में कुल आय बढ़कर 7,199.94 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले समान अवधि में 6,178.35 करोड़ रुपये थी। इस तिमाही में कुल खर्च बढ़कर 4,450.52 करोड़ रुपये हो गया, जो एक वर्ष पूर्व इसी तिमाही में 3,995 करोड़ रुपये था।

**डिविडेंड का ऐलान-** अडानी पोर्ट्स के बोर्ड ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 6 रुपये (300 प्रतिशत) डिविडेंड का ऐलान किया है। यह डिविडेंड प्रस्ताव आगामी एजीएम में शेयरधारक के अनुमोदन के अधीन है। बता दें कि अडानी पोर्ट्स के शेयर की कीमत 1349 रुपये से ज्यादा है। यह एक दिन पहले के मुकाबले 1.30 प्रतिशत से अधिक बढ़ गया। अप्रैल 2024 में इस शेयर की कीमत 1,425 रुपये थी। यह शेयर के 52 हफ्ते का हाई है।

**3.62 करोड़ मीट्रिक टन माल की ढुलाई-** अडानी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड (एपीएसईजेड) ने अप्रैल में 3.62 करोड़ मीट्रिक टन (एमएमटी) माल ढुलाई की। यह पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 12 प्रतिशत अधिक है। एपीएसईजेड ने कहा कि अधिकांश घरेलू बंदरगाहों पर वृद्धि दर्ज की गई, जिसमें धामरा बंदरगाह ने 43.8 लाख मीट्रिक टन अभी तक की सर्वाधिक मासिक माल ढुलाई की गई। उद्योगपति गौतम अडानी की कंपनी ने कहा कि लॉजिस्टिक्स सेग्मेंट में वृद्धि जारी रही। रेल क्षेत्र सालाना आधार पर पांच प्रतिशत वृद्धि के साथ 49,430 टीईयू और जीपीडब्ल्यूआईएस 26 प्रतिशत बढ़कर 1.8 एमएमटी रहा। बता दें कि अडानी समूह का एक हिस्सा एपीएसईजेड भारत में सबसे बड़ा बंदरगाह डेवलपर व ऑपरेटर है।

## संक्षिप्त समाचार

### एयरबीएनबी ने लॉन्च किया आइकॉन्स

#### बॉलीवुड स्टार जाह्नवी कपूर ने चेन्नई में अपने शानदार घर का दरवाजा मेहमानों के लिए खोला

**मुंबई, एजेंसी।** एयरबीएनबी लोगों के लिए नए तरह का अनुभव आइकॉन्स पेश कर रहा है इसके तहत दुनिया के मशहूर संगीतकार, फिल्म व टेलीविजन कलाकार और खिलाड़ी आदि मेहमानों का अलग अंदाज में स्वागत करेंगे। आइकॉन्स आपको एक ऐसी दुनिया में ले जाएंगे, जिसके बारे में अबतक आप केवल सोचा करते थे। आप चाहें फेरारी संग्रहालय में




सोएं या प्रिंस के पर्पल रेन हाउस में रहें या फिर बॉलीवुड आइकॉन जाह्नवी कपूर के समुद्र तट के समीप वाले घर में एक दिन बिताएं। आज, हम पूरे साल दुनिया भर में शानदार अनुभवों के साथ, एयरबीएनबी पर पहले 11 आइकॉन्स को पेश कर रहे हैं।

एयरबीएनबी के भारत, दक्षिण पूर्व एशिया, हांगकांग और ताइवान के जनरल मैनेजर अमनप्रीत बजाज ने कहा आइकॉन्स' ऐसे अनुभवों को जीवंत करते हैं जो जादुई और वास्तव में कल्पना से परे होते हैं आइकॉन्स लॉन्च के हिस्से के रूप में हम इस विशेष अभियान के लिए जाह्नवी कपूर के साथ साझेदारी करके रोमांचित हैं, जो जाह्नवी के समुद्र तट के समीप वाले घर की एक अभूतपूर्व झलक पेश करेगा। जाह्नवी कपूर ने इस मौके पर कहा मेरे सबसे प्यारी यादें चेन्नई स्थित हमारे घर में परिवार के साथ बिताई गर्मियों की हैं। यह जगह हमेशा एक आरामदायक जगह की तरह महसूस होती है, और मैं इस खास एहसास को अपने प्रशंसकों के साथ साझा करना चाहती हूं, यही वजह है कि मैं पहली बार एयरबीएनबी के जरिए अपने घर के दरवाजे खोल रही हूं।

### 300 रुपये के पार पहुंचे भेल के शेयर, रेलवे सिग्नलिंग बिजनेस के लिए हुई बड़ी डील

**नई दिल्ली, एजेंसी।** महार प्रतिशत कंपनी भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (भेल) के शेयरों में गुरुवार को जबरदस्त तेजी आई है। भेल के शेयर गुरुवार को 6 पर्सेंट से अधिक की तेजी के साथ 300.20 रुपये पर पहुंच गए हैं। इसके साथ ही, भेल के शेयरों ने 52 हफ्ते का अपना नया हाई बनाया है। महार प्रतिशत कंपनी के शेयरों में यह



तेजी एक बड़ी डील के बाद आई है। भेल ने रेलवे सिग्नलिंग बिजनेस के लिए एचआइएमए मिडिल ईस्ट एफजेडई, दुबई के साथ स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप एग्रीमेंट किया है। भेल के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 77.30 रुपये है। एचआइएमए मिडिल ईस्ट एफजेडई रेलवे और प्रोसेस इंडस्ट्रीज में सेफ्टी से जुड़े ऑटोमेशन के लिए सॉल्यूशंस उपलब्ध कराती है। वहीं, भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (भेल) भारतीय रेलवे को लोकोमोटिव्स के लिए इलेक्ट्रिक्स, ट्रैक्शन मोटर्स, ट्रैक्शन अल्टरनेटर्स और ट्रैक्शन ट्रांसफॉर्मर्स की सप्लाई कर रही है।

## जेवर बनवाना हुआ महंगा, फिर चढ़ें सोने-चांदी के भाव



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सोने-चांदी के कीमतों में गिरावट आने के बाद गुरुवार को फिर से इनके दाम में बढ़ोतरी देखी गई है। भारतीय वायदा बाजार में सोने-चांदी में उछाल आया है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोना 71,120 पर खुला था। सुबह 10:20 के आसपास इसमें लगभग 400 रुपए की तेजी दिखाई दे रही थी और मेटल 71,118 रुपए पर ट्रेड कर रहा था। पिछली क्लोजिंग 70,725 पर हुई थी। चांदी 175 रुपए की तेजी के साथ 80,045 रुपए प्रति किलोग्राम पर है। मंगलवार को सिल्वर 79,870 पर बंद हुआ।

**क्यों उछले सोना-चांदी के दाम-** अमेरिकी ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। फेडरल रिजर्व बैंक के मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी ने अपनी बैठक में लगातार सातवीं बार ब्याज दरों को स्थिर रखा है। हालांकि, फेड ने अब साल के आखिर में एक रेट कट की संभावना जताई है। इस बीच अंतरराष्ट्रीय बाजारों में गोल्ड में लगातार दूसरे दिन तेजी दर्ज की गई है। यूएस स्पॉट गोल्ड 0.3 प्रतिशत चढ़कर 2325 डॉलर प्रति औंस पर चल रहा था। पिछले सत्र में ये सीधा 1 पर्सेंट ऊपर चढ़ा था। यूएस गोल्ड फ्यूचर भी 1 पर्सेंट चढ़कर 2,334 डॉलर प्रति औंस पर चल रहा था।

हालांकि, गोल्ड में इस तेजी के पीछे फेड की ओर से अभी भी एक रेट कट में कटौती की संभावनाओं को माना जा रहा है। कम ब्याज दरों में बुलियन की कीमतें ऊपर जाती हैं। इससे गोल्ड को लेकर सेंटीमेंट में सुधार दिख रहा है।

**सर्राफा बाजार में सोने-चांदी के भाव-** अगर दिल्ली सर्राफा बाजार की बात करें तो मंगलवार को मेटल्स में गिरावट दर्ज की गई थी। राजधानी के सर्राफा बाजार में सोना 150 रुपए की गिरावट के साथ 72,600 रुपए प्रति 10 ग्राम पर था। चांदी की कीमत भी 750 रुपए लुढ़ककर 83,750 रुपए प्रति किलो रह गई थी।

## वेटर की कमाई के आगे दुनिया का बड़े से बड़ा अरबपति भी फेल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कभी वेटर रहे एक शख्स की इस चार महीने की कमाई के आगे दुनिया के बड़े से बड़ा अरबपति भी पिछड़ गयाा है। चाहे एलन मस्क हों या मार्क जुकरबर्ग या फिर दुनिया के सबसे अमीर बर्नार्ड अर्नाल्ट ही क्यों न हों, जेनसेन हुआंग से पिछड़ गए हैं। ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स के मुताबिक जेनसेन हुआंग इस साल कमाई में मार्क जुकरबर्ग को पछाड़ नंबर वन बन गए हैं।

जेनसेन हुआंग ने इस साल अबतक अपनी संपत्ति में 29.2 अरब डॉलर जोड़ने में कामयाब रहे। उनका कुल नेटवर्थ भले ही जुकरबर्ग के नेटवर्थ से काफी कम है, लेकिन इस साल इन्होंने कमाई में सभी को पीछे छोड़ दिया है। जेनसेन हुआंग 73.2 अरब डॉलर के नेटवर्थ के साथ दुनिया के अमीरों की लिस्ट में 20वें स्थान पर हैं।

जुकरबर्ग इस मामले में दुनिया में दूसरे नंबर पर हैं। इन्होंने इस साल अबतक 28.3 अरब डॉलर की कमाई की है। इनका कुल नेटवर्थ 156 अरब डॉलर है। तीसरे नंबर पर अमेजन के पूर्व सीईओ जेफ बेजोस हैं। इनकी इस साल की कमाई 24.3 अरब डॉलर है। इनके पास 201 अरब डॉलर की संपत्ति है। एलन मस्क ने इस साल 37.5 अरब डॉलर गंवाया है। मस्क की कुल संपत्ति 191 अरब डॉलर रह गई है।



### कभी वेटर थे हुआंग

हुआंग कंप्यूटर प्रोसेसर और एआई टेक्नॉलजी की अग्रणी कंपनी एनवीडिया के चेयरमैन हैं। हुआंग ने 1993 में कंपनी की सह-स्थापना की और 1999 में पहली ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट पेश की। हुआंग ने कभी वेटर का भी काम किया लेकिन, आज इनकी गिनती दुनिया के सबसे अमीर लोगों में होती है।

### किस देश के मूल निवासी हैं हुआंग

1963 में ताइवान के ताइनान में जन्मे हुआंग का परिवार पहली बार थाईलैंड में रिलोकेट हुआ जब वह पांच साल के थे। नौ साल के थे तो दोनों भाई चाचा के साथ रहने के लिए टैकोमा, वाशिंगटन चले गए। अलोहा हाई स्कूल से ग्रैजुएशन किया।

## 14 दिन से टूट रहा था यह शेयर, 49 प्रतिशत गिर गया भाव, अब खरीदने की मची लूट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सन फार्मा एडवांस्ड रिसर्च कंपनी (एसपीएआरसी) लिमिटेड के शेयरों में 14 दिन की गिरावट पर ब्रेक लग गया है। सप्ताह के तीसरे कारोबारी दिन गुरुवार को इस शेयर ने 4 प्रतिशत तक की बढ़त हासिल की। ट्रेडिंग के दौरान शेयर की कीमत 243.85 रुपये तक पहुंच गई। बता दें कि लगातार 13 कारोबारी दिन तक इस शेयर में 5 प्रतिशत का लोअर सर्किट लगा और कुल 14 कारोबारी दिनों की गिरावट के दौरान यह 49 प्रतिशत गिर गया।

**गिरावट की वजह-** दरअसल, वोडोबेटिनिब को लेकर प्रोसीक स्टडी किया गया था। यह स्टडी पार्किंसंस रोग के रोगियों के लिए किया गया। स्टडी के रिजल्ट के मुताबिक वोडोबेटिनिब लेने वाले रोगियों को ट्रीटमेंट में कोई फायदा नहीं हुआ है। स्टडी में कहा गया है कि 442 मरीजों ने प्रोसीक स्टडी के पार्ट-1 को कंप्लीट किया था। अब कंपनी ने स्टडी को बंद करने का फैसला लिया है। यह कंपनी के लिए बड़ा झटका है। इसका अध्ययन पार्किंसंस रोग, लेवी बॉडी डिमेंशिया और अल्जाइमर के लिए किया जा रहा था। बता दें कि पार्किंसंस रोग एक प्रोगेसिव न्यूरोलॉजिकल डिसऑर्डर है। पार्किंसंस रोग के लिए वोडाबेटिनिब की अनुमानित अधिकतम बिक्री 5 बिलियन तक है।

## नवरत्न तेल सिरदर्द और तनाव संबंधी समस्याओं से प्रभावी राहत देता है: कपिल शर्मा

### ठंडे तेल का राजा नवरत्न, इस गर्मी में कॉमेडी किंग कपिल शर्मा और उनके गैंग के साथ और भी कूल हो जाएगा

**कोलकाता, एजेंसी।** इमामी लिमिटेड का आयुर्वेदिक ठंडे तेल मार्केट में अग्रणी ब्रांड, नवरत्न इस गर्मी में एक लाफ्टर चैलेंज लेकर आया है, जिसमें कपिल शर्मा अपने लाफ्टर फैमिली मेंबर्स किकू शारदा, गौरव गेरा और सुमोना चक्रवर्ती के साथ ब्रांड में शामिल हुए हैं ।

टीवी विज्ञापनों और डिजिटल कंटेंट की एक नयी श्रृंखला में, नवरत्न तेल ने कपिल शर्मा और उनके सह-कलाकारों के साथ तेल को ठंडक का बादशाह, राहत का राजा के रूप में प्रस्तुत किया है जो आम आदमी के सामने आने वाले दैनिक तनावों और चुनौतियों से निपटने में मदद करता है। नवरत्न तेल की दो मिनट की चंपी (सिर की मालिश) राहत और आराम देती है और ठंडा ठंडा कूल कूल करती है।




श्री हर्षा वी.अग्रवाल, वाइस चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर, इमामी लिमिटेड, ने इस यूनिक एंडोर्समेंट एसोसिएशन पर टिप्पणी करते हुए कहा, हमें अपने ब्रांड नवरत्न आयुर्वेदिक तेल के लिए कपिल शर्मा और उनकी अनोखी टीम के साथ जुड़कर खुशी हो रही है। हँसी मजाक तनाव दूर करने के लिए जाना जाता है और कपिल अपने अलग अंदाज में एक दशक से भी अधिक समय से लोगों को हंसा रहा है। नवरत्न, भारत का नंबर 1 ठंडा तेल है जो अपने लाखों ग्राहकों को दैनिक तनाव से राहत देता है, और कपिल शर्मा और उनकी टीम के बीच में एक प्राकृतिक सहजता है । हमारा दृढ़ विश्वास है कि ब्रांड मैसेजिंग का यह नया दृष्टिकोण दर्शकों को हमारी और आकर्षित करने के लिए प्रभावी ढंग से काम करेगा। इस मौके पर कॉमेडियन, एक्टर, सिंगर और एंकर कपिल शर्मा ने कहा, नवरत्न आयुर्वेदिक तेल रोजमर्रा जीवन की चुनौतियों के कारण होने वाले सिरदर्द और तनाव संबंधी समस्याओं से प्रभावी राहत देता है। मेरी टीम और मैं तनाव से राहत, जीवन की कठिनाइयों और संकटों से मुक्ति के लिए हँसी मजाक को एक शक्तिशाली उपाय के रूप में उपयोग करने का प्रयास करते हैं। नवरत्न और हम हँसी मजाक के माध्यम से जो राहत देने की कोशिश कर रहे हैं, उसमें एक स्वाभाविक तालमेल है, जो हमारे सहयोग के लिए बिल्कुल उपयुक्त है ।

## बजाज आलियांज़ लाइफ ने अपने भागीदारी वाले उत्पादों के लिए की अब तक के उच्चतम बोनस की घोषणा

### वित्त वर्ष 2024 के लिए घोषित 1,383 करोड़ रुपये के बोनस से 11.66 लाख से अधिक पॉलिसीधारक लाभान्वित होंगे

BAJAJ Allianz
LIFE GOALS. DONE.

**पुणे एजेंसी।** भारत की अग्रणी निजी जीवन बीमा कंपनियों में से एक, बजाज आलियांज लाइफ ने लगातार 23वें साल बोनस की घोषणा की है! यह उन 11.66 लाख से अधिक पॉलिसीधारकों के लिए है जिन्होंने कंपनी के भागीदारी (भागीदारी) वाले उत्पादों में निवेश किया है। कंपनी ने वित्त वर्ष 2024 के लिए 1,383 करोड़ रुपये के बोनस की घोषणा की है जो कंपनी के इतिहास में अब तक का उच्चतम बोनस है।

पारंपरिक भागीदारी (लाभ के साथ) वाली पॉलिसी के पॉलिसीधारक इस बोनस के पात्र हैं, जिसकी घोषणा भागीदारी वाले (लाभ के साथ) फंड के तहत पैदा अधिशेष (सरप्लस) के आधार पर की जाती है। 31 मार्च, 2024 तक लागू भागीदारी वाली पॉलिसी सभी इस बोनस को प्राप्त करने योग्य हैं। बजाज आलियांज़ लाइफ फ्लेक्सी इनकम गोल, बजाज आलियांज़ इलीट एश्योर, बजाज आलियांज़ लाइफ एस जैसे भागीदारी वाले उत्पादों के पॉलिसीधारक घोषित बोनस से लाभान्वित होंगे। वित्त वर्ष 2024 का बोनस वित्त वर्ष 2023 के बोनस से 15त्न अधिक है। वित्त वर्ष 2023 में यह 1,201 करोड़ रुपये था।

बजाज आलियांज़ लाइफ इंश्योरेंस के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी, श्री तरुण चुघ ने कहा, हमें अपने दो दशक से अधिक के इतिहास में अब तक के सबसे उच्चतम स्तर के बोनस की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। यह हर तरह से अपने ग्राहकों के दीर्घकालिक जीवन लक्ष्यों को सक्षम करने पर हमारे फोकस का प्रतिबिंब है। हमारी निवेश रणनीतियां हमारे बेहतरीन मूल्य वाले उत्पादों का समर्थन करती हैं और यह सुनिश्चित करने के लिए तैयार की गई हैं कि हम अपने ग्राहकों को हर साल उनके जीवन लक्ष्यों के करीब लाते जाएं। इस बोनस की घोषणा उस दिशा में एक आवश्यक कदम है। हम अपने ग्राहकों के जीवन लक्ष्यों के लिए अथक प्रयास करना जारी रखेंगे और ऐसी घोषणाओं के माध्यम से हम कंपनी पर उनके भरोसे का सम्मान करते रहेंगे।

## आईआईटी मद्रास बी.एस. डेटा साइंस के 2,500 विद्यार्थियों को इसकी मदद से जॉब और प्रमोशन मिला

**चेन्नई, एजेंसी।** डेटा साइंस और एप्लिकेशन में आईआईटी मद्रास की बीएस डिग्री के चार साल पूरे हो रहे हैं। संस्थान ने अब तक इस प्रोग्राम के 2,500 से अधिक छात्रों को नौकरी या पदोन्नति लेने में सक्षम बनाया है। 850 से अधिक छात्र कॉर्नेल यूनिवर्सिटी और जॉर्जिया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, यूएस और आल्टो यूनिवर्सिटी, फिनलैंड जैसे प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों के मास्टर और पीएचडी प्रोग्राम में प्रवेश लेने में सफल रहे हैं। इतना ही नहीं, बहुत से विद्यार्थी अपने प्राथमिक डोमेन से स्ट्रीम बदल कर कंप्यूटर साइंस या डेटा साइंस में प्रवेश ले चुके हैं। . जून 2020 में शुरू किया गया यह एक अभूतपूर्व प्रोग्राम है, जो आईआईटी मद्रास से पढ़ने के इच्छुक छात्रों का सपना जेईई की कठिन परीक्षा दिए बिना संभव बनाता है। वर्तमान में पूरे भारत के 27,000 से अधिक छात्र इस प्रोग्राम में नामांकित हैं। पढ़ाई ऑनलाइन होती है और परीक्षाएं फिजिकल मोड में होती है। पूरे देश और विदेशों में भी कुल 150 केंद्रों पर परीक्षाएं आयोजित की जाती हैं। इस तरह बीएस डिग्री के माध्यम से संस्थान ने भौगोलिक और उम्र जैसी बाधाओं को दूर कर विद्यार्थियों को आईआईटी की उच्च गुणवत्ता के साथ उच्च शिक्षा जन-जन के लिए सुलभ बना दिया है।

## रियलमी ने सबसे तेज एंट्री लेवल स्मार्टफोन रियलमी सी65 5जी पेश किया

**मुंबई एजेंसी।** सबसे भरोसेमंद सेव प्रदाता, रियलमी ने आज अपनी चैंपियन सीरीज़ रियलमी सी सीरीज़ में रियलमी सी65 5जी लॉन्च किया इस नए स्मार्टफोन में कई इनोवेटिव फीचर्स के साथ शानदार डिज़ाइन है जो यूज़र्स को स्मार्टफोन का बेहतर अनुभव प्रदान करेगा। रियलमी सी सीरीज़ अपनी आधुनिक फास्ट चार्जिंग, कैमरा टेक्नोलॉजी, और डिज़ाइन के लिए उद्योग में कई मानक स्थापित कर चुकी है। सी सीरीज़ का हर नया स्मार्टफोन चार महत्वपूर्ण क्षेत्रों: चार्जिंग, कैमरा, स्टोरेज, और डिज़ाइन में बेहतरीन और आकर्षक अपडेट्स के साथ सेगमेंट का नेतृत्व कर रहा है।



इस लॉन्च के बारे में रियलमी के प्रवक्ता ने कहा रियलमी में हम हर व्यक्ति को टेक्नोलॉजी की ताकत देना चाहते हैं आज इनोवेशन के हमारे इस सफर का एक महत्वपूर्ण क्षण है जब हम अपनी लोकप्रिय सी सीरीज़ में अत्याधुनिक स्मार्टफोन, रियलमी सी65 5जी लॉन्च कर रहे हैं। मीडियाटेक डायमेंसिटी 6300 5जी चिपसेट के साथ दुनिया के पहले स्मार्टफोन के रूप में रियलमी सी65 5जी अपनी बेहतर परफॉर्मेंस और आधुनिक फीचर्स द्वारा यूज़र के अनुभव में परिवर्तन ला देगा। हमारी रियलमी सी सीरीज़ हमेशा से लोगों को इनोवेटिव टेक्नोलॉजी प्रदान करती आई है और किफायती मूल्य में इतने आधुनिक फीचर्स के साथ इस सीरीज़ ने उद्योग में अपनी एक अलग पहचान बना ली है।

अनुज सिद्धार्थ, डिप्टी डायरेक्टर, मार्केटिंग एवं कम्युनिकेशंस, मीडियाटेक ने कहा मीडियाटेक डायमेंसिटी 6300 5जी स्मार्टफोंस में तीव्र गेमिंग और बेहतरीन कैमरा क्वालिटी को सपोर्ट करता है बैटरी लाईफ बढ़ाने के लिए इसमें टीएसएमसी 6एनएम-क्लास चिप होती है। उन्होंने आगे कहा रियलमी सी65 5जी में मीडियाटेक डायमेंसिटी 6300 मीडियाटेक 5जी अल्ट्रासेव 3.0. के साथ आता है जो बेहतरीन एफिशियंसी, परिस्थिति के अनुरूप इंटेलिजेंट विशेषताएं, मीडियाटेक हाईपरइंजन गेमिंग टेक्नोलॉजी प्रदान करता है, और 108 मेगापिक्सल कैमरा सेंसर को सपोर्ट कर बिलियन कलर डिस्प्ले के साथ काफी विस्तृत फोटो संभव बनाता है।''

# पीसीबी ने ड्रॉफ्ट शेड्यूल में भारत के सभी मैच लाहौर में रखे




**लाहौर, एजेंसी।** 2025 चैंपियंस ट्रॉफ़ी के लिए पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) जो शेड्यूल तैयार कर रही है उसमें भारत को पूरे टूर्नामेंट के लिए एक ही शहर में रोका जा सकता है। पीसीबी वह हरसंभव प्रयास कर रही है, जिससे 17 साल में पहली बार भारतीय टीम का पाकिस्तान दौरा संभव हो सके। दो सप्ताह के टूर्नामेंट का आयोजन करने के लिए पीसीबी कराची, लाहौर और रावलपिंडी पर विचार कर रही है। ईएसपीएनक्रिकइंफो समझता है कि भारत के सभी मैच लाहौर में सकते हैं क्योंकि यहीं पर फ़ाइनल भी खेला जाना है।

भारत को एक ही शहर में रोकने से सुरक्षा संबंधी चिंता को कम किया जा सकता है। लाहौर में होने से वाघा बॉर्डर भी पास पड़ेगा, जिससे कि भारतीय फ़ैंस के लिए भी वहां जाना आसान होगा। पीसीबी चेयरमैन मोहसिन नक़वी ने इस सप्ताह की शुरुआत में कहा था कि उन्होंने एक ड्राफ़्ट बनाकर आईसीसी को भेज दिया है। ड्राफ़्ट पर पर चर्चा होनी बाक़ी है और सबसे अहम मुद्दा यही होगा कि क्या भारतीय टीम पाकिस्तान दौरे पर जाएगी या नहीं।

2008 में हुए एशिया कप के बाद से भारतीय टीम ने पाकिस्तान में नहीं खेला है। उसी साल हुए मुंबई हमले के बाद से दोनों देशों के बीच संबंध लगातार ख़राब ही होते रहे हैं। पिछले साल जब पाकिस्तान ने एशिया कप की मेज़बानी की थी, तो उन्हें मजबूरी में हाइब्रिड मॉडल अपनाना पड़ा था। भारत ने अपने सभी मैच श्रीलंका में खेले थे और इसमें पाकिस्तान के ख़िलाफ़ हुआ मैच भी शामिल था। पिछले साल भारत में खेले गए वनडे विश्व कप में अपने लिए पाकिस्तान ने भी हाइब्रिड मॉडल की मांग की थी, लेकिन इस पर कभी गंभीर चर्चा हुई ही नहीं। पांच अलग-अलग मैदानों में पाकिस्तान ने अपने मैच खेले थे और ग्रुप चरण से बाहर हुए थे। चैंपियंस ट्रॉफ़ी के लिए भारतीय टीम पाकिस्तान जाएगी या नहीं, इसका फैसला बीसीसीआई की बजाय भारत सरकार के हाथों में है।

मंगलवार की शाम को कराची में नक़वी ने उम्मीद जताई है कि इस टूर्नामेंट के लिए सभी आठ टीमें पाकिस्तान आएंगी। 1996 विश्व कप में भारत और श्रीलंका के साथ संयुक्त मेज़बानी करने के बाद यह पहला आईसीसी इवेंट होगा, जिसकी पाकिस्तान मेज़बानी करता नजर आएगा। 2008 में ही पाकिस्तान इसे होस्ट करने वाला था, लेकिन टूर्नामेंट स्थगित कर दिया गया था और फिर इसे सुरक्षा कारणों से साउथ अफ़्रीका स्थानांतरित कर दिया गया था।

## साद बिन जफर पहली बार कनाडा की टी20 विश्व कप टीम की कप्तानी करेंगे

**ओंटारियो, एजेंसी ।** कनाडा ने वेस्टइंडीज और यूएसए में 1 जून से शुरू होने वाले आईसीसी टी20 विश्व कप के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की है, जिसमें ऑलराउंडर साद बिन जफर को कप्तान बनाया गया है। जफर पहली बार टी20 विश्व कप में कनाडा की कप्तानी करेंगे। टीम को पूर्व श्रीलंकाई और कनाडाई अंतर्राष्ट्रीय पुबुदु दस्सानायके द्वारा प्रशिक्षित किया गया है, जिन्होंने 2022 में बागडोर संभाली थी।




कनाडा को ग्रुप ए में भारत, पाकिस्तान, आयरलैंड और अमेरिका के साथ रखा गया है। वे 1 जून को डलास में पड़ोसी देश अमेरिका के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे, इसके बाद उत्तरी अमेरिकी देश को 7 जून को आयरलैंड का सामना करना है। इसके बाद 11 जून को पाकिस्तान और 15 जून को भारत के खिलाफ उनका मुकाबला होगा।

**टीम** - साद बिन जफर (कप्तान), आरोन जॉनसन, डिलन हेलिगर, दिलप्रीत बाजवा, हर्ष ठाकेर, जेरेमी गॉर्डन, जुनैद सिद्दीकी, कलीम सना, कंवरपाल ताथगुर (विकेटकीपर), नवनीत धालीवाल, निकोलस किर्टन, परगट सिंह, रविंदरपाल सिंह, रेयानखान पठान, श्रेयस मोव्वा (विकेटकीपर)।

**रिर्जव** - तजिंदर सिंह, आदित्य वरदराजन, अम्मार खालिद, जतिंदर मथारू, परवीन कुमार।

## पाकिस्तान ने आयरलैंड-इंग्लैंड टी20 सीरीज के लिए टीम का एलान किया, क्या यही खिलाड़ी खेलेंगे विश्व कप?

**कराची, एजेंसी।** आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए पाकिस्तानी चयनकर्ताओं ने लेग स्पिनर उसामा मीर को टीम से बाहर कर दिया। वहीं, हारिस रऊफ की टी20 टीम में वापसी हुई है। पाकिस्तान के चयनकर्ताओं की टीम में पूर्व क्रिकेटर्स मोहम्मद यूसुफ, अब्दुल रज्जाक, वहाब रियाज शामिल हैं। पाकिस्तान ने आगामी टी20 विश्व कप के लिए टीम का एलान नहीं किया है, लेकिन गुरुवार को पीसीबी के चयनकर्ता ने आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ आगामी टी20 सीरीज के लिए टीम की घोषणा कर दी है। आईसीसी ने सभी टीमों को अपने संभावित-15 बताने के लिए एक मई की तारीख दी थी। हालांकि, समय बीत जाने के बावजूद पाकिस्तान टीम सामने नहीं आई। ऐसा कहा जा रहा है कि पाकिस्तान ने आईसीसी को टीम भेज दी है, लेकिन उसे सार्वजनिक करने का फैसला नहीं लिया है। इसके उलट पाकिस्तान के चयनकर्ताओं ने आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए टीम की घोषणा की। ऐसा माना जा रहा है कि यही टीम टी20 विश्व कप में भी खेलती दिखाई पड़ेगी। 25 मई के बाद कोई भी टीम आईसीसी की इजाजत के बिना अपने 15 में बदलाव नहीं कर सकेगी।




### हारिस रऊफ की पाकिस्तान टीम में वापसी

आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए पाकिस्तानी चयनकर्ताओं ने लेग स्पिनर उसामा मीर को टीम से बाहर कर दिया। वहीं, हारिस रऊफ की टी20 टीम में वापसी हुई है। पाकिस्तान के चयनकर्ताओं की टीम में मोहम्मद यूसुफ, अब्दुल रज्जाक, वहाब रियाज शामिल हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की विश्व कप टीम आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में खिलाड़ियों के प्रदर्शन के बाद तय की जाएगी। पाकिस्तान और आयरलैंड के बीच तीन मैचों की टी20 सीरीज की शुरुआत 10 मई से होने जा रही है।

# मार्श ने फ्रेजर-मैकगर्क को टी20 विश्व कप टीम में नहीं चुने जाने पर कहा, हमने सभी आधारों को कवर कर लिया है

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नवनियुक्त टी20 कप्तान मिशेल मार्श ने जेक फ्रेजर-मैकगर्क को 15 सदस्यीय टी20 विश्व कप टीम से बाहर करने का कारण स्पष्ट किया है। उन्होंने कहा कि ऑस्ट्रेलिया की टीम में ÷सभी आधार शामिल हैं, और मौजूदा सलामी बल्लेबाज; ट्रैविस हेड और डेविड वार्नर ने पिछले 18 महीनों में असाधारण रूप से अच्छा प्रदर्शन किया है, जिससे वे मेगा इवेंट के लिए पसंदीदा विकल्प बन गए हैं।

2021 टी20 विश्व कप चैंपियन ने बुधवार को 20 ओवर के प्रदर्शन के लिए अपनी टीम का अनावरण किया, और 15 खिलाड़ियों के समूह से फ्रेजर-मैकगर्क और पूर्व कप्तान स्टीव स्मिथ की अनुपस्थिति सबसे बड़े आश्चर्य में से एक थी। फ्रेजर-मैकगर्क मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में दिल्ली कैपिटल्स के लिए शानदार फॉर्म में हैं और अब तक तीन अर्धशतक बना चुके हैं। कई लोगों का मानना है कि दाएं हाथ के खिलाड़ी ने 1 जून से शुरू होने वाले कैरेबियन और यूएसए में टी20 विश्व कप के लिए चुने जाने के लिए अपनी क्षमताओं का पर्याप्त प्रदर्शन किया है। मार्श ने ऑस्ट्रेलियाई रेडियो स्टेशन पर कहा, जेकी एक उत्कृष्ट प्रतिभा है। मुझे लगता है कि आप जानते हैं कि वह आईपीएल में जिस तरह से खेल रहा है, उसने तहलका मचा दिया है, वे सभी उससे प्यार करते हैं और निश्चित रूप से, दिल्ली टीम उसकी कंपनी का आनंद ले रही है और वह टीम में जो कुछ भी लाता है उसका आनंद ले रही है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि वह जहां भी खेलेगा, उसका भविष्य बहुत बड़ा होगा।





फ्रेजर-मैकगर्क ने अब तक आईपीएल 2024 में 259 रन बनाए हैं, जिसमें 22 वर्षीय खिलाड़ी ने डीसी के लिए छह पारियों में से 23 मौकों पर बॉउंड्री को पार किया है और इस आयोजन में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में छठे स्थान पर हैं।

लेकिन हमें लगता है कि हमने अपनी टीम के सभी आधारों को कवर कर लिया है। हेडी और डेविड वार्नर न केवल लंबे समय तक बल्कि इस (टी20) विश्व कप की तैयारी में पिछले 18 महीनों में हमारे लिए शानदार रहे हैं। हम वास्तव में सहज हैं कि हमें उम्मीद है कि हमें (टी20) विश्व कप में आगे ले जाने के लिए सही 15 खिलाड़ी मिल गए हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या उन्हें उम्मीद है कि फ्रेजर-मैकगर्क विश्व कप के तुरंत बाद ऑस्ट्रेलिया की सफेद गेंद वाली टीम के लिए जोर देंगे, मार्श ने कहा, ओह, हाँ, इसमें कोई संदेह नहीं है। वह बहुत तेजी से सामने आया है। इसमें बड़ी मात्रा में प्रतिभा है जिसे कम उम्र से ही पहचान लिया गया है। हमने इस साल बिग बैश में इसकी झलक देखी और आप जानते हैं कि आईपीएल एक कठिन टूर्नामेंट है। उन्होंने कहा, आप एक कदम पीछे नहीं हट सकते और वह निश्चित रूप से इसी तरह अपना क्रिकेट खेलते हैं। उनका भविष्य रोमांचक है।

## रिंकू के परिवार का सपना टूटा

### पिता बोले- हम मिठाई-पटाखे लेकर आए थे, बेटे ने बताया उसका सिलेक्शन नहीं हुआ




**नई दिल्ली, एजेंसी।** बीसीसीआई के सिलेक्टर्स ने मंगलवार को टी-20 वर्ल्ड कप के लिए भारतीय टीम की घोषणा की। उत्तर प्रदेश के बल्लेबाज रिंकू सिंह सिलेक्शन के मजबूत दावेदार थे लेकिन उनको जगह नहीं मिली। इससे रिंकू के परिवार वाले बहुत निराश हैं। उनके पिता खानचंद्र सिंह ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा- हम मिठाई और पटाखे लेकर आए थे। हमें पूरी उम्मीद थी कि बेटा वर्ल्ड कप खेलेगा। लेकिन, ऐसा हुआ नहीं। मिठाई-पटाखे रखे रह गए। रिंकू को 15 मेंबर्स वाली भारतीय टीम में जगह नहीं मिली है। वे रिजर्व प्लेयर शामिल किया गए है। यानी मुख्य स्क्वॉड का कोई खिलाड़ी अगर खिलाड़ी चोटिल होता है तो रिंकू को जगह मिल सकती है।

### रिंकू ने मां को फोन कर कहा- मैं सिलेक्ट नहीं हुआ

खानचंद्र ने कहा, उम्मीदें तो बहुत थी और इसलिए थोड़ा दुख भी है। हम जश्न मना रहे थे, क्योंकि हमने सोचा था कि रिंकू टी-20 वर्ल्ड कप के लिए भारतीय टीम में होगा। उसका दिल तो टूटा है। उसने अपनी मां से बात की और बताया कि उसका नाम 11 या 15 में नहीं है। यह भी बताया कि वो रिजर्व के तौर पर वेस्टइंडीज-अमेरिका जा रहा है।

आईपीएल- 2024

# पंजाब किंग्स की टीम पहुंची धर्मशाला, गगल हवाई अड्डे पर हुआ जोरदार स्वागत




**धर्मशाला, एजेंसी।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में 5 मई को चेन्नई सुपर किंग्स के साथ होने वाले मैच के लिए पंजाब किंग्स की टीम गुरुवार दोपहर बाद गगल एयरपोर्ट पर पहुंची। पंजाब की टीम ने चेन्नई से विशेष विमान से गगल हवाई अड्डे पर लैंड किया । यहां पर एचपीसीए के पदाधिकारियों ने खिलाड़ियों का स्वागत किया। इस दौरान प्रशंसकों में खिलाड़ियों के साथ सेल्फी व फोटो खिंचवाने के लिए होड़ लगी रही। यहां से खिलाड़ी सीधे कंडी स्थित रेडीसन ब्लू होटल रवाना हुए। वहीं चेन्नई सुपर किंग्स की टीम शुक्रवार को धर्मशाला आएगी। धर्मशाला में पंजाब और चेन्नई के बीच रविवार को आईपीएल का मैच खेला जाएगा। चेन्नई की टीम शुक्रवार दोपहर डेढ़ बजे धर्मशाला पहुंचेगी। इसके अलावा छह 6 को आरसीबी की टीम एक बजे गगल हवाई अड्डे पर उतरेगी।

### यह है पंजाब किंग्स की टीम

शिखर धवन (कप्तान), जितेश शर्मा (विकेटकीपर), जॉनी बेयरस्टो, रिले रोसौव, शशांक सिंह, आशुतोष शर्मा, हरप्रीत बराड़, हर्षल पटेल, कगिसो रबाडा, राहुल चाहर, अर्शदीप सिंह, प्रभसिमरन सिंह, ऋषि धवन, विधाथ कावेरप्पा, शिवम सिंह, प्रिंस चौधरी, विश्वनाथ सिंह, नाथन एलिस, अथर्व तायदे, तनय त्यागराजन, लियाम लिविंगस्टोन, सिकंदर रजा, क्रिस वोक्स, हरप्रीत सिंह भाटिया और सैम कुरेन।

### चेन्नई सुपर किंग की टीम

रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), एमएस धोनी (विकेटकीपर), अजिंक्य रहाणे, डेरिल मिशेल, मोइन अली, शिवम दुबे, रवींद्र जाडेजा, दीपक चाहर, तुषार देशपांडे, मुस्तफिजुर रहमान, मथीशा पथिराना, समीर रिज़्वी, शार्दुल ठाकुर, शेख रशीद, मिशेल सेंटनर, रचिन रवींद्र, अजय जादव मंडल, प्रशांत सोलंकी, मुकेश चौधरी, सिमरजीत सिंह, आरएस हैंगरगेकर, महेश थीक्षाना, निशांत सिंधु, अरवेल्ली अवनीश और रिचर्ड ग्लीसन।

उधर, धर्मशाला में पंजाब किंग्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच होने वाले मैच की टिकटों की ऑफलाइन बिक्री शुरू हो गई है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में पंजाब किंग्स इलेवन और चेन्नई सुपर किंग के बीच होने वाले मैच की टिकटों की ऑफलाइन बिक्री गुरुवार से शुरू हो गई। इसके लिए पंजाब किंग्स इलेवन फ्रैंचाइजी की ओर से स्टेडियम के बाहर बॉक्स ऑफिस पर टिकटों की बिक्री की गई। यह काउंटर सुबह 11:00 बजे खुला। यहां पहले आओ पहले पाओ के आधार पर टिकटें दी गईं।

एफआईएच प्रो लीग

# सविता की बजाय सलीमा टेटे को मिली महिला हॉकी टीम की कप्तानी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** मिडफील्डर सलीमा टेटे को अनुभवी गोलकीपर सविता पूनिया की जगह इस महीने के आखिर में होने वाले एफआईएच प्रो लीग के बेल्जियम और इंग्लैंड चरण के लिये भारत की 24 सदस्यीय महिला हॉकी टीम का कप्तान चुना गया है। नवनीत कौर को उपकप्तान बनाया गया है। सलीमा ने हॉकी इंडिया द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा, 'मुझे खुशी है कि टीम की कप्तानी दी गई है। यह बड़ी जिम्मेदारी है और मैं इसे लेकर उत्साहित हूं। हमारे पास मजबूत टीम है जिसमें अनुभवी और युवा खिलाड़ी हैं। उन्होंने कहा, 'एफआईएच प्रो लीग के आगामी बेल्जियम और इंग्लैंड चरण में हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे। हमें अपनी कमजोरियों से पार पाना है। सविता ओलंपिक क्वालीफायर और उसके बाद प्रो लीग मैचों में भारत की कप्तान रही थी। बेल्जियम में मैच 22 से 26 मई तक और इंग्लैंड में एक से नौ जून तक होंगे। भारत का सामना पहले चरण में दो बार अर्जेंटीना और बेल्जियम से होगा। लंदन चरण में टीम ब्रिटेन और जर्मनी से खेलेगी। भारत इस समय प्रो लीग तालिका में छठे स्थान पर है। सलीमा को हाल ही में हॉकी इंडिया सालाना पुरस्कारों में बलबीर सिंह सीनियर वर्ष की सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी का पुरस्कार मिला था।

### भारतीय महिला टीम :

गोलकीपर-सविता, बिछू देवी खारीबाम

डिफेंडर- निक्की प्रधान, उदिता, इशिका चौधरी, मोनिका, ज्योति छत्री, महिमा चौधरी

मिडफील्डर- सलीमा टेटे (कप्तान), वैष्णवी विट्ठल फाल्के, नवनीत कौर, नेहा, ज्योति, बलजीत कौर, मनीषा चौहान, लालरेम्सियामी

**फॉरवर्ड** - मुमताज खान, संगीता कुमारी, दीपिका, शर्मिला देवी, प्रीति दुबे, वंदना कटारिया, सुनेलिता टोप्पो, दीपिका सोरेंग

## आईपीएल 2024 के शेष लीग मैचों से बाहर हो सकते हैं मयंक




**लखनऊ, एजेंसी।** लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के तेज गेंदबाज मयंक यादव, जिन्हें मंगलवार को मुंबई इंडियंस (एमआई) के खिलाफ मैच के दौरान पेट में दर्द के कारण मैदान से बाहर जाना पड़ा, के आईपीएल 2024 के शेष लीग मैचों से बाहर होने की संभावना है।

मयंक को मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच के दौरान चोट लगी थी जिससे उनके आगे मैच खेलने पर संशय पैदा हो गया है। मयंक पिछले चार सप्ताह में दूसरी बार चोटिल हुए हैं। सूत्रों ने बताया, मंयक यादव के पूरी तरह ठीक होने में पहले की अपेक्षा अधिक समय लगेगा। वह बुरी स्थिति में नहीं हैं, लेकिन शेष मैचों में उनकी भागीदारी संदेह में है। बुधवार को उनका स्कैन किया गया है लेकिन रिपोर्ट आनी बाकी है। मेडिकल टीम ने मयंक यादव को कम से कम तीन सप्ताह के आराम का सुझाव दिया है।एलएसजी के मुख्य कोच जस्टिन लैंगर ने स्टार तेज गेंदबाज मयंक यादव की चोट पर अपडेट देते हुए कहा है कि परफेक्ट रिहैबिलिटेशन से गुजरने के बावजूद, युवा खिलाड़ी को अभी भी थोड़ी परेशान है। कोच ने कहा, ऐसा लगता है कि उसे एक बार फिर उसी जगह पर दर्द है। उसका पुनर्वास बिल्कुल सही रहा है, उसने पिछले कुछ हफ्तों में दर्द रहित गेंदबाजी की है, वह अच्छी स्थिति में दिख रहा है। हालांकि, उसे फिर थोड़ी परेशानी हुई है जिस पर जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। हालांकि, सूत्रों ने दावा किया कि मयंक एमआई के खिलाफ मैच के लिए फिट नहीं थे, लेकिन तीन सप्ताह में पांच मैच मिस करने के बाद प्लेइंग-11 में लौट आए क्योंकि कप्तान केएल राहुल उन्हें अपनी टीम में शामिल करना चाहते थे।

# चार भारतीय मुक्केबाज सेमीफाइनल में पहुंचे, पदक पक्का



**अस्ताना, एजेंसी।** भारतीय युवा मुक्केबाज आर्यन, यशवर्धन सिंह, प्रियांशु और साहिल ने बुधवार को कजाकिस्तान के अस्ताना में एएसबीसी एशियन अंडर-22 और यूथ बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2024 में आत्मविश्वास से भरी जीत के साथ सेमीफाइनल में प्रवेश किया और अपने लिए पदक पक्का कर लिया।

आर्यन ने 51 किग्रा वर्ग में उज्बेकिस्तान के जुराव शकरबॉय के खिलाफ 5-0 के सर्वसम्मत निर्णय से जीत के साथ भारत को बेहतरीन शुरुआत दी। उनकी जीत के बाद यशवर्धन (63.5 किग्रा) ने जीत हासिल की, जिन्होंने ईरान के मिरहमादी बाबाहेदरी पर 4-1 से जीत हासिल की। दूसरी ओर, प्रियांशु (71 किग्रा) और साहिल (80 किग्रा) को जरा भी पसीना नहीं बहाना पड़ा और उन्होंने क्रमशः चीनी ताइपे के वू यू एन और तुर्कमेनिस्तान के यकलीमोव अब्दिरहमा के खिलाफ रेफरी स्टॉप द कॉन्टेस्ट (आरएससी) के फैसले के साथ मुकाबला अपने नाम कर लिया।

इस बीच, जतिन ने 57 किग्रा वर्ग में अपना अभियान उज्बेकिस्तान के ए नोदिरबेक के खिलाफ 1-4 से हार के साथ समाप्त किया। यूथ सेमीफाइनल शुक्रवार को खेला जाएगा। आर्यन (92 किग्रा), निशा (52 किग्रा), आकांशा फलसवाल (70 किग्रा) और रुद्रिका (75 किग्रा) अपने-अपने युवा क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में आज उतरेंगे। मंगलवार देर रात जुगनू (86 किग्रा), तम्मना (50 किग्रा) और प्रीति (54 किग्रा) ने जीत हासिल कर अंडर-22 सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

गुरुवार को आठ अंडर-22 मुक्केबाज अपने क्वार्टर फाइनल मुकाबलों के लिए रिंग में उतरेंगे, एम जदुमणि सिंह (51 किग्रा), आशीष (54 किग्रा), निखिल (57 किग्रा), अजय कुमार (63.5 किग्रा), अंकुश (71 किग्रा) और ध्रुव सिंह। पुरुष वर्ग में (80 किग्रा) जबकि महिला वर्ग में गुड्डी (48 किग्रा) और पूनम (57 किग्रा) अपनी चुनौती रखेंगी। यूथ और अंडर-22 वर्ग का फाइनल क्रमशः 6 और 7 मई को खेला जाएगा।

## दीपक चाहर की चोट पर सीएसके के कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने दिया अपडेट

**चेन्नई, एजेंसी।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने तेज गेंदबाज दीपक चाहर की चोट के बारे में अपडेट दिया और कहा कि 31 वर्षीय खिलाड़ी अच्छे नहीं दिखते। बुधवार को पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के मुकाबले के दौरान चाहर गेंदबाजी करते समय चोट लगने के बाद मैदान से बाहर चले गए।

उन्हें दूसरी पारी का पहला ओवर दिया गया। दूसरी डिलीवरी के तुरंत बाद सीएसके के गेंदबाज ने कप्तान रुतुताज गायकवाड़ से बात की और अपने स्पेल में सिर्फ दो गेंदें फेंकने के बाद मैदान से बाहर चले गए। चाहर के स्पेल की बाकी चार गेंदें पूरी करने के लिए शार्दुल ठाकुर को बुलाया गया। मैच के बाद फ्लेमिंग ने कहा कि चाहर की चोट बहुत अच्छी नहीं थी। उन्होंने कहा कि सीएसके टीम प्रबंधन अधिक सकारात्मक रिपोर्ट की प्रतीक्षा कर रहा है। मुख्य कोच ने कहा कि तुषार देशपांडे इस समय फ्लू से पीड़ित हैं जिसके कारण उन्हें अंतिम एकादश में शामिल नहीं किया गया है। फ्लेमिंग ने कहा, दीपक चाहर अच्छे नहीं दिखते। शुरुआती अहसास अच्छा नहीं था। इसलिए हम और सकारात्मक रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं। फिजियो और डॉक्टर देखेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### पाकिस्तान में ब्लॉक किए जा रहे 5 लाख लोगों के सिम कार्ड

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान में 5 लाख से ज्यादा लोगों के सिम कार्ड ब्लॉक किए जा रहे हैं। ऐसा होने पर ये लोग फोन नहीं चला सकेंगे। अपने नंबर से किसी से बात नहीं कर सकेंगे। पीएम शहबाज शरीफ के नेतृत्व वाली सरकार ने पाकिस्तान टेलिकॉम्युनिकेश अथॉरिटी को यह आदेश दिया है कि वह इन नंबरों को ब्लॉक कर दे। यह ऐक्शन उन लोगों के खिलाफ लिया जा रहा है, जिन्होंने इनकम टैक्स रिटर्न फाइल नहीं किया है। यह ऐक्शन पीएम शहबाज शरीफ की ओर से वर्ल्ड इकॉनमिक फोरम में दिए भाषण के ठीक एक दिन बाद लिया जा रहा है। वैश्विक संस्था के मंच पर रियाद में शहबाज शरीफ ने कहा था कि पाकिस्तान ने अर्थव्यवस्था की मजबूती के लिए खर्च में कटौती की है। इसके अलावा कई आर्थिक सुधार किए गए हैं ताकि देश की अर्थव्यवस्था को संकट से उबारा जा सके। पाकिस्तान के फेडरल बोर्ड ऑफ रेवेन्यू ने टेलिकॉम्युनिकेश अथॉरिटी से कहा है कि वह सरकार यूजर्स के अलावा अन्य कंपनियों के ग्राहकों को भी ब्लॉक कर दे। यह ऐक्शन उन लोगों पर लिया जा रहा है, जो तमाम चेतावनी के बाद भी इनकम टैक्स रिटर्न फाइल नहीं कर रहे हैं। जानकारी के मुताबिक फेडरल बोर्ड ऑफ रेवेन्यू ने 5 लाख 6 हजार उन लोगों के खिलाफ ऐक्शन लिया है, जो टैक्स नहीं भर रहे हैं, जबकि वे उस दायरे में आते हैं। टेलिकॉम डिपार्टमेंट से कहा गया है कि इन 5 लाख लोगों के खिलाफ 15 मई तक ऐक्शन ले लिया जाए। शहबाज शरीफ सरकार का कहना है कि देश की जैसी हालत है, उसमें यह जरूरी है कि ज्यादा से ज्यादा लोगों को टैक्स के दायरे में लाया जाए और लोग ईमानदारी से दायर करें। पाकिस्तान में वित्त वर्ष 2023 के लिए अब तक 45 लााख लोगों ने ही आईटीआर फाइल किया है, जबकि 2022 का आंकड़ा 59 लाख से ज्यादा था। यही वजह है कि पाकिस्तान सरकार अब इनकम टैक्स न चुकाने वाले लोगों पर ऐक्शन मोड में आ गई है।

### सऊदी अरब ने कर दिया कमाल- रेगिस्तान में बसाया जादुई शहर, होगा लंदन से 17 गुना बड़ा

**रियाद, एजेंसी।** अरब के रेगिस्तानों के बियाबानों की कहानियां अक्सर हमने सुनी है और फिल्मों में देखी भी है। मगर अरब के रेगिस्तानों की सूरत पूरी तरह बदल गई है। सऊदी अरब रेगिस्तानों का सीना चीर उन पर लंबी-लंबी सड़कें बना रहा है। आस-पास के टापुओं पर शानदार शहर बसा रहा है। पाम आइलैंड जैसे नए टापुओं का निर्माण कर रहा है। कुछ भी नहीं उगा पाने वाले जो रेगिस्तान अरब वासियों के लिए शाप थे, आज उसी रेगिस्तान की सैर करने के लिए लाखों में सैलानी अरब देश पहुंच रहे हैं। अब सऊदी अरब सैलानियों ने के लिए एक ऐसा शहर बसाने जा रहा जो लंदन से 17 गुना बड़ा होगा। सऊदी अरब 500 अरब डॉलर की लागत से तैयार निओम मेगासिटी का पहला हिस्सा इस साल तक सैलानियों के लिए खोल देगा। यहां आए सैलानी सिंदलाह में तैयार किए जाने वाले द्वीप रिसॉर्ट का अनुभव कर सकेंगे और वहां तैयार किए गए भव्य होटलों में से एक में ठहर सकेंगे। 500 बिलियन डॉलर की निओम मेगासिटी प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के ड्रीम प्रोजेक्ट्स में से एक है। क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान द्वारा योजनाबद्ध यह द्वीप मिडिल ईस्ट के सबसे महत्वाकांक्षी मेगा सिटी डेवलपमेंट में से एक है। इसे तैयार करने वाले इस मेगा सिटी को लाल सागर के एक खास दरवाजे के रूप में पेश किया है। सिंदालाह प्रोजेक्ट को 2017 में क्राउन प्रिंस बिन सलमान द्वारा लॉन्च किया गया था। पूरी तरह तैयार हो जाने के बाद यह स्मार्ट सिटी 26,500 वर्ग किमी के क्षेत्र में फैल जाएगी, जो लंदन के आकार का लगभग 17 गुना है। अरब न्यूज के अनुसार, रविवार को चीनी निवेशकों के दौरे के अंत में यह खुलासा किया गया कि सिंदलाह इस साल जनता के लिए खुलेगा। यहां कई तरह की सुविआएं आने वाले लोगों को मुहैया कराई जाएंगी। यहां चमकदार रिसॉर्ट में बीच क्लब, यॉट क्लब, स्पा और वेलनेस सेंटर और 51 लक्जरी रिटेल आउटलेट, साथ ही 400 से अधिक कमरे और 300 सुइट्स वाले तीन भव्य होटल और एक बड़ा मरीना शामिल होगा।

### लेबनान के गांवों पर इजरायली हमले में 1 की मौत, 3 घायल

**बेरूत, एजेंसी।** लेबनान के सैन्य सूत्रों ने मीडिया को बताया कि दक्षिणी लेबनान में गांवों पर इजरायली हवाई हमलों में एक हिजबुल्लाह लड़ाका मारा गया और तीन नागरिक घायल हो गए। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, सूत्रों ने बुधवार को बताया कि एक इजरायली युद्धक विमान ने लेबनान में दक्षिण के गांव टायर हर्फा में दो मिसाइलें दागीं, जिससे एक घर नष्ट हो गया और घर के अंदर एक हिजबुल्लाह लड़ाका मारा गया। सूत्रों के अनुसार, एक अन्य हवाई हमले में दक्षिण-पूर्व के गांव अडेसेह को निशाना बनाया गया, जिसमें तीन नागरिक घायल हो गए। सैन्य सूत्रों ने बताया कि इजरायली युद्धक विमानों ने बुधवार को दक्षिणी लेबनान में सीमा क्षेत्र के पूर्वी और मध्य सेक्टरों में तीन कस्बों और गांवों पर सिलसिलेवार हवाई हमले किए। 7 अक्टूबर को इजराइल पर हमास के हमले के साथ एकजुटता में लेबनानी सशस्त्र समूह हिजबुल्लाह ने इजरायल की ओर रॉकेटों की बौछार की। इसके के बाद 8 अक्टूबर 2023 को लेबनान-इजरायल सीमा पर तनाव बढ़ गया। इजरायल ने जवाबी कार्रवाई करते हुए दक्षिणपूर्वी लेबनान की ओर भारी तोपखाने से गोलीबारी की। लेबनानी सुरक्षा सूत्रों के अनुसार, हिज़्बुल्लाह और इज़राइल के बीच टकराव में लेबनानी पक्ष के 445 लोग मारे गए हैं।

# फिटनेस इंस्ट्रक्टर को 11 साल की जेल, मानवाधिकार संगठन का आरोप- सोशल मीडिया पोस्ट के लिए हुई सजा

**दुबई, एजेंसी।** मुस्लिम देश सऊदी अरब महिला अधिकारों के दमन को लेकर जाना जाता है। हाल के सालों में महिलाओं के लिए कई सुधार किए हैं। फिर भी काफी हद तक यह देश पीछे ही है। दरअसल, यहां एक 29 साल की फिटनेस इंस्ट्रक्टर को उसके कपड़ों और सोशल मीडिया पर पोस्ट किए जाने को लेकर 11 साल की जेल की सजा सुनाई गई है। हालांकि, इंस्ट्रक्टर के बचाव में मानवाधिकार संगठन एमनेस्टी इंटरनेशनल उतर आया है। उसने सऊदी अरब से महिला को सजा से रिहा किए जाने को कहा है। साथ ही देश की पुरुष को बढ़ावा देने वाली प्रणाली को खत्म करने का आग्रह किया है।



**जनवरी में सुनाई गई थी सजा :** संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय के अनुरोध पर सऊदी अरब के औपचारिक जवाब सामने आने पर लंदन स्थित एमनेस्टी ने मंगलवार को कहा कि मनाहेल अल-ओतैबी को जनवरी में सजा सुनाई गई थी।एमनेस्टी और लंदन स्थित अल-क्यूस्ट का कहना है कि ओतैबी पर आरोप लगाया गया था कि उसने सोशल मीडिया पर पुरुष संरक्षकता को खत्म करें पोस्ट किया और साथ ही उसके वीडियो सामने आए, जिसमें उसने ढंग के कपड़े नहीं पहने थे।

हालांकि, इन सब पर जब एक न्यूज एजेंसी ने सऊदी अरब के अंतरराष्ट्रीय मीडिया कार्यालय से जानकारी लेनी चाहिए, तो सवालों का जवाब नहीं दिया गया।

**सऊदी अरब ने किया इनकार :** वहीं, सऊदी अरब ने संयुक्त राष्ट्र के अधिकार कार्यालय को अपने औपचारिक जवाब में इस बात से इनकार किया कि अल-ओतैबी को सोशल मीडिया पोस्ट के लिए सजा सुनाई गई थी। इसमें कहा गया कि उन्हें आतंकवादी अपराधों के लिए दोषी ठहराया गया था, जिसका उनके विचारों और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के प्रयोग या उनके सोशल मीडिया पोस्ट से कोई लेना-देना नहीं है।

**ओतैबी की बहन पर भी आरोप :** एमनेस्टी के अनुसार, अल-ओतैबी की बहन फौजिया पर भी इसी तरह के आरोप लगाए गए हैं, लेकिन 2022 में पूछताछ के लिए बुलाए जाने के बाद वह सऊदी अरब से भाग गई थी। सऊदी अरब पर एमनेस्टी के प्रचारक बिसान फकीह ने कहा कि ऐसी सजाओं के चलते सऊदी ने हाल के वर्षों में महिला अधिकार सुधारों की योजना के खोखलेपन को उजागर किया है। महिलों की बात को दबाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता का प्रदर्शन किया है।

**मोहम्मद बिन सलमान ने किया था बदलाव लाने का वादा :** सऊदी अरब एक कट्टर इस्लामिक देश है, जो पहले वहाबी विचारधारा का सबसे बड़ा समर्थक था। पर साल 2017 में सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने महिलाओं की स्थिति में बदलाव लाने का वादा किया और सत्ता में आ गए। हालांकि, सत्ता में आने के बाद उन्होंने पुरुष संरक्षकता कानूनों में कुछ प्रतिबंधों में ढील दी। इससे महिलाओं के गाड़ी चलाने का अधिकार, पासपोर्ट प्राप्त करने और अकेले यात्रा करने का अधिकार मिल गया। हालांकि, भारतीय नागरिकता की तुलना में सऊदी महिलाओं को ज्यादातर क्षेत्रों में पुरुषों के बराबर का दर्जा नहीं है।

### मेक्सिको की खाड़ी में मिला दुनिया का सबसे गहरा ताम जा ब्लू होल, नहीं जा सका है कोई गोताखोर व सबमरीन

**मेक्सिको सिटी, एजेंसी।** मेक्सिको में दुनिया सबसे गहरा ब्लू होल मिला है। यह मेक्सिको के युकाटन प्रायद्वीप के चेतुमल खाड़ी में है। इसका नाम है 'ताम जा ब्लू होल'। अभी तक वैज्ञानिक इसकी गहराई नाप नहीं पाए हैं लेकिन शुरुआती गणना के अनुसार ये करीब 1,380 फीट गहरा है और समुद्र के नीचे की सतह में है। इससे पहले सबसे गहरे गड्ढे का रिकॉर्ड दक्षिणी चीन सागर में मौजूद ड्रैगन होल के नाम था। यह 990 फीट गहरा था। जबकि, ताम जा ब्लू होल चीन के गड्ढे से 390 फीट ज्यादा गहरा है। पिछले वर्ष छह दिसंबर को गोताखोरों ने इस गड्ढे को ढूंढ निकाला था। इस संबंध में बीते 29 अप्रैल को फ्रंटियर्स इन मरीन साइंस जर्नल में एक रिपोर्ट प्रकाशित हुई थी। वैज्ञानिकों ने इसकी गहराई नापने के लिए कंडक्टिविटी, टेंपरेचर एंड डेप्थ प्रोफाइलर (सीटीडी) तकनीक का इस्तेमाल किया। इससे समंदर के नीचे की सतह का रियल टाइम डेटा मिलता है। जिससे पता चलता है कि यह दुनिया का सबसे गहरा ब्लू होल है। जिसकी तलहटी तक अभी कोई गोताखोर या सबमरीन जा नहीं पाई है। सीटीडी प्रोफाइलर से यह भी पता चला है कि 1,312 फीट की गहराई में इस गड्ढे से कई गुफाएं और सुरंगें भी निकलती हैं। जो आपस में जुड़ी हुई हैं। यहां पर तापमान और सैलिनिटी यानी नमक की मात्रा कैरिबियन सागर की तरह है। ये जमीन के अंदर गड्ढे होते हैं, जो बाद में नीचे सुरंगों का जाल से जुड़े होते हैं या फिर कभी-कभी नहीं भी जुड़े होते।

### पाकिस्तानी सुरक्षाबलों ने मार गिराए टीटीपी के दो आतंकवादी




**पेशावर, एजेंसी।** सुरक्षा कर्मियों ने तहरीक-ए-तालिबान (टीटीपी) के दो आंतकवादियों को मार गिराया है। ये प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ के मंत्रिमंडल के एक वरिष्ठ सदस्य की पंजाब में हत्या करने की साजिश में संलिप्त थे। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पंजाब पुलिस के आंतकवाद रोधी विभाग (सीटीडी) ने एक बयान जारी कर बताया कि मारे गए आतंकवादियों की पहचान अदील उर्फ शैफुल्लाह खोरसानी और जैन उर्फ असदुल्लाह खोरसानी के तौर पर की गई है। बयान के मुताबिक टीटीपी के दोनों सदस्य उस समय मारे गए जब उन्हें प्रांतीय राजधानी लाहौर से करीब 400 किलोमीटर दूर बहावलपुर जिले में उनके द्वारा छिपाए हथियारों की निशानदेही कराने के लिए ले जाया जा रहा था। सीटीडी के प्रवक्ता ने बताया, '' दोनों आतंकवादी संघीय मंत्री रियाज हुसैन पीराजादा की हत्या की साजिश रचने के मामले में संलिप्त थे। पीरजादा को पूर्व प्रधानमंत्री और पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज के अध्यक्ष नवाज शरीफ का करीबी माना जाता है। प्रवक्ता ने बताया कि दोनों आतंकवादियों को कुछ दिन पहले बहावलपुर के हासिलपुर इलाके में हत्या के एक मामले की जांच के दौरान गिरफ्तार किया गया था और वे पुलिस की हिरासत में थे। उन्होंने बताया, ''गत रात दोनों आतंकवादियों को छिपाए गए हथियारों की निशानदेही के लिए लाया गया था, तभी उनके साथियों ने सीटीडी की टीम पर गोलीबारी शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई के दौरान निशानदेही के लिए लाए गए दोनों आतंकवादी मारे गए जबकि अन्य फरार होने में सफल रहे। प्रवक्ता के मुताबिक मारे गए आतंकवादियों ने पीरजादा की हत्या के लिए टीटीपी के चार सदस्यों की टीम बनाई थी।

### चीन में सड़क धंसने से मरने वालों की संख्या बढ़कर 36 हुई

**शेन्ज़ेन (चीन), एजेंसी।** चीन के गुआंग्डोंग प्रांत में सड़क धंसने से मरने वालों की संख्या बढ़कर 36 हो गई। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने गुरुवार को बताया कि सड़क धंसने से नीचे गिरे तीन और वाहनों की तलाश जारी है। चीनी मीडिया ने पहले 24 मौतों की खबर दी थी। इस क्षेत्र में कई दिनों से भारी बारिश हो रही है, जिसके चलते मेइझोउ-डाबू एक्सप्रेस वे पर मेइझोउ शहर के पास सड़क का 18 मीटर लंबा हिस्सा धंस गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने स्थानीय मीडिया को बताया कि उन्होंने जोरदार आवाज सुनी और सड़क पर कई मीटर चौड़ा एक गड्ढा देखा, जो धंसा हुआ था। दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। बता दें कि गुआंगडोंग प्रांत में असामान्य रूप से भारी बारिश हो रही है। पर्ल नदी में बाढ़ आ गई है। गुआंगजौ के कस्बों और गांवों में बाढ़ का अलर्ट जारी किया गया है। एक सरकारी बयान के अनुसार, हादसे में 30 लोग घायल हुए हैं। गुआंगदोंग प्रांत के कुछ हिस्सों में पिछले दो हफ्तों में बारिश और बाढ़ आने के साथ ही ओलावृष्टि हुई है। पिछले सप्ताहांत प्रांत की राजधानी गुआंगझोऊ में एक तूफान में पांच लोगों की मौत हुई थी। ऐसा प्रतीत होता है कि बारिश के कारण राजमार्ग के नीचे की जमीन धंस गई और इस वजह से सड़क का एक हिस्सा भी धंस गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने स्थानीय मीडिया को बताया कि उन्हें तेज आवाज सुनाई दी जिसके बाद उन्होंने वहां एक बड़ा गड्ढा देखा।

# ब्रिटेन पहुंचे हजारों शरणार्थियों को भेजा जाएगा रवांडा, हिरासत में लिए जाने की कार्रवाई शुरू

**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटेन की संसद ने हाल ही में विवादित रवांडा डिपोर्टेशन विधेयक पारित किया था। ऋषि सुनक ने प्रधानमंत्री बनने से पहले रवांडा पॉलिसी लागू करने का वादा किया था। अब इसी के तहत जुलाई की शुरुआत में ब्रिटेन से अवैध शरणार्थियों के पहले जत्थे को रवांडा भेजना शुरू किया जाएगा। इसके लिए यहां की सरकार ने शरणार्थियों को हिरासत में लिए जाने का काम शुरू कर दिया है। गृह मंत्री जेम्स क्लेवरली ने कहा, हमारी प्रवर्तन टीमें उन लोगों को तेजी से हिरासत में लेने के लिए गति से काम कर रही हैं, जिन्हें यहां रहने का कोई अधिकार नहीं है। हिरासत में लेने के बाद इन्हें रवांडा भेजा जाएगा।

**शरणार्थियों को रोकना सरकार की प्राथमिकता :** बता दें कि हाल के सालों में हजारों की संख्या में लोग गरीबी और युद्ध की मार से परेशान होकर अफ्रीका, मिडिल




ईस्ट और एशियाई देशों से ब्रिटेन पहुंचे हैं। ये लोग अपनी जान जोखिम में डाल छोटी-छोटी नौकाओं से इंग्लिश चैनल पार कर ब्रिटेन पहुंचते हैं। इन शरणार्थियों को रोकना ब्रिटेन सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकता रही है। हालांकि, आलोचकों का कहना है कि शरणार्थियों को रवांडा भेजना अमानवीय है। ब्रिटिश सुप्रीम कोर्ट भी शरणार्थियों को रवांडा डिपोर्ट करने की पॉलिसी को गैरकानूनी करार दिया है। प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने हाल ही में यूरोप से छोटी नौकाओं से पहुंचने वाले प्रवासियों को लेकर कहा था कि इन लोगों पर रोक लगाने के लिए पहले हिरासत में लिया जाएगा। उसके बाद इन्हें अगले 10 से 12 सप्ताह में रवांडा भेजा जाएगा। चैरिटी फ्रीडम फ्रॉम टॉर्चर ने सरकार के कार्यों की निंदा की। साथ ही कहा कि इस सरकार ने मानवता को खो दिया है।

**ब्रिटेन की रवांडा पॉलिसी विवादित क्यों है :** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक की रवांडा पॉलिसी लगातार विवादों में बनी हुई है। वह अवैध रूप से ब्रिटेन आने वालों के लिए बनाई गई रवांडा पॉलिसी को लेकर कई बार घिर चुके हैं। ब्रिटेन की रवांडा पॉलिसी उन शरणार्थियों पर लागू कर रहे हैं, जो इंग्लिश चैनल पार करके आ रहे हैं। ये वे लोग हैं, जो अवैध तरीके से ब्रिटेन पहुंचते हैं। ब्रिटिश नेशनलिटी एंड बॉर्डर्स एक्ट के मुताबिक, केवल उन्हीं लोगों को देश में शरण मिल सकती है, जो वैध ढंग से आए हों और यूरोप के किसी देश के रहने वाले हों। लेकिन ज्यादातर लोग युद्ध में घिरे देशों से भागकर आए हैं। ब्रिटेन उन्हें वापस भगाकर खुद को क्रूर नहीं दिखा सकता। यही वजह है कि उसने रवांडा के साथ ऐसा करार किया, जिससे वहां आए अवैध लोग रवांडा डिपोर्ट किया जाए।

**दोनो देशों के बीच हुआ था समझौता :** बता दें कि अप्रैल 2022 में ब्रिटेन और रवांडा के बीच असाइलम पॉलिसी पर एग्रीमेंट हुआ था। इस एग्रिमेंट के जरिए ब्रिटेन ने रवांडा को 12 करोड़ पाउंड दिए थे। इस पैसे से रवांडा में रहने वाले लोगों के लिए घर और काम का बंदोबस्त करना था।

# हिंदुओं की बेटियों का जबरन धर्मांतरण किया जा रहा है : पाकिस्तान सीनेटर

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के सीनेटर दानेश कुमार ने पाकिस्तान के सिंध प्रांत में हिंदू लड़कियों के जबरन अपहरण और धर्मांतरण की ओर लोगों का ध्यान खींचा है। दानेश ने सीनेट सत्र को संबोधित करते हुए कहा, हिंदुओं की बेटियां कोई लूट का माल नहीं हैं कि कोई जबरन उनका धर्म बदलवा दे। सिंध में हिंदू लड़कियों को जबरन इस्लाम में धर्मांतरण कराया जा रहा है। मासूम पूजा कुमारी का अपहरण हुए दो साल हो गए। सरकार इन प्रभावशाली लोगों के खिलाफ कार्रवाई नहीं करती।

उन्होंने कहा कि हिंदू लड़कियों का जबरन अपहरण और धर्मांतरण प्रभावशाली लोगों और धार्मिक समूहों द्वारा किया जा रहा है, जिन्हें राजनीतिक दलों का समर्थन हासिल है। उनका अपहरण कर जबरन इस्लाम कबूल करवाया जाता है और उनकी शादी मुस्लिम पुरुषों से करा दी जाती है।

दानेश ने कहा कि बहाना बनाया जा रहा है कि नाबालिग हिंदू लड़कियां अपनी मर्जी से धर्म परिवर्तन कर रही हैं। उन्होंने कहा, प्रभावशाली धार्मिक समूहों को लगता है कि धर्मांतरण से वो ये साबित करना चाहते हैं



कि इस्लाम के प्रति उनका पक्का समर्पण है, जबकि इस्लाम की शिक्षा इसकी इजाजत नहीं देती। दानेश ने एक ऐसा मुद्दा उठाया है जो वर्षों से पाकिस्तान में चल रहा है। कई वैश्विक निकायों ने धार्मिक अल्पसंख्यकों की चल रही पीड़ा पर गंभीर आपत्तियां और चिंताएं जताई हैं। अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय की लड़कियों का जबरन अपहरण, धर्मांतरण और मुस्लिम पुरुषों से शादी करने के अनगिनत मामले सामने आए हैं।

संयुक्त राष्ट्र (यूएन) ने हाल ही में पाकिस्तान में अल्पसंख्यक समुदायों की युवा महिलाओं और लड़कियों की सुरक्षा में कमी को खतरनाक स्थिति बताते हुए पाकिस्तान की आलोचना की थी। संयुक्त राष्ट्र ने कहा था, ईसाई और हिंदू लड़कियों को जबरन धर्म परिवर्तन, अपहरण, तस्करी, बाल विवाह, जबरन शादी, घरेलू दास्तां और यौन हिंसा का शिकार होना पड़ता है।

कमजोर और कम उम्र की लड़कियों की सुरक्षा में सरकार और कानूनी एजेंसियों की विफलता पर संयुक्त राष्ट्र के विशेषज्ञों ने कहा है कि जबरन विवाह को धार्मिक या सांस्कृतिक आधार पर उचित नहीं ठहराया जा सकता।

# आस्ट्रेलियाई मंत्री ने भारतीय जासूसों को निष्कासित करने बारे टिप्पणी से किया इनकार

**मेलबर्न, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलियाई सरकार के एक वरिष्ठ मंत्री ने बुधवार को उन खबरों पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया जिनमें कहा गया था कि चार साल पहले दो भारतीय जासूसों को गुप्त रूप से ऑस्ट्रेलिया से निष्कासित कर दिया गया था। हालांकि, मंत्री ने कहा कि भारत के साथ द्विपक्षीय संबंध अच्छे हैं और हाल के वर्षों में उनमें और सुधार हुआ है। एक टेलीविजन साक्षात्कार के दौरान ऑस्ट्रेलिया के वित्त मंत्री (ट्रेजरर) जिम चाल्मर्स से पूछा गया कि क्या दो जासूसों के गोपनीय तरीके से निष्कासन संबंधी 'ऑस्ट्रेलियाई न्यूज मीडिया और 'द वाशिंगटन पोस्ट की खबरों के बाद भारत को ऑस्ट्रेलिया का मित्र माना जा सकता है।

चाल्मर्स ने 'ऑस्ट्रेलियन ब्रॉडकास्टिंग कॉर्पोरेशन से कहा, ''मैं किसी भी तरह से इस तरह के मुद्दों में नहीं पड़ना चाहता। उन्होंने कहा, ''भारत के साथ और इस क्षेत्र के अन्य देशों के साथ हमारे अच्छे संबंध हैं, दोनों पक्षों के प्रयासों के परिणामस्वरूप हाल के वर्षों में यह और घनिष्ठ हुआ है और यह अच्छी बात है। प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज और विदेश मंत्री पेनी वोंग ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में भारत द्वारा कथित जासूसी के बारे में सवालों को टाल दिया और कहा कि वे खुफिया मामलों पर टिप्पणी नहीं करते हैं। भारत ऑस्ट्रेलिया का एक महत्वपूर्ण व्यापारिक भागीदार है,



जो चीन पर अपनी आर्थिक निर्भरता को कम करने की कोशिश कर रहा है।

भारत और ऑस्ट्रेलिया भी क्वाड सुरक्षा वार्ता के सदस्यों के रूप में घनिष्ठ सैन्य संबंध विकसित कर रहे हैं। क्वाड (चतुष्पक्षीय सुरक्षा संवाद) में अमेरिका और जापान भी शामिल हैं। 'द वाशिंगटन पोस्ट, 'द सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड और 'ऑस्ट्रेलियन ब्रॉडकास्टिंग कॉर्प ने अज्ञात सुरक्षा अधिकारियों का हवाला देते हुए जासूसों की पहचान भारत की खुफिया एजेंसी 'रिसर्च एंड एनालिसिस विंग के कर्मियों के रूप में की है। ऑस्ट्रेलिया में भारतीय उच्चायोग ने इस संबंध में अभी कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

# राफा में नरसंहार रोकने की कोशिश; नेतन्याहू को मनाने में जुटा अमेरिका, हमास भी अड़ा

राफा, एजेंसी। दक्षिण गाजा के शहर राफा में नरसंहार का खतरा लगातार मंडरा रहा है। इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू किसी भी कीमत पर हमास के खिलाफ जंग नहीं छोड़ने की बात दोहरा चुके हैं। उन्होंने अब राफा में ऑपरेशन शुरू करने की बात कही है। राफा में गाजा से भाग आए 10 लाख शरणार्थी हैं। नेतन्याहू के ऐलान के बाद अमेरिका समेत पूरी दुनिया को नए नरसंहार का डर है। इसलिए अमेरिका समेत कई देश हमास और इजरायल को मनाने में जुटे हैं। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने पहले हमास अधिकारियों को अलर्ट किया कि उनके पास डील मानने का अभी भी वक्त है। उधर, बुधवार को ब्लिंकन ने नेतन्याहू से भी मुलाकात की। दोनों नेताओं के बीच मुलाकात का मुख्य मकसद राफा में जंग रोकना है।

अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने बुधवार को इज़रायल में प्रधान मंत्री नेतन्याहू से मुलाकात की, यह पश्चिम एशिया दौरे पर उनका नवीनतम पड़ाव है। राष्ट्रपति बाइडेन इज़रायल को दक्षिणी गाजा के एक शहर राफा पर हमला करने से रोकने की कोशिश कर रहे हैं, जहां लाखों फिलिस्तीनियों ने गाजा युद्ध के दौरान शरण ले रखी है। ब्लिंकन और बाइडेन प्रशासन सिर्फ इजरायल ही नहीं हमास से भी बंधकों को मुक्त करने के लिए नई डील पर सहमत होने का आह्वान कर रहे हैं।



महीनों से चल रही वार्ता

नई डील में मुख्य बाते हैं- छह सप्ताह का युद्धविराम और कुछ फ़िलिस्तीनी कैदियों की रिहाई। अमेरिकी अधिकारियों का कहना है कि उन्हें उम्मीद है कि अस्थायी युद्धविराम से स्थायी युद्धविराम हो सकेगा। हालांकि अमेरिका की उम्मीदों को तब झटका लगा जब नेतन्याहू ने बंधकों के परिवारवालों से मुलाकात के दौरान कसम खाई कि वे जल्द ही राफा में नया ऑपरेशन शुरू करेंगे। नेतन्याहू के ऐलान से अब नए कत्लेआम का खतरा पैदा हो गया है। युद्धविराम वार्ता महीनों से रुकी हुई है और इज़रायली अधिकारियों ने कहा है कि वे अपनी मांगें कम करने पर सहमत हुए हैं। वे अब हमास से कम से कम 33 नागरिकों को मुक्त कराने पर राजी हैं, जिन्हें तत्काल मेडिकल सुविधा की आवश्यकता है।

हमास पर भी दबाव बना रहा अमेरिका उधर, अमेरिका ने गाजा में संघर्ष विराम समझौते के लिए हमास पर भी दबाव बनाना शुरू कर दिया है। हमास के अधिकारी काहिरा में मिस्र के मध्यस्थों से बात कर रहे हैं। इस बीच गाजा के दक्षिणी शहर राफा में इजरायली हवाई हमलों में 26 लोग मारे गये। अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने हमास से अपील की कि वह नए प्रस्ताव को स्वीकार कर ले जो इजरायल की ओर से दिया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### सूक्खू सरकार ने अतुल वर्मा को बनाया हिमाचल का नया डीजीपी



**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की सूक्खू सरकार ने आईपीएस अतुल वर्मा को राज्य का नया पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) बनाया है। अतुल वर्मा 1991 बैच के आईपीएस हैं। वर्तमान में वह सीआईडी के प्रमुख की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। प्रदेश सरकार ने दो माह पहले अतुल वर्मा को सीआईडी का महानिदेशक नियुक्त किया था। वह कुछ महीने पहले केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से लौटे हैं। अतुल वर्मा झारखंड के मूल निवासी हैं। उनकी तैनाती संजय कुंडू की जगह हुई है। संजय कुंडू पिछले कल डीजीपी पद से सेवानिवृत्त हुए हैं। अतुल वर्मा के डीजीपी पद पर नियुक्ति बारे में प्रदेश सरकार ने बुधवार को अधिसूचना जारी की है। सूक्खू सरकार ने दो वरिष्ठ आईपीएस अफसरों को किया किनारे खास बात यह है कि प्रदेश की सुखविंदर सिंह सूक्खू की सरकार ने नए डीजीपी की नियुक्ति में दो वरिष्ठ आईआईएस अफसरों को नजरअंदाज किया है। वरिष्ठता क्रम में राज्य कैडर के दो अफसर उनके ऊपर हैं। इनमें 1989 बैच के आईपीएस डीजी जेल एवं सुधारात्मक सेवाएं एसआर ओझा हैं। वह डीजीपी बनने की दौड़ में सबसे आगे थे। हाल ही में डीजीपी कुंडू के छुट्टी जाने पर सरकार ने एसआर ओझा को ही 13 दिनों के लिए डीजीपी का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया था। ओझा की कुछ माह पहले ही केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से वापसी हुई है। वह केंद्रीय प्रतिनियुक्ति के दौरान सीआरपीएफ में एडीजीपी के पद पर तैनात थे। ओझा के बाद वरिष्ठता में वर्ष 1990 बैच के आईपीएस श्याम भगत नेगी हैं। हालांकि वह भी केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर नई दिल्ली में हैं।

### अलवर जिला आबकारी अधिकारी 3 लाख की रिश्वत लेते पकड़ा, एसीबी ने की कार्रवाई

**अलवर, एजेंसी।** राजस्थान में एसीबी ने अलवर जिला आबकारी अधिकारी सुरेश यादव को 3 लाख की रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा है। एसीबी ने देर रात यह कार्रवाई की है भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने बुधवार रात जिला आबकारी अधिकारी सुरेश कुमार यादव को 3 लाख रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया। आबकारी अधिकारी ने शराब ठेकेदार से गोदाम की लोकेशन पास करने की एवज में रिश्वत राशि ली थी। तीन लाख रुपए वह पहले ही ले चुका था और हर महीने 30 हजार रुपए मांग रहा था। एसीबी की कार्रवाई के बाद आबकारी विभाग में हड़कंप मच गया। आरएएस सुरेश कुमार अहीर आबकारी अधिकारी जिला अलवर को परिवादी से 3 लाख रुपए रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों पकड़ा गया। अधिकारी के सरकारी निवास पर देर रात तक कार्रवाई जारी रही। एसीबी को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि उसकी लाईसेंसशुदा शराब की दुकान के गोदाम की लोकेशन पास करने की एवज में आरोपी सुरेश कुमार अहीर द्वारा 6 लाख रुपये की रिश्वत राशि की मांग कर परेशान किया जा रहा है।

### चोरों ने लगा दिया जहर का इंजेक्शन, 3 दिन तक तड़पने के बाद पुलिसकर्मी ने तोड़ा दम

**मुंबई, एजेंसी।** मुंबई में एक पुलिस कॉन्स्टेबल की बुधवार को मौत हो गई है। मध्य रेलवे के पुलिस उपायुक्त ने इस बात की पुष्टि की है। खबर है कि चोरों के एक समूह ने कथित तौर पर उन्हें जहरीले पदार्थ का इंजेक्शन लगाया था, जिसके बाद से लगातार उनकी तबियत बिगड़ रही थी। इधर, पुलिस ने आरोपियों को पकड़ने के लिए कई टीमें तैयार कर दी हैं। ठाणे के रहने वाले कॉन्स्टेबल विशाल पवार वर्ली लोकर आर्म्स डिवीजन में तैनात थे। वह तीन दिनों से अस्पताल में भर्ती थे। खबर है कि 28 अप्रैल को चोरों और नशेड़ियों के एक गिरोह ने उनपर हमला कर दिया था और कथित तौर पर जहरीला इंजेक्शन लगा दिया था, जिसके बाद से उनकी तबियत बिगड़ने लगी थी। इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के अनुसार, उपायुक्त मनोज पाटिल का कहना है, इलाज के दौरान पवार की स्थिति बिगड़ती गई और बुधवार को उनकी मौत हो गई। रिपोर्ट में इस मामले की जांच कर रहे दादर गवर्नमेंट रेलवे पुलिस (जीआरपी) के एक कर्मी के हवाले से बताया गया है कि घटना उस समय की है, जब पवार लोकल ट्रेन के जरिए सिविल कपड़ों में ड्यूटी के लिए जा रहे थे।

### गाजीपुर में एसएसएफ जवान की अचानक हुई मौत, ड्यूटी पर उठा था सीने में दर्द

**गाजीपुर, एजेंसी।** गाजीपुर के रेवतीपुर के सुहवल निवासी 53 वर्षीय उमाकांत राय मध्य प्रदेश के स्पेशल आर्म्स फोर्स (एसएएफ) के 23 वीं बटालियन में हेड कांस्टेबल के पद पर तैनात थे। ड्यूटी के दौरान सीने में दर्द होने के बाद मृत्यु हो गयी। इसकी सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मध्य प्रदेश पुलिस जवान उमाकांत राय उम्र करीब 53 वर्ष का पार्थिव शरीर लेकिर बुधवार को सुहवल पहुंची। जवान का पार्थिव शरीर गांव पहुंचते ही परिवार में कोहराम मच गया। वहीं गांव में सन्नाटा पसर गया। पत्नी सुमिता राय व मां दुर्गावती देवी सहित अन्य परिजनों का रो- रोकर बुरा हाल था। मृतक जवान का अंतिम दाह संस्कार गाजीपुर स्थित शमशान घाट पर किया गया, जहां ग्रामीणों, पुलिस के जवानों ने उन्हें अंतिम विदाई दी। प्रवीण राय ने पिता को मुखाग्नि दी। मृतक जवान के पुत्र प्रवीण राय ने बताया कि वह एक भाई व एक बहन है। बड़ी बहन अंजली राय पीएचडी का कोर्स कर रही है। जबकि वह खुद अभी वर्तमान समय में बीटेक की पढ़ाई कर रहा है।

# बंगाल की आसनसोल सीट पर कभी वामपंथियों का था बोलबाला, 2019 में भाजपा जीती

**आसनसोल, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव 2024 के लिए दो चरणों का मतदान हो चुका है। आगामी 7 मई को तीसरे चरण का मतदान किया जाना है। पश्चिम बंगाल में इस बार भाजपा पूरा जोर लगा रही है कि 2019 से बेहतर प्रदर्शन कर सके। उधर, ममता बनर्जी की टीम की पूरी कोशिश है कि वह अपने गढ़ में भाजपा को बुरी तरह हराए। इस बार लोकसभा चुनाव में आसनसोल पश्चिम बंगाल की हॉट सीटों में एक है। इसका इतिहास काफी रोचक है। यह सीट कभी माकपा का गढ़ हुआ करती थी। अब इस सीट पर भाजपा और तृणमूल कांग्रेस के बीच वर्चस्व की जंग चल रही है। 2019 में भाजपा जरूर जीती लेकिन, 2022 उपचुनाव में टीएमसी बाजी मार गई। इस सीट पर 13 मई को मतदान होना है। आसनसोल लोकसभा सीट पर 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने जीत दर्ज की थी। बाबुल सुप्रियो के भाजपा छोड़ने के बाद सीपीआई के इस किले में टीएमसी ने 2022 के उपचुनाव में सेंध लगाई। अभिनेता से नेता बने शत्रुघ्न सिन्हा इस सीट पर विजयी हुए। टीएमसी ने एक बार फिर उन पर दांव लगाया है। वहीं उप-चुनाव में सीट गंवाने वाली भाजपा ने जीत पक्की करने के लिए भाजपा नेता एसएस आहलूवालिया को मैदान में उतारा है। दोनों दल दावा कर रहे कि वे इस बार रिकॉर्ड वोटों से जीत दर्ज करेंगे।



**आहलूवालिया पर भाजपा को कितना विश्वास :** एसएस आहलूवालिया 2014 के आम चुनाव में दार्जलिंग और 2019 के चुनाव में बर्दवान-दुर्गापुर सीट से चुनाव जीत चुके हैं। हालांकि असानसोल लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत सात सीटें आती हैं। इसमें से पांडवेश्वर, रानीगंज, जमूरिया, आसनसोल उत्तर, बारबानी पर तृणमूल कांग्रेस का कब्जा है। वहीं दो सीटें कुल्टी व आसनसोल दक्षिण पर भाजपा का कब्जा है।

**शत्रुघ्न सिन्हा पर ममता को पूरा भरोसा :** उधर, आसनसोल से चुनाव लड़ रहे शत्रुघ्न सिन्हा ने कहा है कि जनता मुझे रिकॉर्ड बहुमत से संसद पहुंचाएगी। मेरी जीत का पिछला रिकॉर्ड भी इस बार टूट जाएगा। आसनसोल संसदीय क्षेत्र से लगातार पिछड़ रही तृणमूल की जीत का सपना शत्रुघ्न सिन्हा ने ही साकार किया है। 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में तृणमूल कांग्रेस के नेताओं ने विजेता बनने के लिए काफी मेहनत की थी। हालांकि भाजपा ने यहां बाजी मार ली थी।

**रोचक रहा है इतिहास :** सीपीआईएम के गढ़ में तृणमूल की सेंध सीट पर पहला चुनाव 1957 में हुआ था। 1957 और 1962 का चुनाव कांग्रेस ने 1967 में संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी जीती थी। कांग्रेस चार जबकि सीपीअईएम नौ बार जीती है। 1989 से 2009 तक लगातार सात बार सीपीआईएम जीती। भाजपा के टिकट पर 2014 और 2019 का चुनाव बाबुल सुप्रियो जीते। सुप्रियो के भाजपा छोड़ने के बाद सीपीआईएम के किले में तृणमूल ने 2022 के उपचुनाव में पहली बार सेंध लगाई और शत्रुघ्न सीट से सांसद चुने गए। सुप्रियो दो बार भाजपा के टिकट पर जीते बाबुल सुप्रियो मार्च 2014 में भाजपा में शामिल हुए थे। 2014 के आम चुनाव में भाजपा ने इन्हें आसनसोल से मैदान में उतारा और इन्होंने तृणमूल कांग्रेस की उम्मीदवार डोला सेना को हरा दिया। केंद्र सरकार में इन्होंने शहरी विकास और आवास और शहरी कार्य मंत्रालय और भारी उद्योग मंत्रालय संभालने की जिम्मेदारी भी संभाली। 2019 की सरकार में इन्हें पर्यावरण राज्य मंत्री बनाया गया। 31 जुलाई 2021 को इन्होंने पार्टी से इस्तीफे की घोषणा कर दी और 18 सितंबर 2021 को अभिषेक बनर्जी के नेतृत्व में तृणमूल का दामन थाम लिया। 16 अप्रैल 2022 को बालीगंज विधानसभा सीट से विधायक बने और ममता सरकार ने इन्हें मंत्री बनाया।भाजपा ने भोजपुरी संगीतकार पवन सिंह को मैदान में उतारा था लेकिन बाद में उन्होंने नाम वापस ले लिया था। शत्रुघ्न सिन्हा 1992 के लोकसभा उप-चुनाव में राजेश खन्ना के खिलाफ पहली बार चुनाव लड़े थे, इस चुनाव में वह 25 हजार मतों से हार गए थे।

# भीषण गर्मी के चलते तेलंगाना में मतदान का समय बदला, कांग्रेस की मांग पर चुनाव आयोग ने लिया फैसला



**हैदराबाद, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव 2024 के बीच देश के अधिकांश राज्यों में भीषण गर्मी का कहर जारी है। मौसम विभाग ने आगामी दिनों के लिए तीसरे और अगले सभी चरणों के दौरान भी लू के थपेड़ों की भविष्यवाणी की है। भीषण गर्मी के कारण पहले और दूसरे चरण के मतदान पर भी फर्क पड़ा है। ऐसे में चुनाव आयोग ने दक्षिण भारतीय राज्य तेलंगाना में मतदान का समय बदल दिया है। बता दें कि कांग्रेस पार्टी ने दो दिन पहले चुनाव आयोग से इस संबंध में दरख्वास्त की थी। आशंका जताई थी कि गर्मी के कारण लोग वोट डालने से परहेज कर सकते हैं। मौसम विभाग ने भी लोगों को घर पर ही रहने की सलाह दी है। तेलंगाना की सभी 17 लोकसभा सीटों के लिए आगामी 13 मई को वोट डाले जाएंगे। चुनाव आयोग ने गुरुवार को घोषणा की कि तेलंगाना राज्य में वोटिंग की टाइमिंग एक घंटा बढ़ाई जाएगी। पहले वोटिंग का समय सुबह सात बजे से शाम 5 बजे था, लेकिन अब वोट सुबह सात बजे से शाम 6 बजे तक डाले जा सकेंगे। तेलंगाना में आगामी 17 तारीख को करीमनगर, निज़ामाबाद, जहीराबाद, मेडक, मल्काजगिरी, सिकंदराबाद, हैदराबाद, चेवेल्ला, महबूबनगर, नगरकुर्नूल (एससी), नलगोंडा और भोंगिर लोक में मतदान किया जाना है। चुनाव आयोग के नए निर्देशों के मुताबिक, मतदान का नया समय आदिलाबाद लोकसभा सीट के पांच विधानसभा क्षेत्रों, पेद्दापल्ले सीट के तीन, वारंगल (एससी) सीट के छह, महबुबाबाद (एसटी) सीट के तीन और खम्मम लोकसभा सीट के पांच विधानसभा क्षेत्रों में भी लागू होगा। आईएमडी ने 4 मई से राज्य में गंभीर लू के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। दो दिन पहले तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष जी निरंजन ने चुनाव आयोग को लिखे पत्र में मतदान का समय बढ़ाने की मांग की थी। उन्होंने कहा था कि 13 विधानसभा क्षेत्रों को छोड़कर मतदान का समय सुबह सात बजे से शाम पांच बजे के बीच है जबकि 17 संसदीय क्षेत्रों में सुबह सात बजे से शाम चार बजे तक ही चुनाव होंगे।

# वास्तु दोष हटाने के नाम पर बार-बार रेप, आरोपी को गिरफ्तार

**सूरत, एजेंसी।** गुजरात में एक 42 साल की महिला के साथ फेसबुक पर बने उसके एक दोस्त ने हैवानियत की सारी हदें पार कर दीं। आरोपी ने वास्तु दोष हटाने के नाम पर बार-बार महिला का रेप किया। उसने उसकी अश्लील तस्वीरें भी अपने फोन में खींच ली, जिसे वायरल करने की धमकी देकर वह उसे ब्लैकमेल करता रहा और अपनी हवस की आग मिटाता रहा। पुलिस ने 44 साल के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। वह खुद को वास्तु एक्सपर्ट बताया था। उसकी पहचान राहुल पांड्या के रूप में हुई है। यह सूरत का मामला है। रिपोर्ट के मुताबिक, पीड़िता और आरोपी की बातचीत साल 2021 में फेसबुक पर शुरू हुई थी। दोनों के बीच धीरे-धीरे दोस्ती हो गई। एक दिन महिला ने आरोपी राहुल पांड्या को अपनी आर्थिक समस्याओं के बारे में बताया। इस पर राहुल ने कहा कि उसे वास्तु शास्त्र की जानकारी है और वह उसकी सारी समस्याओं को दूर कर सकता है। महिला ने उस पर भरोसा कर लिया और उसे अपने घर बुलाया। राहुल पांड्या महिला के घर पहुंचा और उसे बताया कि बाथरूम और बेडरूम वास्तु के हिसाब से सही जगह पर नहीं है।

# अमित शाह के फेक वीडियो मामले में पुलिस के सामने पेश हुए तेलंगाना सीएम रेवंत रेड्डी के वकील

**हैदराबाद, एजेंसी।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी की वकील बुधवार को दिल्ली पुलिस के सामने पेश हुईं। रेवंत रेड्डी ने कहा कि कांग्रेस नेता का अमित शाह के भाषण में छेड़छाड़ कर वीडियो बनाने या पोस्ट करने से कोई लेना-देना नहीं है। रेड्डी को कथित तौर पर सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर वीडियो पोस्ट करने को लेकर दिल्ली पुलिस ने समन जारी किया था। उन्होंने तेलंगाना में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधा।

मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि आरक्षण के मुद्दे को लेकर भाजपा पर सवाल उठाने की वजह से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने उनके खिलाफ प्रतिशोधपूर्ण रवैया अपनाया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि वे 'डीपफेक वीडियो' बनाने वाले की पहचान करने के करीब हैं, लेकिन संदिग्ध तक पहुंचने से पहले उन्हें इसे अपलोड करने या अग्रेषित करने वाले अन्य लोगों के बारे में



सत्यापन करना होगा। पुलिस ने कथित तौर पर उक्त वीडियो साझा करने के मामले में विभिन्न विपक्षी दलों के पांच और लोगों को भी नोटिस जारी किया है। कांग्रेस के एक प्रवक्ता ने बुधवार को बताया कि पार्टी की झारखंड इकाई प्रमुख राजेश ठाकुर को भी जांच के सिलसिले में दिल्ली पुलिस ने दो मई को तलब किया है। ठाकुर ने कहा, ''मुझे मंगलवार को दिल्ली पुलिस से नोटिस मिला। लेकिन, यह मेरी समझ से परे है कि मुझे नोटिस क्यों दिया गया। यह अराजकता के अलावा कुछ नहीं है।'' सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कथित तौर पर 'फर्जी वीडियो' पोस्ट करने के मामले में कांग्रेस की तेलंगाना इकाई के प्रमुख और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के चार अन्य सदस्यों के खिलाफ समन जारी होने के बाद रेड्डी की वकील बुधवार को दिल्ली पुलिस के समक्ष पेश हुईं। समन में उनसे बुधवार पूर्वाह्न 10 बजकर 30 मिनट पर जांच से जुड़ने के लिए कहा गया था। एक अन्य पुलिस सूत्र ने बताया, ''पुलिस अब भी उन लोगों के जवाब का इंतजार कर रही है जिन्हें आज बुलाया गया था। आने वाले दिनों में एक दर्जन और लोगों के सामने आने की उम्मीद है। उत्तर प्रदेश के कुछ लोगों से बृहस्पतिवार को पूछताछ किए जाने की उम्मीद है। रेड्डी की वकील ने दिल्ली पुलिस के समक्ष दिए जवाब में कहा कि उनका ''मुवक्किल तेलंगाना कांग्रेस नाम के 'एक्स' हैंडल का संचालन नहीं करता है और इसलिए वह आपके द्वारा मांगी गई जानकारी प्रदान करने में असमर्थ है।'' उन्होंने यह भी कहा कि दिल्ली पुलिस का नोटिस 'प्रतीत होता है' गलत दिशा में ले जाने के लिए और उससे इसे तुरंत वापस लेने का अनुरोध किया। वकील ने जवाब में कहा, ''आपका यह आरोप कि आपके एक्स/ट्विटर हैंडल पर आपके द्वारा ट्वीट/रीट्वीट किया गया वीडियो पूर्वाग्रह से ग्रस्त और गलत है। स्पष्ट रूप से कहती हूं कि मेरे मुवक्किल का कथित वीडियो बनाने, अपलोड करने या ट्वीट/रीट्वीट करने से कोई लेना-देना नहीं है।'' वकील ने कहा कि रेड्डी का ट्विटर हैंडल रेवंत अलुमुला है और उनके हैंडल से 'कथित वीडियो ट्वीट या रीट्वीट' नहीं किया गया है।

रेड्डी ने तेलंगाना के निजामाबाद लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में बुधवार को एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि उनके खिलाफ दिल्ली में मामला केंद्रीय गृह मंत्रालय की शिकायत के आधार पर दर्ज किया गया है।

# मंगलसूत्र, मछली और मुस्लमान के मुद्दे पर चुनाव लड़ रही भाजपा, परेशानी छुपाने मेकअप लगा रहे मोदी -पवन खेड़ा

**रायपुर, एजेंसी।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राजनेता पवन खेड़ा ने प्रेस वार्ता में कहा छत्तीसगढ़ में ट्रेनों को लेकर बड़ी समस्या है। ट्रेनें चल नही रही है जिससे यहां के लोग भूखे प्यासे परेशान बैठे रहते है छत्तीसगढ़ के लोगो के साथ जो अन्याय हो रहा है यह सब सुनकर उन्हें बड़ी परेशानी होती है।

पवन खेड़ा ने कहा लोक सभा चुनाव में दो चरणों का मतदान संपन्न हो चुका है । दो चरणों से पहले जो चार सौ पार का नारा लगाते घूम रहे थे दोनो चरणों के मतदान के बाद उनकी हवाइयां उड़ी हुई है। मोदी जी कितना भी मेकअप कर ले उनके चहेरे पर परेशानी साफ दिखाई दे रही है।

चुनावी मुद्दों को लेकर पवन खेड़ा ने कहा कांग्रेस पार्टी लोगों के जिंदगी से जुड़े मुद्दे नौकरी, किसान, आरक्षण, संविधान, महिला सुरक्षा को लेकर चुनाव लड़ रही है वही बीजेपी मंगलसूत्र,मछली,मुसलमान इन मुद्दों को लेकर चुनाव लड़ रही है। पवन खेरा ने बीजेपी पर तंज कसते हुए कहा बीजेपी 10 साल तक शासन में रही



है। लेकिन उनके पास बोलने के लिए मंगलसूत्र,मछली,मीट, मुसलमान सिर्फ यही चार शब्द है। उन्होंने कहा बीजेपी का रिपोर्ट कार्ड कहां है। पिछले 10 साल में बेरोजगारी,महंगाई का रिकॉर्ड क्यों टूटा इसके बारे में बीजेपी को बताना चाहिए।

**बीजेपी की मंशा है संविधान बदलना :** पवन खेड़ा ने कहा कि जब आप 275 सीटों से सरकार बना सकते है फिर क्यों बीजेपी 400 पर का नारा लगा रही है। उन्होंने कहा बीजेपी संविधान को बदलना चाहती है बीजेपी के कई प्रत्याशी बोल चुके है हमें 400 सीट दीजिए हम संविधान बदल देंगे। बिना 400 सीटें पाए आप संविधान नही बदल सकते इसलिए बीजेपी 400 पार का नारा लगा रही है।

**बीजेपी की नीतियों में खोट,सरकार चलाने के काबिल नहीं :** कांग्रेस राजनेता पवन खेड़ा ने कहा बीजेपी की नियत और नीतियों में खोट है। पिछले 10 सालों में सरकार ने लोगों के साथ धोखा किया है। किसानों का न्याय,महिलाओं के साथ बलात्कार, व्यवसायियों की आत्महत्या ये आंकड़े बताते है कि धोखा कितना बड़ा और गंभीर हुआ है।उन्होंने कहा बीजेपी प्रचार करने के काबिल है सरकार चलाने के काबिल नही है। दस करोड़ की परियोजनाओं में सिर्फ तीन करोड़ जनता की भलाई में खर्च करते है और बाकी बचे सात करोड़ प्रचार पर खर्च करते है। अगर आप चाहते है आगे भी चुनाव हों इस तरह प्रेसवार्ता हो हम लोग यहां बैठे हो जेल में ना हो और आप लोग खुलकर सवाल पूछ सके। इसलिए इस बार बदलाव आवश्यक है।

# मुंबई में गर्मी को लेकर येलो अलर्ट, कई जिलों में लू से होगा लोगों का हाल बेहाल

**मुंबई, एजेंसी।** देश भर में गर्मी से लोगों का बेहाल है। वहीं महाराष्ट्र में भी सूरज आग उगल रहा है। राज्य में तापमान चरम पर पहुंच गया है। गर्मी का यह दौर अगले कुछ दिनों तक जारी रहेगा। महाराष्ट्र में मौसम विभाग ने लू का अलर्ट जारी किया है। मुख्य रूप से मुंबई, ठाणे, रायगढ़, पुणे, औरंगाबाद, उस्मानाबाद, जालना और नांदेड़ जिलों में हीटवेव का अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि वे जरूरी होने पर ही बाहर निकलें और बाहर निकलते समय टोपी, रुमाल, स्कार्फ, चश्मा पहनें और पानी की बोतल अपने साथ रखें।

मौसम विभाग की मानें तो कोंकण और मध्य महाराष्ट्र को छोड़कर मराठवाड़ा से विदर्भ तक छिटपुट बारिश होने की संभावना है। अगले दो दिनों तक कोंकण के कुछ जिलों में मौसम गर्म और उमस भरा रहेगा। मुंबई और रायगढ़ में आज और ठाणे में अगले दो दिनों तक लू चलने की संभावना है। अगले दो दिनों तक मध्य महाराष्ट्र के कुछ जिलों में लू चलने की संभावना है। मराठवाड़ा, औरंगाबाद, जालना और नांदेड़ में अगले दो दिनों तक लू चलने की संभावना है। मौसम विभाग ने कोंकण, गोवा, मध्य महाराष्ट्र और मराठवाड़ा के कुछ जिलों में येलो अलर्ट जारी किया गया है।

**इन जिलों में बारिश के आसार :** मराठवाड़ा के लातूर, उस्मानाबाद में अलग-अलग स्थानों पर हल्की बारिश होने की संभावना है। विदर्भ में अकोला और



बुलढाणा को छोड़कर अन्य जिलों में तेज हवाओं के साथ गरज, बिजली और बारिश की संभावना है। पुणे और उसके आसपास अगले कुछ दिनों तक आसमान साफ रहेगा, अगले दो दिनों तक पुणे में लू चलने की आशंका है। वहीं 2 मई से 6 मई तक आसमान साफ रहने की संभावना है। मौसम विभाग की मानें तो पुणे का तापमान फिर बढ़ेगा।

**कैसा रहेगा मुंबई का मौसम :** बुधवार को भी ठाणे, रायगढ़, मुंबई में गर्मी को लेकर येलो अलर्ट दिया गया है। वर्तमान में मध्य महाराष्ट्र में दक्षिण-दक्षिण पवन विच्छेदन प्रणाली बनी हुई है। इससे हवा की गति धीमी हो गई है। ऐसे में रात और सुबह के समय गर्मी महसूस हो रही है। अगले दो-तीन दिनों तक स्थिति ऐसी ही रहेगी और मध्य महाराष्ट्र, मराठवाड़ा में रात का तापमान बढ़ने की संभावना है।

# आधी मुंबई बनेगी एकनाथ शिंदे -उद्धव की गवाह, पहली बार कांग्रेस को वोट देंगे ठाकरे

**मुंबई, एजेंसी।** मुंबई की छह लोकसभा सीट पर चुनावी मुकाबलों के लिए तलवारें खिंच गई हैं, जहां एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना और उद्धव ठाकरे की शिवसेना (यूबीटी) तीन सीट पर आमने-सामने होंगी। मुंबई की दो सीट पर चिर प्रतिद्वंद्वियों भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और कांग्रेस के बीच मुकाबला होगा जबकि एक सीट पर शिवसेना (यूबीटी) और भाजपा आमने-सामने होंगी।

मुंबई के छह निर्वाचन क्षेत्रों में मुंबई दक्षिण, मुंबई दक्षिण-मध्य, मुंबई उत्तर, मुंबई उत्तर-मध्य, मुंबई उत्तर-पूर्व, मुंबई उत्तर-पश्चिम शामिल हैं। ये महाराष्ट्र की उन 13 सीट में शामिल हैं, जिन पर 20 मई को लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में मतदान होगा। मुंबई दक्षिण, मुंबई दक्षिण-मध्य और मुंबई उत्तर-पश्चिम में शिवसेना और शिवसेना (यूबीटी) के बीच मुकाबला होगा, जबकि मुंबई उत्तर-पूर्व में भाजपा और शिवसेना (यूबीटी) आमने-सामने होंगी।

**कहां कौन उम्मीदवार :** मुंबई दक्षिण में, उद्धव ठाकरे की पार्टी के मौजूदा सांसद अरविंद सावंत का मुकाबला शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना की यामिनी जाधव से होगा। जाधव मुंबई के भायखला विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं। मुंबई दक्षिण-मध्य में शिवसेना (यूबीटी) के नेता अनिल





देसाई का मुकाबला शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना के राहुल शेवाले से है। देसाई हाल तक राज्यसभा सदस्य थे, वहीं शेवाले मौजूदा लोकसभा सांसद हैं। मुंबई उत्तर-पश्चिम में ठाकरे खेमे के अमोल कीर्तिकर का मुकाबला सत्तारूढ़ शिवसेना के रवींद्र वायकर से होगा। वायकर पहले शिवसेना (यूबीटी) में थे और हाल ही में शिंदे खेमे में शामिल हुए हैं। वह फिलहाल मुंबई में जोगेश्वरी पूर्व विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं।

कांग्रेस की मुंबई इकाई की अध्यक्ष और विधायक वर्षा गायकवाड़ मुंबई उत्तर-मध्य में भाजपा के उम्मीदवार प्रसिद्ध वकील उवल निकम के खिलाफ चुनाव लड़ेंगी, जबकि केंद्रीय मंत्री और भाजपा के दिग्गज नेता पीयूष गोयल मुंबई उत्तर में कांग्रेस के भूषण पाटिल से मुकाबला करेंगे। गायकवाड़ मुंबई में धारावी विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं जबकि गोयल राज्यसभा सदस्य हैं।

मुंबई उत्तर-पूर्व में भाजपा के मिहिर कोटेचा का मुकाबला शिवसेना (यूबीटी) के संजय दीना पाटिल से होगा। कोटेचा मुंबई के मुलुंड विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं। नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद, गायकवाड़ ने उद्धव ठाकरे से मुलाकात की। गायकवाड़ ने कहा कि ठाकरे ने उन्हें अपना समर्थन देने का वादा किया और कहा कि उन्हें एक सांसद के रूप में दिल्ली भेजा जाएगा। यह पहली बार होगा कि ठाकरे किसी कांग्रेस उम्मीदवार को वोट देंगे क्योंकि बांद्रा स्थित उनका आवास मुंबई उत्तर-मध्य निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत आता है। कांग्रेस और शिवसेना 2019 तक मुंबई में पारंपरिक रूप से राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी रहे थे। वरिष्ठ पत्रकार प्रकाश अकोलकर ने कहा, प्रतिद्वंद्वी होने के बावजूद, दोनों पार्टियों ने सत्ता में आने के अवसरों को लेकर रणनीतिक समझ कायम की है, खासकर मुंबई नगर निकाय में। उन्होंने कहा कि जमीनी स्तर पर जो तस्वीर उभर रही है।

सात्विक प्रो0 प्रा0 लि0 कोलकता, पं0 बंगाल के लिए प्रकाशक और मुद्रक निभा रंजन सुमन द्वारा स्वप्नोनीर अपार्टमेंट, राजरहाट, कोलकता तथा दलादिली सिमलिया से मुद्रित। संपादक - निभा रंजन सुमन 7033777771 स्थानीय संपादक पवन कुमार सिन्हा 7091094434 सभी तरह के विवादों का निपटारा रांची व्यवहार न्यायालय में होगा।